ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

रांची का तापमान
अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार | 09.10.2023 | वर्ष 10, अंक 276

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है !


## नेक इरादा निभा रहे वादा

# सिंचाई की सुविधा से समृद्ध होंगे किसान




## देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत

# सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना

## शिलान्यास समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील सोरेन**
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा क्षेत्र

**श्री निशिकान्त दुबे**
माननीय सांसद, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र

**श्री इरफान अंसारी**
माननीय विधायक, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र

**श्री रणधीर कुमार सिंह**
माननीय विधायक, सारठ विधानसभा क्षेत्र

**मुख्य बातें -**

**₹484.35** करोड़ से होगा निर्माण

**13,164 हे०** कुल सिंचित क्षेत्र

**1,11,174** कुल लाभान्वित ग्रामीण

**27** कुल लाभान्वित पंचायत

**190** कुल लाभान्वित गाँव

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे
स्थान : ग्राम - सिकटिया, प्रखण्ड - सारठ, जिला - देवघर

PR-308646 (Water Resource) 23-24

जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

## दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन सीओ का लिया प्रभार, कहा...

# पूरी पारदर्शिता के साथ होगा पाटन अंचल का काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश पर प्रशिक्षु उपसमाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन अंचल में सीओ का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर सरकार द्वारा अधिसूचित पाटन के सीओ लाल बाबू और अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक सुशील कुमार शर्मा सहित सभी अंचलकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपना पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थापित सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने कहा

कि पाटन अंचल के कार्यों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। गौरतलब है कि पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के आदेश पर जिले के डीसी शशि रंजन ने पाटन सीओ के रूप में दीपक कुमार मिश्रा का पदस्थापना किया है। डीसी ने अपने आदेश में कहा है कि आयुक्त पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर के पत्रांक 631 दिनांक 15.09.2023 के द्वारा निर्देश दिया गया है कि लाल बाबू अंचल अधिकारी पाटन से राजस्व संबंधी एवं ऑनलाइन कार्य नहीं कराया जाए। केवल दैनिक एवं स्थापना संबंधी कार्य कराया जाए। अतः उक्त निदेश के आलोक में जनहित में दीपक कुमार मिश्रा परिक्ष्यमान उपसमाहर्ता पलामू अपने कार्यों के अतिरिक्त अगले आदेश तक अंचल अधिकारी पाटन के राजस्व संबंधी एवं ऑनलाइन कार्यों का भी संपादन करेंगे। लाल बाबू अंचल कार्यालय पाटन के मात्र दैनिक कार्य एवं स्थापना संबंधी कार्यों का निष्पादन करेंगे। डीसी के आदेश के आलोक में दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन सीओ का पदभार पिछले दिनों ग्रहण कर लिया।

## पुलिस ने कुंवर बांध में छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** छत्तरपुर सर्किल इंस्पेक्टर वीर सिंह मुंडा के नेतृत्व में रविवार को पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया।इस दौरान पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत कुंवर बांध में चल रहे एक अवैध शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। शराब माफिया मिट्टी की दीवार और झोपड़ी बनाकर व्यापक पैमाने पर शराब का निर्माण कर रहे थे। स्थल पर शराब बनाने के लिए प्लास्टिक के कई ड्रम में महुआ, गुड़ तथा पानी डाला हुआ पाया गया। जबकि महुआ और गुड़ बोरे में पैक कर भी रखा गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद 6 ड्रम जावा महुआ सहित शराब बनाने के उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया । हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गये । बावजूद पुलिस इस धंधे में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है । छापेमारी अभियान में एएसआई सुरेन्द्र सिंह, संजय मिंज सहित आईआरबी के कई जवान शामिल थे।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजन किया जाना है। इसके तहत रविवार को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा पाल्हे कला के क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय ने शहर में लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शाखा प्रबंधक ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व पेशेवर जीवन में नैतिक मानकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रति जागरूक किया। सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए शाखा प्रबंधक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के द्वारा 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोग किसी व्यक्ति के बहकावे में ना आए। अनेक बार कई बातें सामने आती है कि बैंक में ऋण दिलाने के नाम पर लोग ग्रामीण जनों से पैसा ले लेते हैं। ऐसे लोगों से आप परहेज करें किसी को एक पैसा ना दें किसी के बहकावे में आप लोग नहीं आए। श्री पाण्डेय ने कहा कि भ्रष्टाचार की ओर ले जाने वाली सभी समस्याएं प्रत्येक व्यक्ति के लालच और अवास्तविक सपनों से पैदा हुई है, जिससे लालच पर अंकुश लगेगा और भ्रष्टाचार कम होगा। श्री पांडे ने कहा कि सतर्कता बरतिये ठगी से बचिए।मौके पर बैंक स्टॉफ सहायक शाखा प्रबंधक मनोज आइंद, एफओ अमित कुमार, दफ्तरी राजदेव सिंह खरवार, सीबीआई बीसी विजेद्र कुमार चौबे, अमित कुमार चौबे, ग्रामीण बांके बिहारी, डॉ शशिकांत शुक्ला,जोखू प्रसाद, बैजनाथ राम,चंद्रभूषण चौबे,अब्दुल अंसारी, विनोद विश्वकर्मा,सुरेश विश्वकर्मा,बलराम विश्वकर्मा, हकीम खां,राजेश चौबे, शशि तिवारी,संतोष राम, आनंद कुमार,मुख्तार अंसारी,रहमान अंसारी सहित बड़ी अन्य लोग मौजूद थे।

## सरकारी राशि की लूट, स्वयंसेवक ने पीएम आवास के पैसे हड़पे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू):** रामगढ पंचायत में स्वयंसेवक धीरज कुमार जायसवाल ने दो लाभुकों के हजारों रूपए रखे है निर्माण पूरा करने में आ रही परेशानी पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को पूरा करने की जिम्मेदारी पंचायत स्वयंसेवक को दी गई है। बावजूद उनके द्वारा लाभुकों के खाते में आई राशि को निकालकर योजना को लंबित रखने की कोशिश की जा रही है। रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत क्षेत्र से ऐसा मामला सामने आया है। स्वयंसेवक धीरज कुमार जायसवाल द्वारा 1 साल पहले लाभुक यशोदा देवी पति प्रदीप भुइयां की तीसरी किस्त के रूप में आए 52 हजार रूपए खाते से निकलवा कर अपने पास रख लिया गया है। इसी तरह से विमली देवी

पति सुगन भुइयां की दूसरी किस्त की 85 हजार की राशि स्वयंसेवक निकालकर अपने पास रखे हुए है। लाभुक मकान को पूरा करने की बात कहते हैं, लेकिन स्वयंसेवक के पास पैसे रहने के कारण निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं।शनिवार को दोनों लाभुकों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक उनके खाते में आए पैसे उनसे निकलवा कर अपने पास रख लिए हैं। बार-बार मांगने के बाद भी आजकल देने को कहा जाता है। मकान पूरा करना चाहते हैं लेकिन पैसे नहीं मिलने के कारण पूरा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से स्वयंसेवक से सरकारी पैसे दिलाने की अपील की है।

## पासवान समाज जिला पलामू के द्वारा कार्य समिति की बैठक हुई सम्पन्न

### स्व. रामविलास पासवान के दिये हुए पद चिन्हों पर चले : रामेश्वर राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौडीहा बाजार/पलामू :** आज दिन रविवार को पसवना समाज पलामू जिला के द्वारा पेंशनर भवन में कार्य समिति के बैंक बुलाई गई एव स्वर्गीय रामविलास पासवान की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। सबसे पहले सभी प्रखंड से आए सदस्यों ने पासवान के प्रतिमा के ऊपर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं इस कार्य समिति की बैठक में संगठन को मजबूती के लिए। सदस्यता अभियानकी समीक्षा, सर्वे कार्य, संगठन पदाधिकारी एवं सदस्यों के मासिक शुल्क पर चर्चा संगठन के आय-व्यय की समीक्षा,इत्यादि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। लोगों के संबोधित करते हुए पासवान समाज जिला अध्यक्ष रामेश्वर राम(उर्फ छठन)ने स्वर्गीय रामविलास पासवान की जीवनी के बारे में बताया कि रामविलास पासवान ने अपने राजनीतिक जीवन में विश्व गिनीज किताबों में अपना नाम दर्ज कराया एवं पासवान समाज को पूरे विश्व में नाम बताया है उन्होंने सभी समाज के आगे बढ़ने का कार्य किया है उनके दिए हुए पद चीन्हों

पर हम सभी को चने की जरूरत है इस बैठक में मौजूद पसवना समाज पलामू जिला प्रमण्डल संयुक्त सचिव अनिरूद्ध पसवना, उपाध्यक्ष शिशंकर पसवाना, संरक्षक, भागेश्वर पासवान, जिला अध्यक्ष रामेश्वर राम, उपाध्यक्ष चतर्गुन, राम, सचिव पंकज पासवान, कार्यकारी सचिव बीरेन्द्र पासवान, संयुक्त सचिव शंकर,संगठन सचिव जितेंद्र पासवान, सूबा पासवान, कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र राम, नौडीहा बाज़र प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, हुसैनाबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बिमलेश पासवान, सचिव भारत पासवान, सुदामा पासवान, जय गोबिन्द पासवान, आदि थे।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के जिला अध्यक्ष बने लवकुश प्रजापति

**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गढ़वा स्थित नामधारी कॉलेज में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का एक आपातकालीन बैठक किया गया। इस बैठक में गढ़वा जिला के सभी स्वयंसेवक प्रखंड अध्यक्ष एवं कई स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे । इसके साथ ही इस बैठक में नए सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें गढ़वा जिला के जिला अध्यक्ष लवकुश प्रजापति को बनाया गया । जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद चौबे, जिला सचिव रविंद्र कुमार सोनी, जिला उप सचिव रामप्रवेश राम, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र राम, जिला मीडिया प्रभारी पुष्प रंजन बने। इस बैठक में उपस्थित राज किशोर सिंह, निरंजन कुमार पाठक ,शंभू ठाकुर, नारद कुमार प्रजापति, उमेश यादव, विवेकानंद चौबे सहित अन्य स्वयं सेवक संघ उपस्थित हैं।

## समाज में सरकारी शिक्षा के प्रति लोगों में व्याप्त धारणा को बदले : मनोज सिंह

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्कूल के प्रांगण में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय अधिवेशन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष सतीश दुबे व उपाअध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी , ने किया। अधिवेशन में संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षकों से जुड़े समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सह समाजसेवी मनोज कुमार सिंह उपस्थित थ। मनोज सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने आप में विशिष्ट होतें है जिनके सानिध्य में प्रलय तथा निर्माण पलते हैं। इसलिए अब सरकारी शिक्षकों पर ये महत्ती जिम्मेवारी है कि समाज में सरकारी शिक्षा के प्रति लोगों मे व्याप्त धारणा को बदलें। सम्मेलन में संघ के पदाधिकारीयो का चयन किया गया । जिसमे संघ के अध्यक्ष सतीश दुबे ,उपाअध्यक्ष भीम राम , मनीष कुमार तिवारी , दिगंबर कुमार ,साकेत कुमार शुक्ला , पिंकी कुमारी , सुभाष वेद सचिव आलोक कुमार तिवारी ,संयुक्त सचिव कृष्णा चौधरी ,अभिषेक कुमार सिंह , अनुपम तिवारी , मुन्ना प्रसाद , अर्चना निगम टूटी , नवीन कुमार ,विकास पटेल , विवेक कुमार , परमानंद कुमार सिंह ,अभिषेक विशाल कोषाध्यक्ष बृज बिहारी वर्मा ,उपकोषाध्यक्ष पंकज पांडे ,परीक्षा सह तकनीकी अध्यक्ष देवनाथ राम , राज्य प्रतिनिधि अविनाश कुमार तिवारी संगठन सचिव केसरी अजय प्रसाद राय ,अजय प्रसाद राय ,संतोष कुमार ,अनिल कुमार सिंह , विश्वजीत कुमार चौबे ,मनीष कुमार तिवारी ,ब्रजेश कुमार सिंह ,अध्यक्ष द्वारा मनोनीत सदस्य अनीता सिंह सहदेव ,अनुज गुप्ता ,साकेत कुमार तिवारी ,शंकर कुमार, अली कुमार , रमेश कुमार सिंह , बृहस्पति चौबे ,मनीष कुमार बेलहरा सामाजिक कार्यकर्ता सिंटू सिंह, संतोष शुक्ला,उतम सिंह रजनीश सिंह राहुल मिश्रा अनुभव इत्यादि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यवसाई की इलाज के दौरान हुई मौत क्षेत्र में मातम का माहौल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना मोड़ के समीप पिछले सप्ताह हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यवसाई जयराम चौधरी की आज इलाज के दौरान रांची के पारस हॉस्पिटल में मौत हो गई है।जिससे पूरे नप क्षेत्र में मातम फैल गया है।जानकारी के अनुसार,पिछले सप्ताह व्यवसाई जयराम चौधरी एक साथी के साथ बाइक से निकले थे।अपने घर से कुछ मीटर की दूरी पर थाना मोड़ के समीप पहुंचते ही टेंपू से उनकी बाइक की टक्कर हो गई थी।जिसमे वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिन्हे परिजन आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर लाया था। जहा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया था।वही वहा भी स्थिति की नजाकत को समझते हुए चिकित्सको ने उन्हें रांची रेफर कर दिया था। जहां परिजनों ने उन्हें रांची के मशहूर पारस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था।वही आज सुबह पांच बजे के लगभग चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इधर व्यवसाई के मौत से परिजन, व्यवसाई वर्ग व स्थानीय लोग सहित नगर परिषद क्षेत्र में शोक को लहर व्याप्त है।

## नवरात्र में सभी समितियों के सदस्य नशा पान से दूरी बनाने के लिए लोगों को करेंगे जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** मेराल के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर के प्रांगण में रविवार को प्रखंड मुख्यालय के सभी 11 दुर्गा पूजा समितियों की सामूहिक बैठक देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सभी समितियां के पदाधिकारी से विचार विमर्श के बाद 24 अक्टूबर विजयादशमी को धूमधाम से दशहरा मनाने तथा 25 अक्टूबर एकादशी को गोधूलि बेला में 10 दुर्गा पूजा समितियां की प्रतिमा का विसर्जन सामूहिक रूप से पुराण शिव मंदिर तालाब में तथा पूर्व की भांति छः आना टोला के दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन स्टेशन रोड छठ घाट तालाब में किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विसर्जन के समय किसी भी समिति का डीजे कम साउंड में तथा भक्ति गाना ही बजाएंगे। नवरात्र भर सभी सदस्य नशा से दूरी बनाए रखने हेतु लोगों को जागरूक करेंगे, विसर्जन के समय मूर्ति को आगे पीछे करने में कोई भी विवाद नहीं करेंगे, गलत करने वाले पर आगे बैठक कर उन्हें दंडित किया जाएगा। प्रशासन से मूर्ति विसर्जन के समय मुख्य पथों पर सभी वाहनों का आवागमन बंद करवाने के लिए सुझाव देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मेराल पूर्वी के मुखिया राम सागर महतो, पश्चिमी के मुखिया पति मुन्ना राम, बडका खलिहान के अध्यक्ष राजवंशी महतो, संरक्षक अरविंद महतो, भुइंया टोली से बाल गोविंद साव, तेली टोला छोटका खलिहान से अध्यक्ष संतोष साह, संरक्षक विजय प्रसाद, नेनुआ मोड दुर्गा मंडप से सुरेश साव, चांदनी चौक से देव कुमार, अस्पताल चौक से लल्लू प्रसाद, उदय चंद्रवंशी, मुडल टोला से कमलेश कुमार, सुदर्शन चौधरी, कामेश्वर चौधरी, बस स्टैंड से नवीन जायसवाल, मकुना से बिनोद सिंह, बाजार दुर्गा मंडप के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, छः आना टोला से देव कुमार राम, प्रमोद महाजन, चंदन कुमार, राजन सोनी, सत्यनारायण कुशवाहा, उदय चंद्रवंशी, गोवर्धन शर्मा, सत्येंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, विनय कुमार, सुरेंद्र चंद्रवंशी, मथुरा बैठा, महावीर सिंह, कामेश्वर महतो, सच्चिदानंद कुशवाहा, रघुवीर साह सहित कई लोग शामिल थे।

### पति के हत्या के आरोप में गई थी जेल, पांच साल बाद हुई रिहा

## घर परिवार के लोग तोड़ चुके हैं नाता उसे दिलाऊंगी हक : प्रमुख दीपमाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने एक सजायाफ्ता महिला को केस में मदद कर उसे न्याय दिलाने का काम कर रही है। बता दें कि धुरकी थाना क्षेत्र के डोलकदवा गांव निवासी बलकु कोरवा की हत्या पांच वर्ष पूर्व में हुई थी। हत्या के आरोप में बलकु कोरवा के पुत्र ने अपने सौतेली मां देवंती कुंवर पर प्राथमिकी दर्ज कराया था। जानकारी के अनुसार देवंती कुंवर अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी थी। इसी के आरोप में देवंती कुंवर को गढ़वा मंडल कारा में बंद कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार देवंती कुंवर पिछले पांच वर्षो से गढ़वा मंडल कारा में बंद थी। देवंती कुंवर रविवार को जेल से बाहर निकल गई। जेल से बाहर निकलने के बाद देवंती कुंवर ने रविवार को पत्रकारों से बातचित के दौरान कहा कि मुझे झूठा केस में फंसाया गया था। मैं अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या नहीं कि थी। पिछले पांच वर्षो से जेल में मैं बंदी थी तो मेरे परिवार के कोई भी सदस्य मुझसे मिलने जेल में नहीं आया। और न ही मुझे किसी तरह का सहयोग किया। देवंती ने बताया कि कुछ दिन पहले मेराल प्रखंड के प्रमुख दीपमाला जेल में आई थी तो मेरी स्थिति को देखकर वह चिंतित हो गई थी। उनके द्वारा जेल में रहते हुए मुझे हर तरह का सहयोग किया गया। उसने कहा कि जेल में मुझे खाना, कपड़ा व अन्य समाग्री भी उपलब्ध कराई थी। उसने कहा कि मुझे जेल से बाहर निकलवाने में दीपमाला का काफी योगदान रहा है। मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि देवंती कुवंर को हमेशा मदद करूंगी। देवंती को किसी भी तरह की कोई पेरशानी नहीं होने दूंगी। उन्होंने कहा कि एक मामले में मैं 20 दिन के लिए जेल में बंद थी। उसी दौरान देवंती कुंवर से मुलाकात हुई उनकी स्थिति काफी खराब थी। उससे मिलने उनके परिवार का कोई भी सदस्य जेल में नहीं आ रहा था और न ही कोई भी सामग्री दी जा रही थी। प्रमुख ने कहा कि देवंती को अभी हम अपने साथ लेकर डोल कदवा जा रहे है। इसकी सूचना धुरकी थाना प्रभारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि को दूंगी।

## समाजसेवी पं शंभूनाथ दुबे की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि, लोगों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

**विश्रामपुर/पलामू सं (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद मुख्यालय स्थित स्व दुबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। नगड़ी सीओ संतोष शुक्ला, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, थाना प्रभारी शशि रंजन व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने स्व.दुबे के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इससे पहले स्व.दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता के आत्मा की शांति हेतु पिंडदान किया। वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातें लोगो के साथ साझा किया। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में नगर परिषद के प्रथाम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, जेई विभूति भूषण, पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह,सुधीर दुबे,अशोक दुबे,सोनू दुबे,शंकर केशरी,कृष्णा चंद्रवंशी,राजेंद्र केसरी,संजय शाह सहित कई लोग शामिल हुए।

## पूर्व मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ता के साथ किया समीक्षात्मक बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मथुरा राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में विगत 5 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की समीक्षा किया गया.बैठक में मुख्य अतिथि पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह था.उनके कार्यक्रम के बाद जनता में भारी उत्साह है.बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये

कार्यक्रम को सफल बताया.बैठक को सम्बोधित करते हुये केशरी ने कहा कि उक्त कार्यक्रम की सफलता क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम था.दिन रात अथक परिश्रम करके कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया इसके लिये उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को दिल से धन्यवाद दिया. उन्होंने क्षेत्र की जनता को भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये धन्यवाद दिया. शिवधारी राम ने भी कार्यक्रम को सफल बताते हुये भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया.मथुरा राम ने संकल्प यात्रा पर हर्ष व्यक्त किया.उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं व जनता की बातों को सुनकर खेद व्यक्त किया.उन्होंने कहा कि भाजपा का अपना रंग,पहचान, झंडा, टेंट, झंडा व कार्यकर्ताओं के आव भाव से पता चल जाता है.नारे सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष व स्थानीय जन प्रतिनिधि का व्यक्तिगत रूप से लगाया जा रहा था जबकि भाजपा की पहचान संगठन में एक परिवार की तरह होता है।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया .कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, बंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया. इसके बाद संध्याकालीन विनती प्रार्थना, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ, शाश्वती ग्रंथ का पाठ व सामूहिक रूप से नाम जप किया गया .सत्संग में माला देवी, सतवंती देवी, अखिलेश प्रसाद द्वारा भक्तिमूलक भजन प्रस्तुत किया गया.इष्ट चर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि सभी नदियां सागर में मिल जाती हैं, उसी प्रकार सभी जीव को ईश्वर के पास समर्पित हो जाना है, इसलिए ईश्वर के द्वारा दिए गये आदेश का पालन करना ही सबसे बड़ी भक्ति है. उन्होंने कहा कि आगामी 5 नवंबर को श्री श्री ठाकुर जी का 136 वां जन्म महोत्सव को सफल करने के लिए सभी सत्संगी वृन्द तन मन धन के साथ लग जाएं. अपने गुरु का उत्सव मनाना एक बहुत बड़ा कर्तव्य है .अपने गुरु के प्रति तन मन धन लगाने से गुरु की कृपा प्राप्त होती है तथा दुर्गति का नाश होता है .उन्होंने आगामी 15 अक्टूबर को होने वाली मासिक सत्संग तथा भंडारा में उपस्थित होने का

अनुरोध किया. सत्संगी अजय दा में कहा कि प्रत्येक जीव ईश्वर का संतान है. सभी जीवो में मानव एक विशेष प्राणी है. इसलियें मनुष्य को पृथ्वी पर अच्छे कार्य करने के लिए भेजते हैं. यदि मनुष्य ईश्वर के बताएं कार्य को करता है तो वह अपना जीवन सार्थक कर लेता है. याजक राजकुमार ने कहा कि अपने गुरु के प्रति मनुष्य को हमेशा सेवा भाव रखना चाहिये. गुरु के आदेश का पालन भी सबसे बड़ी सेवा है. सत्संग में संजय दा, धृति सुंदरलाल, शिवम, राहुल कुमार ,राकेश ,सुजय, विजय, धृतिदीप्त, श्रीकांत ,चंचला गुप्ता ,वृंदा देवी, निर्मला जायसवाल, गीता देवी, दीपमाला, मधुबाला, प्रभादेवी, रामादेवी, अनीता सिंह सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे.

## मेदिनी राय महान पुरुष थे : रामचंद्र सिंह

**सतबरवा/पलामू सं(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजा मेदिनी राय तर्पण सह अखिल भारतीय जन जातीय चेरो मिलन समारोह का आयोजन राजा मेदिनी राय युवा मंच पलामू प्रमंडल के तत्वावधान मे पलामू किला औरंगा नदी तट पर शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया । तर्पण सह मिलन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के दूधी के पूर्व विधायक हरि राम सिंह चेरो व अवधेश सिंह चेरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलीत कर किया। मौके पर हरिराम सिंह ने कहा कि पलामू किला झारखण्ड राज्य के धरोहर है। राजा मेदिनी राय यहां के कुशल शासक एवं प्रजा के दिलों में वास करने वाले व्यक्तित्व के मालिक थे । इनका लोकोक्ति आज भी सर्व विदित है। राजा मेंदनीया, घर घर बजे मनहानिया । मनिका विधायक श्री सिंह ने कहा कि राजा मेदिनी राय चेरो वंश के प्रभावशाली एवं जनता प्रिय कुशल राजा के रूप में आज भी ख्याति प्राप्त है । इनके जीवन काल की सहृदयी गाथा अपने पूर्वज से सुनते आए है। उन्होनें कहा कि मेदिनी राय महान पुरुष थे। उनके कार्य काल में कोई भी व्यक्ति दुखीत नहीं रहता था। मेदिनी राय की चर्चा पलामू में निश्चित रूप से होती है वह वैसे राजा थे जो रात में निकालकर घूम कर देखे थे । समस्या का निराकरण करते थे मौके पर राजा मेदिनी राय युवा मंच पलामू झारखंड द्वारा विधायक श्री सिंह से महापुरुष राजा मेदिनी राय के याद में 11 फरवरी दुबिया खाड़ पलामू में लगने वाला मेला,तथा छठ पूजा के अवसर पर पारन के बिहाने पलामू किला फुलवरिया सतबरवा पर लगने वाला मेला की सरकारी छुट्टी कराने की मांग की है । मौके पर उमेश सिंह ,अभय सिंह ,अनिल सिंह ,करीमन सिंह ,गुड्डू सिंह,मनोज सिंह, विश्वनाथ सिंह, धर्मेंद्र सिंह ,यमुना सिंह, सुदामा सिंह सहित काफी की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे ।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार 09.10.2023 वर्ष 10, अंक 276

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है !

## रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### पटाखा दुकान में आग लगने की घटना में मृतकों की संख्या हुई 14

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के अनेकल स्थित अट्टीबेले इलाके में एक पटाखे की दुकान में आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 14 हो गई। यह घटना शनिवार को वाहन से पटाखे उतारते समय हुई। हालांकि,पुलिस को अभी तक हादसे का सही कारण नहीं पता चल सका है।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया एवं उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस हादसे पर दुख जताया। राज्य सरकार ने मृतकों के परिवार वालों को पांच-पांच लाख रुपये के मुआवजा की घोषणा की है। रविवार को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने घटनास्थल का दौरा भी किया।

### हाई कोर्ट के आदेश पर नौ रिटायर्ड कर्मियों की सेवा होगी नियमित

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर राज्य अंतर्गत नौ सेवानिवृत लिपिकों की सेवा नियमित करने का फेसला लिया गया है। उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ भी दिया जायेगा।राज्य सरकार ने इस आश्य के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दी है। ये विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हुए थे, लेकिन इनका समायोजन नहीं हुआ। दस साल से अधिक सेवा करते हुए रिटायरमेंट लिया था। इनमें मनोज कुमार सिन्हा, गुप्तेश्वर सिंह, जय मंगल प्रसाद शर्मा, राजन राम, राजेंद्र सिंह, सत्येंद्र नारायण त्रिपाठी, नंद किशोर प्रसाद, मदन मोहन और कामेश्वर राम रवि हैं।

### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**पटना :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर रविवार को पटना के गांधी मैदान के दक्षिण-पश्चिम छोर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सम्पूर्ण क्रांति के अग्रदूत, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर समाजवादी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, पूर्व मंत्री श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद रविन्द्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मेघालय के पश्चिमी जयंतिया में भूस्खलन से दंपत्ति व दो बच्चों की मौत

**शिलांग (मेघालय):** मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले के पैथोर लांगटेन गांव में रविवार सुबह भूस्खलन की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इनमें दंपत्ति और उसके दो बच्चे शामिल हैं। मृतक परिवार के पिंजनाईवासी एक रिश्तेदार ने बताया कि घटना रात में हुई होगी। रविवार सुबह करीब 5 बजे पड़ोसियों ने पूरा घर मलबे में दबा देखा। भारी बारिश के कारण बियांकी फवाद का घर मलबे में दब गया था। इसके बाद पड़ोसियों ने मिलकर मलबा हटाया लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। मृतकों में गृहस्वामी 29 वर्षीय बियांकी फवा, बियांकी की पत्नी पिंजनाई रिंखालेम और उनके 5 और 3 साल के बेटे एडफिफाई रिन्खालेम और इवाडारोई रिन्खालेम थे। पड़ोसियों ने बताया कि फवाद एक मेहनती व्यक्ति था और दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करके अपनी आजीविका चलाता था।

### वायु सेना के एयर फोर्स डे पर पीएम मोदी, अमित शाह व योगी ने दी बधाई

# वायु सेना ने 72 वर्ष बाद बदला अपना झंडा

*** चीफ एयर मार्शल वीआर चौधरी ने परेड के दौरान झंडा बदलने के साथ वायु योद्धाओं को शपथ भी दिलाई**

एजेंसी

**प्रयाग राज :** भारतीय वायु सेना ने 72 वर्ष के बाद अपने झंडे में बदलाव किया है। प्रयागराज के बमरौली मध्य वायु कमान मुख्यालय पर वायु सेना दिवस पर इसका अनावरण किया। वायु सेना की स्थापना आठ अक्तूबर 1932 को गई थी। 72 वर्ष के बाद वायु सेना ने अपने झंडे में परिवर्तन किया है। पहले इसे रॉयल फोर्स के नाम से जाना जाता था। इसके बाद रॉयल इंडियन एयरफोर्स नामकरण किया गया। देश की आजादी के बाद 1950 में रॉयल शब्द हटाकर इंडियन एयर फोर्स नाम दिया गया और झंडा भी बदला गया। नौसेना के बाद अब वायुसेना को भी नया ध्वज मिल गया है। प्रयागराज में वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस पर नए ध्वज का अनावरण वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया।वायुसेना के ध्वज का अनावरण चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की मौजूदगी में हुआ। वायुसेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए नया एलएएफ ध्वज बनाया गया है। पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह,रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 91वें वायु सेना स्थापना दिवस पर सभी भारतीय वायु सेना कर्मियों को शुभकामनाएं दीं।

**वायु सेना प्रमुख ने नए ध्वज का किया अनावरण**

रविवार को नए ध्वज को सबसे पहले चार वायु योद्धाओं द्वारा एक चलित मंच पर स्थापित करके वायुसेना प्रमुख के सामने लाया गया। उसके बाद वायु सेना प्रमुख नए ध्वज का अनावरण किया। वहीं, उनके सामने दो ड्रोन पर्दे की दीवार के पीछे से एक बड़ी पताका उठाई गई। जिसे परेड की पृष्ठभूमि के रूप में रखा गया है। इसके बाद ध्वज स्तंभ पर नई पताका फहराई गई। वहां से पुराना संस्करण हटा दिया गया। इसे पूरे सम्मान के साथ मोड़कर वायुसेना प्रमुख को सौंपा गया और बाद में वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शनी के तौर पर शामिल किया जाएगा। इस दौरान वायु सेना का विमान एमआई-17वी5 वायुसेना के नए ध्वज के साथ नीची उड़ान भरी।

**झंडे के ऊपरी हिस्से में दाएं कोने पर किया गया है बदलाव**

वायुसेना का वर्तमान ध्वज नीले रंग का है। इसमें पहले चतुर्थांश में राष्ट्रीय ध्वज है और केंद्र में राष्ट्रीय ध्वज के रंगों, यानी केसरिया, सफेद और हरे रंग से बना एक गोलाकार घेरा है। इस पताका को 1951 में अपनाया गया था। एयरफोर्स की तरफ से जारी बयान में कहा गया, वायु सेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से दिखाने के लिए अब एक नया ध्वज बनाया गया है। झंडे के ऊपरी हिस्से में दाएं कोने पर बदलाव किया गया है। फ्लाई साइड की ओर वायुसेना क्रेस्ट को शामिल किया जाएगा।

**भारतीय वायुसेना का आदर्श वाक्य संस्कृत में नभः स्पृशं दीप्तम् है**

वर्तमान ध्वज में अशोक स्तंभ के शेर और उसके नीचे देवनागरी में 'सत्यमेव जयते' लिखा है। ऐतिहासिक अशोक स्तंभ भारत का राजचिह्न भी है। नीचे एक हिमालयी ईगल है, जिसके पंख फैले हुए हैं, जो भारतीय वायुसेना के लड़ने के गुणों को दर्शाता है। हल्के नीले रंग के घेरे में हिमालयी ईगल को घेरे हुए है, जिस पर लिखा है 'भारतीय वायुसेना'। भारतीय वायुसेना के आदर्श वाक्य संस्कृत में नभः स्पृशं दीप्तम् है। हिंदी में इसका अर्थ है जीत के साथ आकाश को छुओ।यह आदर्श वाक्य श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 11 के श्लोक 24 से लिया गया है और इसका अर्थ है। 'उज्ज्वल तू स्वर्ग को छूएगा' या दूसरे शब्दों में 'महिमा के साथ आकाश को छूना'

### जोरदार आवाज के साथ फट गई धरती

# गोफ में समा गए तीन घर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद:** जिले के जोगता 11 नंबर में फिर एक बार तेज आवाज के साथ भूधंसान की घटना घटी है। भू-धंसान के कारण बने गोफ में तीन घर जमींदोज हो गए हैं। घर में रखा सारा सामान जमीन के अंदर समा गया। आसपास के करीब आधा दर्जन घर भी चपेट में आ गए हैं। घरों में दरारें और दीवारें फट गई हैं। बचे हुए सामानों को किसी तरह सुरक्षित बचाने की लोग जद्दोजहद कर रहे हैं। बीसीसीएल के प्रति लोगों में आक्रोश है। धनबाद के बीसीसीएल अग्निप्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जिंदगी पर खतरा बरकरार है। जोगता थाना क्षेत्र के जोगता 11 नंबर हरिजन बस्ती में एक बार फिर तेज आवाज के साथ भयावह गोफ बन गया है। गोफ में 3 घर जमींदोज हो चुके हैं। घर के समान पाताल में समा गए हैं। गोफ से जहरीली गैस का रिसाव लगातार हो रहा है। गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया है। लोग घरों से सामान निकालने में जुटे हुए हैं। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में बीसीसीएल के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कनकनी आउटसोर्सिंग का परिवहन कार्य रोक दिया है। वहीं घटना के बाद कोई बीसीसीएल अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। बता दें कि इस इलाके में दो महीने के अंदर भूधंसान की कई घटनाएं हो चुकी हैं। एक मंदिर समेत कुछ घर जमींदोज हो गए थे। घटना में कुछ लोग घायल भी हुए थे। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना को लेकर बस्ती के लोगों में दहशत है। इसके साथ ही बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश भी देखा जा रहा है।

**जोगता थाना क्षेत्र के जोगता 11 नंबर हरिजन बस्ती में एक बार फिर तेज आवाज के साथ भयावह गोफ बन गया है। गोफ में 3 घर जमींदोज हो चुके हैं। घर के समान पाताल में समा गए हैं। गोफ से जहरीली गैस का रिसाव लगातार हो रहा है। गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया है।**

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन बीमार, भर्ती

**बरियातू स्थित हिल व्यू हॉस्पिटल नर्सिंग होम के निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन की सेहत में सुधार हुआ है**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां और झामुमो की केंद्रीय उपाध्यक्ष रूपी सोरेन की तबीयत खराब होने पर उन्हें रांची के हिल व्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां डॉ उज्ज्वल की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है. अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी. जिसके बाद उन्हें शनिवार को अस्पताल लाया गया था.

बरियातू स्थित हिल व्यू हॉस्पिटल नर्सिंग होम के निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन की सेहत में सुधार हुआ है.उनके चेस्ट में इन्फेक्शन और अन्य समस्याओं की वजह से सांस लेने में दिक्कत हो रही थी.अभी उनके तबीयत में सुधार है. बताया कि उनके मेडिसीन के विशेषज्ञ डॉ उज्जवल और आईसीयू की टीम उनका इलाज कर रही है. डॉ नितेश प्रिया के अनुसार रूपी सोरेन के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री के छोटे भाई और दुमका से झामुमो विधायक बसंत सोरेन ने हिल व्यू नर्सिंग होम पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. इसके अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी वहां मौजूद हैं. बसंत सोरेन के ससुर ने रूपी सोरेन से मुलाकात के बाद कहा कि उनकी तबीयत ठीक है और वह बैठकर बात कर रही हैं. हालांकि वे काफी कमजोर हो गयी.

# बीजेपी शासित राज्यों में जाति आधारित जनगणना पर चुप क्यों हैं पीएम मोदी : कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में जाति आधारित जनगणना की घोषणा के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों के लिए नीतियां बनाने में सुनिश्चित करेगा। बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि इसे भगवा पार्टी शासित राज्यों में क्यों लागू नहीं किया गया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे पिछले साल राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ओबीसी के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी और जाति आधारित जनगणना की मांग की थी।पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, जब भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में थी, तो कई समुदायों के प्रतिनिधिमंडलों ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी। उस दौरान ओबीसी प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से जाति जनगणना के लिएमांग उठाई थी । राहुल गांधी ने उनकी बातों को बहुत गंभीरता से लिया।उन्होंने कहा, अब राजस्थान सरकार ने उनकी भावनाओं के अनुरूप जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। यह एक स्वागत योग्य कदम है। इससे विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए नीतियां बनाने में मदद मिलेगी।

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, सवाल यह है कि बीजेपी शासित किसी भी राज्य में ऐसी पहल क्यों नहीं की जा रही है और प्रधानमंत्री जाति जनगणना के मुद्दे पर चुप क्यों हैं? उनकी यह टिप्पणी राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में जाति सर्वेक्षण कराने का आदेश जारी करने के एक दिन बाद आई है।

# महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में फिर 15 मरीजों की मौत

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटे में 15 और लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 6 नवजात शिशु और 2 बच्चे भी हैं। अस्पताल में एक सप्ताह से लगातार मौतों का सिलसिला जारी है और पिछले 7 दिनों में 83 मौतें हुई हैं। इनमें 37 शिशु और बच्चे हैं। आश्चर्य की बात यह कि इस अस्पताल में हो रही मौतों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया था। इस समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में अस्पताल को क्लीन चिट दे दी है। जांच समिति की रिपोर्ट के बाद भी मौतों का सिलसिला जारी रहने से स्थानीय जनता में रोष व्याप्त है। अधिकारियों के मुताबिक इस अस्पताल में दो अक्टूबर से मरीजों की मौत का सिलसिला शुरू हुआ। उस दिन यहां 24 घंटे में 12 नवजात समेत 24 मरीजों की मौत दर्ज की गई थी। इसके बाद तीन अक्टूबर को 24 घंटे में 7 मरीजों की मौत हुई थीं, जिनमें 4 नवजात थे। इसी तरह 4 अक्टूबर को 24 घंटे में 2 शिशुओं समेत 6 मरीजों की मौत हुई थी। पांच अक्टूबर को 24 घंटे में 5 नवजात समेत 14 मरीजों की मौत, 6 अक्टूबर को 24 घंटे में 4 शिशुओं समेत 11 मरीजों की मौत, 7 अक्टूबर को 24 घंटे में 1 नवजात शिशु, 1 बच्चे सहित 6 मरीजों की मौत और 8 अक्टूबर को 24 घंटे में 6 नवजात शिशु, 2 बच्चों सहित 15 मरीजों की मौत हुई। इस तरह इस अस्पताल में पिछले सात दिनों में कुल 83 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 37 नवजात शिशु एवं बच्चे शामिल हैं। सरकार ने दावा किया है कि सरकारी अस्पतालों में दवा की कमी नहीं है, जबकि बताया जा रहा है कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी हो गई है। मरीजों को बाहर से दवा खरीदना पड़ता है और दवा समय पर दवा नहीं मिलने से गंभीर मरीजों की जान जा रही है। इस मामले को लेकर बाम्बे हाई कोर्ट ने सरकार की खिंचाई की थी।

# इजरायली एयरफोर्स ने हमास पर की बमों की बारिश

एजेंसी

**येरूसलम :** फिलस्तीनी आतंकी संगठन हमास द्वारा इजरायल के रिहायशी इलाकों में हमला किए जाने के बाद अब इजरायली फोर्स चुन चुन कर हमास के लड़ाकों से बदला ले रही है और उन्हें मौत के घाट उतार रही है. इजरायली वायु सेना ने हमास के ठिकानों और आतंकियों का अंत करने का काम शुरू कर दिया है.वायु सेना ने हमास आतंकवादी संगठन के दस ठिकानों पर हवाई हमला किया है.इजरायली वायु सेना का लक्ष्य गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी संगठन द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बहुमंजिला इमारतों का निशाना बनाना है ताकि उनकी कमर तोड़ी जा सके.एयरफोर्स ने गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित ऑपरेशनल ढांचे पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल

गाजा पट्टी से इजरायली नागरिकों के खिलाफ आतंक को अंजाम देने के लिए किया जाता था. इनमें हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित खुफिया मुख्यालय और हमास आतंकवादी संगठन के हवाई बलों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक सैन्य परिसर पर हमला शामिल है.इसके अलावा इजरायली एयरफोर्स ने आतंकी फंडिंग के लिए हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित दो बैंकों पर भी बमबारी की, इनमें से इस्लामिक नेशनल बैंक और फर्स्ट बैंक शामिल है जो आतंकवादी गतिविधि की फंडिंग और संगठन की आर्थिक सेवा करता है.इजरायली वायुसेना ने शहर में इस्लामिक जिहाद,आतंकवादी संगठन से संबंधित हवाई बलों द्वारा उपयोग किए जाने वाले स्थान, हथियार बनाने वाली जगह,दफ्तरों और हथियार भंडारण इकाइयों पर बॉम्बिंग की है.यहां आतंकवादी संगठन हथियार और सैन्य उपकरण इकट्ठा कर रखते थे.

**500 से ज्यादा लोगों की मौतः** बता दें कि फिलस्तीन और इजरायल के बीच शुरू हुए इस युद्ध में अब तक दोनों तरफ से कुल 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं.फिलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे की इजरायली गोलाबारी में गाजा में कम से कम 256 फिलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 20 बच्चे भी शामिल हैं जबकि 1,788 घायल हुए हैं. वहीं हमास के हमले में इजरायल में लगभग 300 इजरायली मारे गए और 1,600 घायल हुए हैं. दोनों पक्षों में घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है.

**भारी लड़ाई जारीः** इजरायली डिफेंस फोर्सेज प्रवक्ता ने एक ब्रीफिंग में दावा किया कि हमने गाजा के अंदर 400 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है, और हमारे पास दर्जनों आतंकी बंधक हैं. वहीं उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कफर अजा में दोनों तरफ से भारी लड़ाई चल रही है. आतंकवादियों ने शनिवार को इस इलाके में घुसपैठ की थी.आईडीएफ का कहना है कि वह कई सीमावर्ती इलाकों में गश्त कर रहा है.

**आतंकी ठिकाने को मलबे में बदल देंगे : प्रधानमंत्री नेतन्याहू :** रविवार को इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्वीट में एक बार फिर हमास को चेतावनी दी है.उन्होंने कहा,उन सभी जगहों पर जहां हमास तैनात है,छिपा है उन्हें हम मलबे में बदल देंगे, मैं गाजा के निवासियों से कहना चाहता हूं कि उस जगह को छोड़ दो क्योंकि हम हर जगह जबरदस्त कार्रवाई करेंगे.नेतन्याहू की यह चेतावनी इज़राइल में युद्ध की स्थिति की घोषणा के एक दिन बाद आई है.

### एयर इंडिया ने 14 तक रद्द कीं इजराइल के लिए उड़ानें

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इजराइल और फिलस्तीन के बीच जारी जंग के बीच एयर इंडिया ने इजराइल से एयर इंडिया की उड़ानें रद्द कर दी हैं. एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे यात्रियों ओर चालक दल की सुरक्षा के लिए इजराइल के तेल अवीव से एयर इंडिया की उड़ानें 14 अक्टूबर तक निलंबित रहेंगी. आगे की जानकारी आपके साथ साझा कर दी जायेगी।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
General Surgery
• Stomach • Intestine
• Liver • Hernia
• Pancreas • Gallbladder
• Appendix • Piles
Dr. D.P. Bhadani
MBBS, MS (General Surgery)
Dr. Niraj Anand
MS ( Laparoscopic Surgery & GI Surgery)
O.P.D
Monday to Saturday
10 AM to 2 PM
7808368888 www.asarfihospital.com

## श्री श्री 108 दुर्गा बड़ी पूजा समिति की बैठक संपन्न

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री 108 दुर्गाबाड़ी पूजा समिति की बैठक रविवार को सिंगपूर दुर्गा मंदिर परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता सुशील कोइरी ने किया। बैठक में पूजा कमेटी का गठन किया गया। श्री श्री 108 दुर्गा बड़ी पूजा समिति का अध्यक्ष डॉ रमणेश प्रसाद को चुना गया है।, उपाध्यक्ष शिशुपाल महतो एवं शोभाराम महतो सचिव सुशील कोइरी उप सचिव तारकेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार रंजन सह कोषाध्यक्ष गणेश महतो, कार्यकारिणी सदस्य घाणेनाथ महतो, पृथ्वी महतो, विभूति महतो, घासीराम महतो, अजीत महतो, विनोद महतो, सुशील महतो, सुनील महतो, कृष्णा महतो को चुना गया है!2023 श्री श्री 108 दुर्गा बड़ी पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ रमणेश प्रसाद ने कमिटी के लोगों को शांति पूर्ण तरीके से पूजा को मनाने का आग्रह किया है। बैठक का संचालन शिशुपाल महतो ने किया। इस बैठक में कमेटी के सारे मेंबर उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजुनाथेशवर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रुडसेट संस्थान सिल्ली में रविवार को पूर्व प्रक्षिणार्थी एवं प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।पेट, आंत और लिवर जांच के विशेषज्ञ डा चंदन कुमार यादव ने प्रशिक्षुओं को पेट,लिवर संबंधित रोगों का जांच किया एवं शरीर को स्वस्थ रखने के बहुत सारे तरीके एवं अच्छी आदतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लीवर शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है।खान पान की अच्छी आदतों को ठीक रखने का प्रयास करना चाहिए।रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार, ने अतिथियों को बुके और शॉल देकर समानित किया और धन्यवाद ज्ञापन किए।इस मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, जगदीश महतो, अतिथि संकाय मुकेश कुमार ,सुशील पांडे, विजय कुमार, महेश रुहिदास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बुथ सशक्तिकरण हेतू बैठक आयोजित

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल के द्वारा आज दिनांक 08/10/2023 को बुथ सशक्तिकरण हेतु एक आवश्यक बैठक आहुत की गई । जिसमें मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुई । इस कार्यक्रम के प्रभारी ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी उपस्थित थे । मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन उपस्थित हुए। इस बैठक में सभी बुथो के अध्यक्ष ,पंचायत संयोजक एवं मंडल के पदाधिकारी उपस्थिति हुए। इस कार्यक्रम में महामंत्री रुद्रेश्वर राय ,अमित कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय महतो ,राणा दिनकर सिंह ,कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा, मंत्री विजय महतो ,सह मिडिया प्रभारी प्रशांत किशोर , पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष सत्यजीत सिंह ,श्रीदाम सिंह मुंडा प्रदेश कार्य समिति सदस्य , सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र महतो, वीरेंद्र ओझा इत्यादि सदस्य गण उपस्थित थे।

## सिल्ली पुलिस ने अवैध बालू ले जा रहे टर्बो को पकड़ा

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंसिया के पास सिल्ली पुलिस ने एक अवैध तरिके से बालु ले जा रहे टर्बो को पकड़ कर सिल्ली थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार अवैध खनन के गुप्त सूचना के आधार पर सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप के नेतृत्व मे अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान सिल्ली थाना क्षेत्र के बंसिया गांव के पास अवैध तरीके से बालू लदा टर्बो को जप्त कर सिल्ली थाना लाया गया। सिल्ली पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## शहीद विश्वा केरकेट्टा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 18 अक्टूबर से

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमएफसी और एनवाईसी फुटबॉल क्लब कुंदी की एक बैठक हसीबुल अंसारी की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में यह फैसला लिया गया की शहिद विश्वा केरकेट्टा मेमोरियल पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 18 अक्टूबर दिन बुधवार से खेलाया जाएगा. इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले सकती है. इच्छुक टीमें 15 अक्टूबर तक अपना नामांकन करा कर स्थान सुरक्षित करा सकते है. टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए इंट्री फीस के रूप में 10000 रखा गया है. जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 110000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 70000, तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 15000 - 15000 हजार रुपए रखा गया है. इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज को स्पोर्ट्स साइकिल व हर मैच में मैन ऑफ द मैच, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट प्लेयर को भी पुरस्कार दिया जाएगा. इच्छुक भाग लेने वाली टीम रियाज पान दुकान इटकी थाना के बगल में, व रवि किराना स्टोर करम टोली कुंदी से कर सकते हैं. यह जानकारी क्लब के अध्यक्ष हसीबुल अंसारी के द्वारा दिया गया

# डीएवी खलारी में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डीएवी स्कूल खलारी में सीबीएसई उत्कृष्टता केंद्र पटना द्वारा स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर एक दिवसीय शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में डीएवी स्कूल खलारी के शिक्षकों के साथ-साथ सीबीएसई द्वारा झारखंड और बिहार के स्कूलों के पंजीकृत शिक्षकों ने भाग लिया. सीबीएसई पटना से रिसोर्स पर्सन के रूप में अनूपकुमार डे, होली क्रास पब्लिक स्कूल रांची व श्वेता पुरकायस्थ प्रीमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल, भेलाटांड, धनबाद आए हुए थे. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा कमलेश कुमार के साथ अनूपकुमार डे व श्वेता पुरकायस्थ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. बच्चों द्वारा स्वागत गीत गाया गया. प्राचार्य ने अपने कहा कि हमें अपने जीवन में करके सीखने पर बल देना चाहिए. इस दौरान गलतियां होनी स्वाभाविक हैं. उन्होंने लैंगिक संवेदनशीलता पर एक उदाहरण देकर बताया कि खेल के दौरान जब वर्षा होती है तो खेल शिक्षक विशेष रूप से बालिकाओं को बोलते है कि धीरे जाओ, दौड़ो मत, जबकि वे बालकों से यह बात नहीं कहते हैं. यह एक प्रकार की लैंगिक संवेदनशीलता ही है. प्रशिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं में लिंग के आधार पर परस्पर होने वाले भेदभाव के प्रति सभी शिक्षकों को सचेत किया. घर और समाज में बच्चों में लिंग के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव से भी अवगत कराया. श्वेता पुरकायस्थ ने कहा कि विद्यालय में बिना किसी भेदभाव के ट्रांसजेंडर शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को भी नियुक्त किया जाना चाहिए ताकि बच्चे भी आगे जाकर इसके आदि हो जाएं और उनमें किसी प्रकार का कोई पूर्वाग्रह नहीं रहे. अनूपकुमार डे ने बताया कि समाज में माता-पिता के द्वारा बच्चों के परवरिश में भेदभाव देखने को मिलता है. शिक्षक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम लिंग के आधार पर होने वाले इस भेदभाव को दूर करने के प्रयास करें. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य भी यही है ताकि छात्र-छात्राओं और ट्रांसजेंडर को उन्नति के समान अवसर मिलें. कार्यशाला के अंत में प्राचार्य ने दोनों संसाधकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया. सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया. शांति पाठ के साथ इस कार्यशाला का समापन हो गया.

## कुरमी व कुड़मी नामधारी संगठनों के विचार गोष्ठी में रेल टेका आंदोलन की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** रविवार को टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी (महतो) समाज के बैनर तले पुराना विधानसभा विधायक आवास क्लब, धुर्वा रांची में सभी कुरमी एवं कुड़मी नामधारी संगठनों का विचार गोष्ठी रखा गया। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कुरमी/ कुड़मी समाज के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने किया। विचार गोष्ठी में ÷रेल टेका÷ आंदोलन की समीक्षा किया गया तथा झारखंड मुख्य सचिव से वार्ता की नाफा- नुकसान पर चर्चा की गई तथा केंद्रीय गृह सचिव से होने वाली वार्ता के मुख्य बिंदुओं को चिन्हित किया गया। मनोहरपुर (घाघरा) रेल टेका आंदोलनकारीयों को जेल से जल्दी कैसे बाहर निकाला जाए इस पर चर्चा किया गया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य संयोजक श्री ओहदार ने कहा कि कुरमी/कुड़मी जनजाति का संघर्ष वर्तमान समय में चरम पर है युवा, बुद्धिजीवी और माता बहनें अपने संवैधानिक अधिकार के प्रति सजग हो रहे हैं, जिस दिन हमारे समाज के 70त्न लोग अपने अधिकार के प्रति जागरूक होंगे, उस दिन हमारी जीत होगी। जिसमें मुख्य रूप से कुरमी विकास परिषद के अध्यक्ष रंधीर चौधरी, महासभा के प्रतिनिधि देवकी महतो, रामपोदो महतो, सखीचंद महतो, थानेश्वर महतो आदि ने भी संबोधित किया। विचार गोष्ठी में उपस्थित मुख्य वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि पिछले 72 वर्षों से लगातार संघर्ष करने के बाद भी केंद्र सरकार कुरमी/कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में सुचिवद्ध करने की मांग पर विचार नहीं कर रही है और जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा हतोत्साहित करने वाले गलत बयान दे रहे हैं। साथ ही झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री कुरमी/कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने की मांग पर मौन हैं। इन बिन्दुओं पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का झारखंड आगमन पर पुरजोर विरोध किया जाएगा तथा एयरपोर्ट से बाहर निकलने नहीं दिया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि कुरमी/कुड़मी एस टी डिमांड पर मुख्य मंत्री चुप्पी तोड़ो और झारखंड निर्माता बिनोद बिहारी महतो को झारखंड पितामह का दर्जा दो इन दोनों मांगों को लेकर आगामी 21नवंबर 2023 को मुख्यमंत्री आवास घेराव का घोषणा किया गया। मुख्यमंत्री आवास घेराव कर्यक्रम में लाखों की संख्या में समाज के महिला पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे।

## करमा मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के बारीडीह पाड़हा मैदान में केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति और12 व 21 पड़हा के तत्वाधान में रविवार को करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमेश्वर उरांव, पड़हा संचालन समिति की मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत,उपाध्यक्ष राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, प्रो सोमरा उरांव,भौआ उरांव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि करमा, जितिया हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे बचाए रखना हम सभी का दायित्व है। हमारी झारखंड की पहचान झारखंड की संस्कृति से है। इसे हर हाल में बचाये रखना होगा। समारोह में 8,10,12,21व 24 पड़हा राजा और पहान, मुंडा व सांगा अपने 32खोड़हा मंड़ली के ढोल मांदर के साथ परंपरागत वेशभूषा व सांस्कृतिक पहचान के साथ शामिला हुए। कार्यक्रम का संचालन एतवा उरांव ने किया। समारोह को सफल बनाने में सुशांति भगत,बंधना उरांव,घिनु उरांव, पिटर तिर्की, चरवा उरांव, बिनोद उरांव, विशाल उरांव,महादेव मुंडा, बिरुवा खेश,रवि वेक के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## सिल्ली में करम मिलन समारोह का आयोजन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुपंग मैदान में करम मिलन समारोह का आयोजन रविवार के दिन संपन्न हुआ। आदिवासी समुदाय के लोग पिस्का, मेदिनी, चातामबाड़ी, जारू, सुलमजुड़ी, मोदीडीह,अजयगढ़, नागेडीह, लोवादाग से जुलूस के साथ लुपुग मैदान में पारंपरिक गीत गाते हुए ढोल नगाडे बजाते हुए करम अखड़ा में सम्मिलित हुए एवं कम अखड़ा में पूजा करने के बाद पारंपरिक नृत्य कर लोगों को जागृत किया। मुख्य अतिथि नीरज मुंडा (राजी पहडा प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष), जलेश्वर उरांव राष्ट्रीय महासचिव, सोमे उरांव जिला अध्यक्ष लोहरदगा, रामदेव उरांव, मंती उरांव ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि करम पर्व प्राकृतिक का पर्व है। यह हम लोगों को अपने संस्कृति परंपरा को बचाए रखने का संदेश देती है। हमें आपस में मिलजुल कर यह त्योहार को मनाना चाहिए।यह अच्छी फसल और स्वास्थ्य के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में पाहन द्वारा करम डाल का विसर्जन कराया गया। इस मौके पर गोंदुरा उरांव मुख्य संरक्षक सरना समिति सिल्ली, भारत मुंडा मुखिया सिल्ली पंचायत, लालराम उरांव मुखिया बासारूली पंचायत, सीमा गोझू मुखिया लुपुग, शर्मिला कुमारी मुखिया टुटकी पंचायत, कमलनाथ माझी पूर्व प्रमुख समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यकों को हक दिलाना प्राथमिकता : मंजूर अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को मुडमा मदरसा बगीचा में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मंजूर अंसारी और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। अतिथियों को स्वागत बुके देकर और माला पहनाकर किया गया। मौके पर बोलते हुए मंजूर अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाना प्राथमिकता में शामिल है। अब अल्पसंख्यकों को कोई ठग नहीं सकता। आबादी के अनुसार उनका हक दिला कर रहूंगा। आज अल्पसंख्यकों के लिए सरकार द्वारा बहुत सारी योजना चलाई जा रही है लेकिन जानकारी के अभाव में या कुछ लापरवाहियां है जिसके चलते उन्हें उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। साथ ही बेगुनाह मुसलमानो को जिस तरीके से फसाया जा रहा है उसे पर जोरदार आवाज उठाई जाएगी। झारखंड के सभी जिलों में घूमकर मुसलमानों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उसका समाधान भी ढूंढ रहे हैं। वहीं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि अल्पसंख्यकों के विकास के बिना झारखंड का विकास संभव नहीं। उनका हक दिलाया जाएगा। अल्पसंख्यको के खिलाफ उठनेवाली आवाज को कुचलने का काम किया जायेगा।

### सम्मेलन में भी खूब गरजे समाजसेवी आबिद अंसारी

उन्होंने कहा कि जब वोट की बारी आती है तो सेक्युलरिज्म के नाम से हमसे वोट मांगा जाता है। लेकिन फिर हमें दूर कर दिया जाता है। ऐसा नहीं चलेगा। मॉब लिंचिंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत हमें हमारा अधिकार मिलना चाहिए। हमारे युवाओं को अवसर मिलना चाहिएरोजगार के क्षेत्र में। बेरोजगारी भत्ता भी मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अब सरकार कोई भी हो हमें ठगने का काम करेगी तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। अब नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर सरकार अल्पसंख्यकों को हक नहीं देती तो सरकार का भी विरोध किया जाएगा। संसद जैसे लोकतंत्र के मन्दिर से मुसलमानों को गाली दी जाती है फिर वैसे सांसदों पर कार्रवाई नहीं होती।

स्वागत भाषण में बोलते हुए शमीम अंसारी ने कहा कि झारखंड में मुसलमान की 15त्न आबादी होने के बावजूद भी मुसलमान ठगा महसूस कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यकों को मिलने वाले सुविधाओं को दिया जाए। आज मुसलमान को सिर्फ वोटिंग मशीन के रूप में देखा जाता है। वोट लेने के बाद उन्हें नकार दिया जाता है। सभा का संचालन नुरुल्लाह हबीब नदवी ने किया। सभा को अख्तर अली, जमील मालिक, मौलाना जलील, आबिद अंसारी आदि ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। मौके पर रसीद अंसारी, आरिफ हसन, जहीर खान, तबारक खान, जमील अख्तर मुस्लिम अंसारी, अमानत अंसारी, नसीम अंसारी, बेलस टोप्पो, मो इश्तियाक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति ने चलाया जन जागरण सह सदस्यता अभियान

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले आगामी 2024 का आम चुनाव को देखते हुए खिजरी विधान सभा अन्तर्गत अनगड़ा प्रखंड के गेतलसूद व नवागढ़ पंचायत के आदिवासी बहुल मुंडा टोली व रंगामाटी गांव में सक्रिय सदस्य झारखंड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो, फलिन्द्र करमाली, जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो, सुमित कुमार महतों, हेमंत महतो, सुधांशु,सुरज महतो, मंटू महतो के नेतृत्व में ग्राम स्तरीय संगठन विस्तार सह जन जागरण अभियान चलाया। गेतलसूद की बैठक की अध्यक्षता बिगू करमाली संचालन अनिल मुंडा जबकि रंगामाटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रेमलता देवी ने बताया कि रंगामाटी गांव जहां मुख्यरुप से अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं जो परिवार के भरण-पोषण के लि दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। जो अपने हक अधिकार से वंचित हैं। अब समय की मांग है कि सभी झारखंडी को हक-अधिकार के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। गांव में स्थित एक साल से बन्द पड़े आंगनबाड़ी उसे चालू कराया जाय ताकि गांव के बच्चों को पोषाहार के साथ प्राथमिक शिक्षा मिल सके। इस पर जेबीकेएसएस के सदस्य फलिन्द्र करमाली ने कहा कि जल्द ही रंगामाटी गांव का आंगनबाड़ी केन्द्र को खुलवाने के लिए प्रखंड मुख्यालय से बात की जायेगी और यदि नही खुला तो जेबीकेएसएस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## जेबीकेएस के टाइगर जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाने का लिया गया संकल्प

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति, रांची जिला का सम्मेलन रिता श्री बैंक्वेट हॉल, पीएचइडी पानी टंकी, बुटी में विराट बाबु की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड एवं विधानसभा क्षेत्र से जेबीकेएस के हजारों महिला/पुरुष युवा कार्यकर्ता शामिल हुए एवं लोकसभा एवं विधानसभा की तैयारी में सभी प्रखंड प्रमुखों को निर्देश दिया गया कि सभी गांव में बुथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बहाली एवं छोटा-छोटा सभा करने का आदेश पारित हुआ। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र महतो ने कहा की 2 सालों से आंदोलन हो रहा है लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है और झारखंड के आदिवासी/मूलवासी हित में सरकार आज तक स्थानीय एवं नियोजन नीति नहीं बना पाई और इतना विरोध के बावजूद विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति 60 - 40 के हिसाब से करके बाहरियों को पद बेचने का काम कर रही है ।

## डिजिटल एक्स-रे व ईसीजी केंद्र का उद्घाटन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को साहेब मोड़ स्थित इटकी सेवा निकेतन ट्रस्ट एण्ड हॉस्पिटल रसूल नगर में डिजिटल एक्स-रे व ईसीजी सेंटर का उद्घाटन डॉक्टर जहांनुमा व थाना प्रभारी अमित प्रशांत ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर सिंदबाद खान, मकसूद आलम, आकिब अहमद, राबिया परवीन, महपारा परवीन, शबाना परवीन, राजकुमार महतो, शमशुल हक, रिजवान अहमद सहित अन्य मौजूद थे ।

## विधान सभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति की टीम पहुंची खूंटी

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा,रांची की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति की तीन सदस्यीय टीम स्थल अध्ययन के लिए खूंटी पहुंची। इस दौरान झारखंड विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति के सभापति रामदास सोरेन की अध्यक्षता में परिसदन,खूंटी में उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में झारखंड विधानसभा के जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति की सदस्य पुष्पा देवी, समीर महंती व अन्य शामिल थे। इस दौरान जिले के विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।बैठक में समिति के सभापति द्वारा पूछे जाने पर डीडीसी सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने जिले के 6 प्रखंडों में जिला परिषद की जमीन का विवरण देते हुए बताया कि जिला परिषद के आय का मुख्य स्रोत जिला परिषद द्वारा विभिन्न प्रखंडों में निर्मित मार्केट काम्पलैक्स, विवाह मंडप एवं हाट-बाजार हैं।

## पुरानीराय में आज होगा जितिया मेला का उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय में आज जितिया जतरा मेला का उद्घाटन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन महतो ने बताया कि मेला को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मेला के समापन समारोह में आजसु पार्टी के सुप्रीमो सह राज्य के उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे।मेला को लेकर सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है।मेला में कई प्रकार के झूले और प्रतिष्ठान लगाए गए हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपुर्ण माहौल में मेला का आनंद उठाने की अपील की है।

## पिपरवार के कल्याणपुर में तीन दिवसीय जितिया मेला का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में तीन दिवसीय एतिहासिक जितिया मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एंव कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फीता काटकर मेला का उदघाटन किया।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोका पीओ संजय कुमार,सीएचपी पीओ धनजंय कुमार, मुख्यालय डीएसपी केदारनाथ राम,इंस्पेक्टर रंजीत रौशन,पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार,राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव,महिला जिलाध्यक्ष शारदा देवी,पूर्व जिप सदस्य शोभा कुजुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।इससे पूर्व श्रम मंत्री सहित अन्य अतिथियों का स्वागत पारंपारिक ढोल नगाड़े के साथ किया गया।समारोह की अध्यक्षता फूलदेव टाना भगत और संचालन निर्मल उंराव ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कल्याणपुर के जितिया मेला के इतिहास पर प्रकाश डाला।वक्ताओं ने कहा कि पिछले करीब दो सौ सालों से कल्याणपुर में जितिया मेला का आयोजन होता आ रहा है और वर्तमान में यह मेला चतरा जिला का सबसे बड़ा मेला और झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा मेला है।वक्ताओं ने कल्याणपुर के जितिया मेला को राजकीय मेला का दर्जा देने की मांग की।इस मौके पर इकबाल हुसैन, कासिम उर्फ मुन्ना,अर्जुन गंझू,इदरीस अंसारी,संतोष नायक,बिजय लाल,बालेश्वर उरांव,अरुन उरांव,शिवशंकर साव,धनेश्वर गंझू,सचिन पासवान,मनेश्वर भगत, सलीम जावेद,बालकांत उरांव,टिकेश्वर महतो, रामचन्द्र उंराव,करण कुमार महतो, सुरेन्द्र टाना भगत आदि की भूमिका रही।

कल्याणपुर में आयोजित जितिया मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कल्याणपुर का ऐतिहासिक जितिया मेला पिछले दो सौ वर्षों से चल रहा है और वर्तमान में यह बहुत बड़ा मेला का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि जितिया मेला को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने के लिए वह झारखंड के मुख्यमंत्री से बात करेंगे।उन्होंने कहा कि जितिया मेले के विस्तार को लेकर उनके द्वारा हर संभव मदद किया जाएगा।उन्होंने मेला समिति का एक प्रतिनिधिमंडल को जल्द रांची आने के लिए आमंत्रित किया।प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी और जितिया मेल को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने की मांग की जाएगी।इस मौके पर उन्होंने झारखंड सरकार के द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।साथ ही स्किल डेवलपमेंट के तहत युवाओं को रोजगार देने सहित अन्य कई बातों की जानकारी दी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, सोमवार, 9 अक्टूबर 2023 | पेज 5

## करीम सिटी कॉलेज एनसीसी कैडेट रोहित एक्का की नियुक्ति बीएसएफ में

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के एनसीसी कैडेट रोहित इक्का की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) में सभी प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद हो गई। अब रोहित एक्का 27 अक्टूबर को बीएसएफ हजारीबाग ट्रेनिंग सेंटर ज्वाइन करेंगे तथा एक साल के प्रशिक्षण के बाद बीएसएफ के मेन स्ट्रीम ज्वाइन करेंगे जहां उन्हें देश की सुरक्षा तथा सेवा का सौभाग्य प्राप्त होगा। करीम सिटी कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ फखरुद्दीन अहमद ने उन्हें बधाई देते हुए बताया कि रोहित एक्का का प्रदर्शन कॉलेज में एनसीसी कैडेट के रूप में काफी सराहनीय रहा और आज जो कुछ उन्हें मिला है वह उनके परिश्रम और लगन का पुरस्कार है । कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और रोहित को बधाइयां दीं। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने शुभ हाथों से रोहित एक्का को सम्मानित किया तथा दुआएं दीं। रोहित के माता-पिता भी इस और अवसर पर कॉलेज में मौजूद थे जिन्हें सभी लोगों ने खूब खूब बधाइयां दीं।

## घायल सब्जी विक्रेता को अंसार ने एमजीएम अस्पताल पहुंचाया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने सड़क दुर्घटना में घायल सब्जी विक्रेता असगर खान को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अंसार खान ने बताया असगर सुबह साकची सब्जी मंडी से सब्जी लेकर पैदल टेंपो स्टैंड आ रहे थे इसी दौरान टेंपो से एक्सीडेंट हो गया। उन्होंने बताया फिरहाल उसका पैर का ऑपरेशन होना है। असगर खान काफी गरीब है जो पुरलिया रोड कोहिनूर टावर के सामने रोड पर सब्जी बेचने का काम करते हैं।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में अखिल भारतीय संताली लेखक संघ का संगोष्ठी आयोजित

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय संताली लेखक संघ झारखंड की ओर से रविवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला सभागार में मिशन ओलचिकी 2025 के तहत संताली साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ओलचिकी जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू के तस्वीर पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू मौजूद थे। संबोधित करते हुए चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि संताली साहित्य बहुत ही समृद्ध और विकसित है। अखिल भारतीय संताली लेखक संघ झारखंड शाखा के अध्यक्ष रजनी कांत मांडी ने संताली साहित्य संगोष्ठी का अध्यक्षता करते हुए कहा की संताली साहित्य की समुचित विकास करने, एक भाषा- एक लिपि के तर्ज पर संताली भाषा के लिए ओलचिकी लिपि को पूर्ण रूप से अपना कर घर-घर तक पहुंचाने, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान मुख्य रूप से पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के सचिव चन्द्रशेखर टुडू, भुजंग टुडू, रजनी कांत मांडी, श्रीकांत मांझी, सुधीर चंद्र मुर्मू, दिवाकर टुडू, उपेन्द्र बेसरा, रिमिल टुडू, गोवर्धन हेम्ब्रम, अजय मुर्मू, देवाशीष हेम्ब्रम, रंजीत हेम्ब्रम, लखन हेम्ब्रम, निर्मल मांडी, उमारानी मुर्मू, गुरुवारी सोरेन, मामोनी बेसरा, साधना मुर्मू, सुष्मिता टुडू, निलमनी हेम्ब्रम, पबिता टुडू, शकुंतला हांसदा, शिवानी टुडू, सजनी हांसदा, ममता हांसदा, सुनिता मुर्मू , अष्टमी हांसदा आदि उपस्थित थे।

## भारतीय जूनियर खो-खो टीम में गम्हरिया के माइकल मार्डी का हुआ चयन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं भारतीय खो-खो महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय भारतीय खो-खो प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सरायकेला- खरसावां जिले के गम्हरिया निवासी खो-खो खिलाड़ी माइकल मार्डी का चयन भारतीय खो-खो टीम में किया गया है। भारतीय खो-खो बालक- बालिका की टीम आगामी 11 अक्टूबर को न्यू दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मलेशिया के लिए रवाना होगा। भारतीय खो-खो टीम में चयन होने पर झारखंड स्टेट खो-खो एसोशिएशन की ओर से माइकल मार्डी का स्वागत कर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दुर्गा पूजा को लेकर सदर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन्न दुर्गा पूजा एवं मेले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सदर थाना परिसर पर शांति समिति की बैठक रखी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में हुए उक्त बैठक में थाना प्रभारी अर्जुन उरांव, कार्यपालक पदाधिकारी सुधा वर्मा सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सदर थाना अंतर्गत दुर्गा पूजा करने वाले सभी लाइसेंसी एवं गैर लाइसेंसी पूजा कमेटी के प्रतिनिधियों सहित शांति समिति के सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पूजा कमेटी वालों से उनकी समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। कुछ स्थानों पर महिला पुलिस की तैनाती, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था की मांग रखी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा आपकी सभी मांगें सूचीबद्ध कर लिया गया है। हर संभव सभी व्यवस्थाएं कराई जाएंगी। उन्होंने कहा हमारे यहां हर पूजा एवं त्योहार हमेशा आपसी भाई चारे के साथ मनाया जाता है इसे आगे भी जारी रखना है। प्रशासन हमेशा साथ रहेगी परंतु प्रशासन द्वारा निर्देशित गाइड लाइन का अनुपालन सभी को करना है।

# सांसद व विधायक ने किया लोकेसाई स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** नोवामुन्डी प्रखंड के लोकेसाई में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकु ने किया। मौके पर सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकु ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्यायों को जाना। ग्रामीणों ने पेयजल, आवास निर्माण, आंगनवाड़ी केन्द्र मरम्मति/पुनर्निर्माण, सड़क निर्माण आदि समस्यायों को सांसद एवं विधायक के समक्ष रखा। सांसद एवं विधायक ने गंभीरता से ग्रामीणों की समस्यायों को सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा

कि समस्यायों को समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। जब भी मौका मिले अपने समस्यायों से मुझे अवगत कराईए, परस्पर संवाद से ही समस्यायों का समाधान का रास्ता निकलेगा। क्षेत्र में मुख्य सड़क निर्माण के साथ कई ग्रामीण सड़को का काम हो रहा है, वर्तमान में डीएमएफटी फंड में योजना चयन के लिए गांव गांव में ग्राम सभा हो रही है, ग्राम सभाओं में जाएं, अपने ग्राम के योजनाओं को ग्रासभा पंजी में अवश्य शामिल कराऐं। कार्यक्रम में मुन्डा बामिया बोबोंगा, कुशल लागुरी, डेबरा बालमुचु, घसुवा बारजो, मानकी निरंजन बोबोंगा, डुबराज बोबोंगा, बलराम बोबोंगा, मुखिया सुमित्रा बोबोंगा, वार्ड मेंबर सीता बोबोंगा, खिरोवती बोबोंगा, दुलारी देवी , हेमा गुलाबी एक्का, सुरजमुनी लागुरी, बसंत गोप, जयराम गोप, लालमोहन दास, उपेन्द्र लागुरी, बिपीन लागुरी, दानिश, राना बोस, प्रदीप प्रधान, सुरेश प्रजापति, विनीत गोप, शंकर टूटी, मुकेश गोप, रंजीत गागराई, रोशन पान, रसिका लागुरी, रामधन बोबोंगा, बिरसिंह बोबोंगा, रविशचन्द्र बोबोंगा, साधुराय बोबोंगा, राजकुमार पान, रामचन्द्र बोबोंगा, आदि उपस्थित थे।

## खरसावां में मनाया गया करम परब
## संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई ईकाई के संयुक्त तत्वावधान में खरसावां के तसर मैदान में रविवार को करम परब (करम उत्सव) का आयोजन किया गया. मौके पर पारंपरिक विधिविधान, नेग-नेगाचारी के साथ करम-डाइर (शाखाओं) को आखड़ा में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी. इधर करम परब पर मांदर की थाम व झूमर की स्वरलहरियों पर लोग झूमे. करम महोत्सव के अवसर पर झुमार सम्राट रंजीत महतो, लिपनी महतो, सुनीता राणा समेत अन्य झूमर कलाकारों ने अपने सुरिले झुमर गीतों पर दर्शकों को झुमाते देखा गया. कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दशरथ गागराई, भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश माहली, कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटराय किस्कू, मांगीलाल महतो, श्वेता महतो, रामरतन महतो, तिलक महतो, अजय महतो, पंकज महतो, बबलू महतो, महेशवर महतो, सुमित महतो, आदि थे।

## रिमांड व जमानत न्यायशास्त्र विषय पर लोयला स्कूल में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुडीशियल अकादमी, झारखंड एवं पूर्वी सिंहभूम जजशिप द्वारा रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन लोयला स्कूल सभागार में रविवार को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, राज्य के विभिन्न जिलों से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक पदाधिकारीगण, जिलों के वरीय पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, लॉ स्टूडेंट्स आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश सह संरक्षक प्रमुख जुडीशियल अकादमी झारखंड रांची संजय कुमार मिश्रा वर्चुअल रूप से

उपस्थित हुए वहीं , सम्मानित अतिथियों मे न्यायधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह जज इंचार्य जुडीशियल एकैडमी रांची सुजित नारायण प्रसाद, जज हाईकोर्ट रत्नाकर भेंगड़ा, जज हाईकोर्ट दीपक रौशन , जज हाईकोर्ट अम्बुज नाथ , डायरेक्टर जुडीशियल एकैडमी रांची सुधांसू कुमार शशि, आदि थे।

## सरकार अनुसूचित जाति का दर्जा दे, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : हरेलाल मंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय सूढ़ी समाज की बैठक सोनारी में समाज के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरेलाल मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समाज को संबोधित करते हुए हरेलाल मंडल ने कहा कि हमे अनुसूचित जाति का दर्जा दे सरकार, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन। उन्होंने समाज को एकजुट होने और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर महाजुटान की घोषणा की। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश चौधरी ने 3 दिसंबर को राष्ट्रीय महाधिवेशन करने की घोषणा की, जिसमे पूरे देश से प्रतिनिधि जुटेंगे। इस मौके पर अखिल भारतीय सूढ़ी समाज के विस्तारीकरण पर जोर दिया गया, साथ ही राजनीतिक परिवेश में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने पर

सहमति बनी। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने समाज के एकजुटता पर अपना वक्तव्य रखा। बैठक में अध्यक्ष गणेश चौधरी, नंदलाल साहू, रंजीत मंडल, तापस मंडल, चीतो मंडल, सुमीत मंडल, कीर्तिवस मंडल, श्यामू मंडल, विकास दास, विक्रम मंडल, अजय मंडल, आदि थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का जनजागरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के पाहाड़पुर उच्च विद्यालय संलग्न मैदान में झारखंड के ज्वलंत मुद्दे जैसे-स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति, सीएनटी,एसपीटी एक्ट, पेसा कानून, झारखंडी संस्कृति आदि जनता के मूलभूत अधिकारों के विषयों पर जनजागरण किया गया। झाड़खंड़ राज्य का निर्माण से लेकर वर्तमान में झारखंड का क्या स्थिति है ? इन तमाम ज्वलंत मुद्दों को लेकर कोल्हान के बेबी महतो ने विस्तार से अपनी बात लोगों के बीच रखी। आयोजक के रूप में बिंदुमती महतो, साधेश्वरी , प्रतिमा, लता, अष्टमी नमिता, उत्तरा, पूर्णिमा, प्रतिमा, उषा बासंती, अनुपमा, निकिता, लक्ष्मी, आलता, कल्पना, दीपिका प्रभाती, गौतम महतो , प्रो बुद्धेश्वर, बिश्वनाथ महतो, स्वपन कुम्भकार, गणेश, चंदन, सुधीर, माणिक बेसरा, बिजय, धनंजय, जगन्नाथ, राजेन्द्र, प्रकाश, पशुपति, कृत्तिबास, गुरुपद, भागवत, जमीनी, नगेन, शैलेन्द्र, शांतिराम, नरेश, आकाश, बासुदेव, परेश, राजीब, बलराम, फूलचंद, भूषण, युधिस्ठिर, दीपक, नीलकमल, सरबेश्वर, आस्तीक, रंजीत, आषुतोष, कृष्णा, गंगाधर, चंद्रमोहन, शंकर, सुबल, भारत आदि बोड़ाम एंव पटमदा का जेबीकेएसएस सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## आकांक्षी प्रखंड सरायकेला के सभी पंचायत में मनाया गया समृद्धि दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** संकल्प सप्ताह के तहत आकांक्षी प्रखंड सरायकेला के सभी पंचायत में आजीविका समूह की दीदियों द्वारा उनके उत्पाद एवं किए जा रहे व्यवसाय से संबंधित प्रदर्शनी लगाते हुए समृद्धि दिवस मनाया गया। सभी पंचायत भवनों में समृद्धि दिवस कार्यक्रम मनाते हुए आजीविका के अन्य संसाधनों पर भी जेएसएलपीएस के पदाधिकारी और कर्मियों द्वारा प्रकाश डाला गया। किस प्रकार आजीविका समूह अपने और अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य कर सकते हैं। सरकार से किस प्रकार उन्हें सहायता

उपलब्ध कराई जा रही है इस पर भी विचार विमर्श किया गया। विदित हो कि दिनांक 30 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किए गए संकल्प सप्ताह के तहत तीन अक्टूबर को स्वास्थ्य मेला से प्रारंभ करते हुए आकांक्षी प्रखंड के विभिन्न बिंदुओं से संबंधित मेला प्रदर्शनी के माध्यम से संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज के समृद्धि दिवस पर लगाए गए प्रदर्शनी में प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जेएसएलपीएस द्वारा विभिन्न पंचायत में जाकर अवलोकन भी किया गया।

## उपायुक्त से शिकायत के बाद मिली न्यूनतम मजदूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** रविवार को झारखंड जनरल कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मानसिंह तिरिया ने मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं दिए जाने को लेकर उपायुक्त से शिकायत किया गया था जिसके बाद मजदूरों को 346 रू प्रतिदिन हाजिरी मिला। बता दे कि गत मंगलवार को इस संदर्भ में यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त को शिकायत पत्र दिया था। बताया गया कि हाटगम्हारिया प्रखंड अंतर्गत कुसमिता गांव में बन रहे जलमीनर निर्माण कार्य पिछले तीन माह से चल रहा है उस कार्य निर्माण में लगे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं देने दिया जा रहा है।

## जगन्नाथपुर प्रखंड में आयोजित हुआ प्रज्ञा केंद्र संचालकों की अनुमंडलीय स्तरीय बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** जगन्नाथपुर प्रखंड के भारत माता मंडप भवन में प्रज्ञा केंद्र संचालकों की आज अनुमंडलीय स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पश्चिमी सिंहभूम जिला यूनियन के अध्यक्ष वीर सिंह तापेय और जिला सचिव रोहन निषाद ने भाग लिया। बैठक में विचार विमर्श के पश्चात सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही सांसद/विधायक को अपनी मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें भारत सरकार और झारखंड सरकार द्वारा संचालित होने वाले ऑनलाइन सर्विस में कुल 5 महत्वपूर्ण विषय को प्रमुखता ध्यान

आकर्षण करते हुए जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन सेवा शुल्क में बढ़ोतरी, पंचायत भवन में वीएलईयों को मिलने वाली लाइट, नेट जैसी अन्य सारी सुविधा उपलब्ध कराने मांग शामिल है। बैठक में जगन्नाथपुर से राजन कुमार साहनी, शिव शकर बेहरा, नीतिश प्रधान, सुरेश चंद्र सुन्डी, नरसिंह पुरती, दिसी रंजन भेंगरा, शिव चरण लागुरी, मनीष कुमार लागुरी, मझगांव सें सुभाष चन्द्र हेम्ब्रम, गजेंद्र पिंगुआ, सनोज सिंकु ,नोवामुंडी से मदन पूरती, कोलंबस लागुरी, सुशील चातोम्बा, विश्वनाथ सुंडी, रामलाल तिरिया, दुर्गा चरण देवगम ,कुमारंडुगी से नीलम सिंह पिंगुवा, बड़ा झींकपानी से मुखिया सह वीएलई लखन लागुरी मौजूद रहे.

## गम्हरिया में महिला इंटक का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** महिला इंटक की ओर से गम्हरिया स्थित राजस्थान भवन में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से महिला इंटक की राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह उपस्थित थी। उन्होंने महिलाओं को उनके हक तथा अधिकारों से परिचित कराते हुए इसे पाने के लिए आगे आने की अपील किया। उन्होंने कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में झारखंड इंटक महिलाओं के साथ सदा खड़ा रहेगी और उनकी हर लड़ाई में हरसंभव साथ देगी। उन्होंने महिलाओं से संगठित होकर इंटक के साथ जुड़कर एक मजबूत कड़ी का

निर्माण करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इंटक मजदूरों की सेवा में हमेशा से आगे रही है। कहा कि इंटक का मुख्य उद्देश्य मजदूरों को उनका हक और अधिकार दिलाना है, जिसके लिए लगातार इंटक आंदोलनरत है और आगे भी आंदोलन करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन महिला इंटक की झारखंड प्रदेश महासचिव रिंकू रॉय ने किया। उन्होंने भी महिलाओं को इंटक से जुड़ने की अपील किया। इस मौके पर 500 से अधिक संख्या में दिहाड़ी मजदूर, घरेलू कामगार तथा कंपनियों में कार्य करने महिलाएं मौजूद थी। सम्मेलन में मुख्य रूप से महिला इंटक उपाध्यक्ष उषा सिंह, सचिव शशि आचार्य, मीरा सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा आज पहुंचेगी जमशेदपुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी कल (9 अक्टूबर) को जमशेदपुर आएंगे। अपने दो दिवसीय जमशेदपुर प्रवास पर बाबूलाल मरांडी मंगलवार दोपहर में पोटका विधानसभा एवं संध्याकाल में जमशेदपुर पुर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा की संयुक्त जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, बाबूलाल मरांडी बुधवार को जुगसलाई विधानसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन पर विस्तृत जानकारी साझा

करते हुए बताया गया कि बाबूलाल मरांडी राज्य की खनिज सम्पदाओं की खुली लूट, वादाखिलाफी, ठप्प विकास कार्य, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, नक्सली घटना और ध्वस्त कानून व्यवस्था के साथ बिगड़ती स्वास्थ्य सुविधाओं और संपोषित भ्रष्टाचार को लेकर राज्यव्यापी संकल्प यात्रा के निमित्त सोमवार को संध्या 5 बजे आदित्यपुर पुल के रास्ते जमशेदपुर पहुंचेंगे। जहां सरदार पटेल चौक पर जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे। इसके पश्चात उनका रात्रि विश्राम जमशेदपुर परिसदन में होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम शहर आगमन पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। इस दौरान पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, जिला महामंत्री राकेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, कार्यालय मंत्री बोलटू सरकार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जयप्रकाश नारायण व साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** नीमडीह प्रखंड अंतर्गत लुपुंगडिह स्थित नारायण प्राइवेट आई टी आई संस्थान में स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण एवं साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने जयप्रकाश नारायण एवं साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से एडवोकेट निखिल कुमार, अरुण पांडे, शांति राम महतो, पवन महतो, देबकृष्ण महतो, अजय मण्डल, कृष्ण पद महतो, गौरव महतो, सिशुमती दास, निमाई मंडल, आदि मौजूद रहें।

## संपादकीय

# बंदरमुक्त कैसे होंगे

**क्या** बंदर अब भी जंगल की अमानत है या इससे इनसान का मुकाबला नहीं है, फिर भी मनुष्य के अस्तित्व के प्रश्न पर मानवता हावी रहती है। वन्य प्राणी सुरक्षा कानून ने बंदर को ऐसी प्रजाति तो नहीं माना कि इसकी ओर घातक निगाह से न देखा जाए, फिर भी बंदिश यह है कि जंगल के भीतर इससे अमंगल न किया जाए। इस बार सवाल उत्पाती बंदर को मारने की अनुमति का है, तो जिक्र हिमाचल की आबादी के सामने इससे जुड़े प्रकोप का भी है। यानी जनता चाहे तो वह उत्पाती बंदर की तरफ कोई खूंखार पत्थर उछाल दे, लेकिन धर्म की आंख से अभी तक यह निशाना नहीं बना जो गोली से ऐसी शरारतों का खात्मा कर दे। एक बार धूमल सरकार ने बाकायदा अभियान चलाया और कुछ शूटर काम पर लगाए गए, लेकिन तब के तथाकथित नेशनल मीडिया खास तौर पर एक न्यूज चैनल के हिमाचली एंकर ने इस कार्रवाई को बारूद बना दिया। जाहिर है वन विभाग एक ऐसा पहरा है जो हिमाचल के प्रति सख्तियों का थानेदार तो बनना चाहता है, लेकिन अपनी वजह से उत्पन्न मानवीय परेशानियों की जिम्मेदारी नहीं लेता। वन्य प्राणी भी इसी तरह की एक भूली सी जिम्मेदारी है। बंदर क्या जाने जंगल की सीमा। सुबह किसी की छत या पेड़ पर फल उजाड़ दे और फिर शाम को शरारत के साथ जंगल के अभयारण्य में खुद को संरक्षित कर ले। जाहिर है हिमाचल की सत्तर फीसदी भूमि पर खड़ा जंगल कब अपनी सरदारी घोषित कर दे, इसका न सामाजिक जीवन को आभास है और न ही विकास के रास्तों को पता। यह कैसा वन संरक्षण जो चैन से प्राकृतिक संसाधनों से प्रदेश की मुलाकात में बाधक बना रहता है। मूल विषय तो यह होना चाहिए कि वन्य प्राणी अगर जंगल से बाहर उत्पात मचा रहे हैं, तो यह जंगलात की नीति और प्रबंधन का दोष है। यहां बंदरों और जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान का आकलन भी होना चाहिए ताकि इसकी भरपाई की जा सके। आश्चर्य यह कि अगर प्रदेश को अपनी विकास की गाड़ी जंगल के रास्ते गुजारनी पड़ती है, तो इसके बदल उतनी ही तादाद में हरियाली तथा कीमत चुकानी पड़ती है, मगर जब जंगल के जानवर बस्ती में जीना और खेत में खेती हराम करते हैं, तो वन विभाग की कोई जिम्मेदारी तय नहीं होती। हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा, मंडी, चंबा व सिरमौर के कुछ हिस्सों में जंगलों के अधीन आई जमीन सौ फीसदी इनसान की बेहतरी के लिए इस्तेमाल होनी चाहिए, लेकिन वहां के वनों ने मानव बस्तियों को घिनौने अनुभव से घेर रखा है। हमीरपुर के ही बड़सर-बिझड़ी जैसे इलाकों में वन संपदा के दंश झेलती खेती उजड़ चुकी है। किसान बंदर को जंगल की अमानत नहीं, अपनी बर्बादी का ऐसा दूत मानते हैं जिसे वन विभाग का प्रश्रय हासिल है। बंदरों की नसबंदी के जो आंकड़े दिए जाते हैं, वे प्रमाणित नहीं होते। अगर ऐसा प्रमाणित होता तो बस्ती के करीब बंदर की शुमारी कम हो जाती, परंतु सामाजिक परिदृश्य बताता है कि हर साल और साल में कई बार बंदरों की नस्ल नया व भयावह स्वरूप अख्तियार कर रही है। ऐसे में आक्रामक बंदर के खिलाफ हथियार खोलने की अनुमति भले ही प्रशंसनीय लगे, मगर इसके लिए राज्य की ओर से संकल्प जरूरी है। संकल्प वन, बागबानी, कृषि व प्रशासन के साथ मिल कर यह तय करे कि हर साल कितने खेत या बागान बंदरों से मुक्त होंगे। ये सारे विभाग किसान और बागबान के साथ-साथ आम इनसान को यह शपथपत्र दें कि कौनसा इलाका बंदर मुक्त घोषित होगा तथा इसके परिप्रेक्ष्य में कितनी सफलता अर्जित हुई, वरना चाहे कितनी भी घोषणाएं बंदरों के उत्पात के खिलाफ हो जाएं, इनसे आजिज लोगों के आंसू पोंछने का प्रमाण नहीं मिलता। सरकार को व्यापक स्तर पर बंदरों से निपटना होगा।

वन्य प्राणी सुरक्षा कानून ने बंदर को ऐसी प्रजाति तो नहीं माना कि इसकी ओर घातक निगाह से न देखा जाए, फिर भी बंदिश यह है कि जंगल के भीतर इससे अमंगल न किया जाए। इस बार सवाल उत्पाती बंदर को मारने की अनुमति का है, तो जिक्र हिमाचल की आबादी के सामने इससे जुड़े प्रकोप का भी है। यानी जनता चाहे तो वह उत्पाती बंदर की तरफ कोई खूंखार पत्थर उछाल दे, लेकिन धर्म की आंख से अभी तक यह निशाना नहीं बना जो गोली से ऐसी शरारतों का खात्मा कर दे। एक बार धूमल सरकार ने बाकायदा अभियान चलाया और कुछ शूटर काम पर लगाए गए, लेकिन तब के तथाकथित नेशनल मीडिया खास तौर पर एक न्यूज चैनल के हिमाचली एंकर ने इस कार्रवाई को बारूद बना दिया। जाहिर है वन विभाग एक ऐसा पहरा है जो हिमाचल के प्रति सख्तियों का थानेदार तो बनना चाहता है, लेकिन अपनी वजह से उत्पन्न मानवीय परेशानियों की जिम्मेदारी नहीं लेता। वन्य प्राणी भी इसी तरह की एक भूली सी जिम्मेदारी है। बंदर क्या जाने जंगल की सीमा। सुबह किसी की छत या पेड़ पर फल उजाड़ दे और फिर शाम को शरारत के साथ जंगल के अभयारण्य में खुद को संरक्षित कर ले। जाहिर है हिमाचल की सत्तर फीसदी भूमि पर खड़ा जंगल कब अपनी सरदारी घोषित कर दे, इसका न सामाजिक जीवन को आभास है और न ही विकास के रास्तों को पता। यह कैसा वन संरक्षण जो चैन से प्राकृतिक संसाधनों से प्रदेश की मुलाकात में बाधक बना रहता है।

## कुछ अलग

# 'महाभूकंप' की पदचाप

**अचानक** धरती कांप उठी और हम लडख़ड़ा कर गिरते-गिरते बचे। तुरंत एहसास हो गया कि यह भूकंप का झटका था। सभी अपना काम यथावत छोड़ कर घर-दफ्तर के बाहर निकल गए, लेकिन उस दिन पृथ्वी के भीतर ऐसी हलचलें हुईं कि आधा घंटे के अंतराल पर दो भूकंप आए। बाद वाले भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। नेपाल का हिमालयीय क्षेत्र भूकंप का केंद्र था, लेकिन राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई शहरों ने कंपन और धक्के महसूस किए। भूकंप की यह तीव्रता भी खतरनाक और घातक है। ईश्वर की कृपा रही कि कहीं से जान-माल की त्रासद खबरें नहीं आईं। कुछ लोग नेपाल में घायल हुए हैं और एक पुराने भवन की दीवार ढही है। बहरहाल भूकंप विशेषज्ञ बार-बार आकलन करते हुए भविष्यवाणी करते रहे हैं कि ये भूकंप किसी 'महाभूकंप' की पदचाप हैं। ऐसा 'महाभूकंप' 50,100 या 200 सालों में कभी भी आ सकता है। उसके निश्चित समय का आकलन विशेषज्ञ भी नहीं कर पा रहे हैं। यदि 'महाभूकंप' आया, तो 'महाप्रलय' के हालात बनेंगे और तबाही, त्रासदियां व्यापक स्तर पर होंगी। तुर्किये के भूकंप संभावित महाप्रलय की बानगी माने जा सकते हैं। यदि भूकंप की तीव्रता 7 को पार कर गई और करीब 8 हुई, तो राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्र की आधे से अधिक इमारतें वे भूकंपीय कंपन झेल नहीं पाएंगी। इसी साल अगस्त में 6 तीव्रता से अधिक के भूकंप हमने आधा दर्जन बार महसूस किए हैं। अलबत्ता भूकंपों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सवाल यह नहीं है कि भूकंप क्यों आते हैं या पृथ्वी के भीतर की प्लेटें आपस में क्यों टकराती हैं? ये सवाल फिलहाल हमारे वैज्ञानिक, भूगर्भीय विशेषज्ञों के अनुसंधान से परे हैं, लेकिन बुनियादी चिंता यह है कि हम लगातार भूकंपों से कांपने, हिलने-डुलने के बावजूद लापरवाह हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के प्रोफेसर अनिल गुप्ता का विश्लेषण है कि राजधानी दिल्ली की सोसायटियों में बहुमंजिला इमारतें बनी हैं। छोटे स्तर पर बिल्डर भी ऐसे भवन बनवा रहे हैं। वे भवन भूकंप-रोधी तकनीक से बन रहे हैं अथवा नहीं, इमारतों की भूकंप झेलने की क्षमताएं शेष हैं या नहीं, लंबे समय तक गर्मी, धूप, बारिश सहते हुए इमारतों पर उनके क्या प्रभाव पड़े हैं अथवा इमारतों के नीचे पानी रिस रहा है, तो सीलन कितनी है, इन तमाम स्थितियों की न तो उचित और निरंतर जांच की जाती है और न ही कोई कड़े कायदे-कानून हैं। यकीनन भूकंप के झटके हमारे निर्माणों की मजबूती को कमजोर तो कर ही रहे हैं। राजधानी दिल्ली की ही चिंता नहीं है, बल्कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, उप्र, बिहार के कई हिस्से, गुजरात का कच्छ रण, सभी पूर्वोत्तर राज्य, अंडेमान-निकोबार द्वीप समूह आदि भूकंप-संवेदी क्षेत्र हैं। इन्हें जोन 4 और 5 में वर्गीकृत किया गया है। यानी ये क्षेत्र विध्वंस और मौत के कगार पर स्थित हैं। नेपाल का 7.9 तीव्रता वाला भूकंप 2015 में हम देख-पढ़ चुके हैं। कितने लोग मारे गए थे और कितने भवन 'मलबा' हो गए थे। इतिहास में 1897 का शिलांग पठार का 8.1 तीव्रता, 1905 में कांगड़ा का 7.8 तीव्रता, बिहार-नेपाल सीमा का 1934 में 8.3 तीव्रता और 1950 में अरुणाचल-चीन सीमा पर 8.5 तीव्रता के भूकंप दर्ज हैं।

## अंग्रेजों को अपने शासन को सुचारू रूप से संचालन के लिए नौकरों की आवश्यकता थी

# भारत में बेरोजगारी की समस्या का हल निकालने में मिल रही है सफलता

**प्रह्लाद सबनानी**

पिछले एक दशक के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने भारतीय नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई नई योजनाएं प्रारम्भ की हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) प्रारम्भ की गई थी। इस योजना को प्रारम्भ करने का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को सुरक्षित बेहतर आजीविका प्राप्त करने के लिए उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना था।

**भारतीय** सनातनी वेदों एवं ग्रंथो में इस बात के कई प्रमाण मिलते हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि भारत सदैव ही आर्थिक रूप से सम्पन्न देश रहा है एवं भारत के समस्त नागरिकों के लिए रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध रहे हैं। मुद्रा स्फीति, आय की असमानता, बेरोजगारी एवं ऋण के भारी बोझ के तले दबे रहना जैसे शब्दों का तो प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास में वर्णन नहीं के बराबर मिलता है। भारत के समस्त नागरिकों की पर्याप्त मात्रा में आय होती थी जिससे वह अपने परिवार का आसानी से गुजर बसर कर पाते थे एवं समाज में समस्त नागरिक प्रसन्नता पूर्वक रहते थे। दरअसल प्राचीन भारत के उस खंडकाल में नागरिकों में उद्यमशीलता अपने चरम पर थी। परिवार के जमे जमाए व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी सफलतापूर्वक आगे चलते रहते थे एवं परिवार के सदस्यों के आय अर्जन का मुख स्त्रोत बने रहते थे। इस दृष्टि से नागरिकों को सामान्यतः नौकरी के लिए परिवार के पारम्परिक व्यवसाय के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। इस प्रकार उस खंडकाल में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न ही नहीं होती थी। भारत पर आक्रांताओं के आक्रमण एवं इसके तुरंत बाद अंग्रेजों के शासनकाल में भारतीय नागरिकों की उद्यमशीलता को समाप्त कर उनमें नौकरी करने की भावना को विकसित किया गया क्योंकि अंग्रेजों को अपने शासन को सुचारू रूप से संचालन के लिए नौकरों की आवश्यकता थी। अंग्रेजों के शासनकाल में भारत की शिक्षा पद्धति को भी कुछ इस प्रकार से परिवर्तित किया गया कि भारतीय नागरिक अपनी पढ़ाई समाप्त करने के पश्चात अंग्रेजों के संस्थानों में केवल नौकरी कर सके। दीर्घकाल में इसका परिणाम यह हुआ कि भारतीय नागरिक केवल नौकरी को ही रोजगार का साधन मानने लगे और उन्हें यदि नौकरी नहीं मिल पाती तो वे अपने आप को बेरोजगार मानने लगे। भारतीय नागरिकों में उद्यमशीलता तो जैसे समाप्त ही हो गई थी। परंतु, पिछले लगभग 10 वर्षों के दौरान भारतीय नागरिकों में उद्यमशीलता को पुनः पैदा करने के अथक प्रयास किये गए हैं, जिनमे सफलता भी मिलती दिखाई दे रही है और भारत में अब पुनः बहुत बड़ी मात्रा में उद्यमों को स्थापित किया जा रहा है, जिससे भारतीय नागरिक अब धीरे धीरे नौकर नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनते जा रहे हैं। पिछले एक दशक के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने भारतीय नागरिकों को




रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई नई योजनाएं प्रारम्भ की हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) प्रारम्भ की गई थी। इस योजना को प्रारम्भ करने का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को सुरक्षित बेहतर आजीविका प्राप्त करने के लिए उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना था। वर्ष 2016 में स्टार्ट-अप इंडिया योजना देश में लागू की गई थी। इस योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा तंत्र विकसित करना था, जो पूरे देश में उद्यमिता का पोषण और प्रचार करता हो। वर्ष 2016 में ही स्टैंड अप इंडिया योजना प्रारम्भ की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और एससी/एसटी उधारकर्ताओं को 10 लाख रुपये तक के बैंक ऋण की सुविधा तथा ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए 1 करोड़ रु. तक का ऋण प्रदान करना था। इसके पूर्व, वर्ष 2014 में राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की स्थापना 'कौशल भारत' एजेंडे को 'मिशन मोड' में चलाने के लिए की गई थी ताकि मौजूदा कौशल प्रशिक्षण पहलों को एकजुट किया जा सके और कौशल प्रयासों के पैमाने और गुणवत्ता को गति के साथ जोड़ा जा सके। इन योजनाओं के साथ ही भारतीय नागरिकों और राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को सम्बोधित करने के लिए भारत सरकार द्वारा कई अन्य योजनाएं (पीएमगरीब कल्याण योजना, आयुषमान भारत, प्रसाद योजना, आदि) भी प्रारम्भ की गई हैं। विभिन्न सरकारों के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे कुछ सांस्कृतिक संगठनों ने भी भारत में रोजगार के अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से कई अन्य सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर भी कुछ प्रयास प्रारम्भ किया गए। संघ ने तो अपने कुछ अनुशांगिक संगठनों को यह जिम्मेदारी सौंपी कि वे इस क्षेत्र में विशेष प्रयास करें। इन सामाजिक, आर्थिक एंड सांस्कृतिक संगठनों ने मिलकर समाज में विशेष रूप से युवा नागरिकों के उद्यमशीलता को पुनः विकसित करने के सफल प्रयास किए हैं एवं अब एक बार पुनः भारत में उद्यमों को बढ़ावा मिलता दिखाई दे रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर्मचारी भविष्यनिधि संस्थान में रजिस्टर हुए नए सदस्यों की संख्या वित्तीय वर्ष 2018-19 में 61 लाख थी जो वित्तीय वर्ष 1920-21 में 77 लाख, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 122 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 139 लाख हो गई है। इस संख्या में लगातार सुधार से आश्य यह है कि देश में युवाओं को फोर्मल रोजगार बड़ी संख्या में मिल रहे हैं। यहां इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि इस दौरान विश्व के अन्य देशों में कई कम्पनियों में कर्मचारियों की छटनी की गई है। इसी प्रकार पीरिओडिक लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार जनवरी 2022 से भारत में बेरोजगारी की दर में लगातार कमी देखने को मिल रही है। जनवरी 2022 में देश में बेरोजगारी की दर 8.2 प्रतिशत थी जो अप्रेल-जून 2022 तिमाही में घटकर 7.6 प्रतिशत तो वहीं जुलाई-सितम्बर 2022 तिमाही में 7.2 प्रतिशत, अकटोबर-दिसम्बर 2022 तिमाही में 7.2 प्रतिशत से घटाकर जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में 6.8 प्रतिशत पर आ गई है। सीएमआईई द्वारा जारी एक अन्य जानकारी के अनुसार, भारत में बेरोजगारी की दर मार्च 2023 में घटकर 7.6 प्रतिशत हो गई है जो मार्च 2022 में 8 प्रतिशत एवं मार्च 2021 में 10 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक) में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में घटकर 9.2 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि एक वर्ष पहिले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत थी। वहीं, पुरुषों में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर इस वर्ष पहली तिमाही में कम होकर 6 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में 7.7 प्रतिशत थी। देश में राज्यवार बेरोजगारी का विश्लेषण करने पर ध्यान में आता है कि 10 प्रतिशत से अधिक बेरोजगारी की दर वाले राज्य हैं, हरियाणा में 37.4 प्रतिशत, राजस्थान में 28.5 प्रतिशत, दिल्ली में 20.8 प्रतिशत, बिहार में 19.1 प्रतिशत, झारखंड में 18 प्रतिशत, जम्मू कश्मीर में 14.8 प्रतिशत, त्रिपुरा में 14.3 प्रतिशत एवं सिक्किम में 13.6 प्रतिशत है।

# महाविद्यालयों में खेल विंग कब?

पंजाब अपने विभिन्न विश्वविद्यालयों के विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय परिसरों में खेल सुविधा के अनुसार खेल विंग चलवा कर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेलों की प्रतिष्ठित मौलाना अब्दुल कलाम ट्राफी पर कब्जा करता रहा है तथा खेल विंगों के माध्यम से ही उसने खेलों में श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त किया हुआ है। प्रतिभा व सुविधा के अनुसार हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में भी सरकार खेल विंग खोलती है तो भविष्य में हिमाचल के और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के कई महाविद्यालयों के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल ढांचा तैयार खड़ा यूं ही बेकार हो रहा है। हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों में भी खेल विंग हो, इस कॉलम के माध्यम से पिछले दो दशकों से इस पर बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर तत्कालीन सरकारों का रवैया उदासीन ही रहा है।

**विश्व** के अधिकांश पदक विजेता खिलाड़ी महाविद्यालय स्तर से ही निकल कर आगे आते रहे हैं। जिन जिन देशों ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है वहां के शिक्षा संस्थानों के पास अच्छी खेल प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल ढांचा व प्रशिक्षक उपलब्ध रहते हैं। हिमाचल में महाविद्यालय स्तर पर खेल सुविधाओं का टोटा है। पंजाब की तरह यहां अभी तक महाविद्यालय स्तर पर खेल विंग विद्यार्थी खिलाडियों के लिए उपलब्ध नहीं है। पंजाब अपने विभिन्न विश्वविद्यालयों के विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय परिसरों में खेल सुविधा के अनुसार खेल विंग चलवा कर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेलों की प्रतिष्ठित मौलाना अब्दुल कलाम ट्राफी पर कब्जा करता रहा है तथा खेल विंगों के माध्यम से ही उसने खेलों में श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त किया हुआ है। प्रतिभा व सुविधा के अनुसार हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में भी सरकार खेल विंग खोलती है तो भविष्य में हिमाचल के और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के कई महाविद्यालयों के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल ढांचा तैयार खड़ा यूं ही बेकार हो रहा है। हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों में भी खेल विंग हो, इस कॉलम के माध्यम से पिछले दो दशकों से इस पर बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर तत्कालीन सरकारों का रवैया उदासीन ही रहा है। खेल विंगों के लिए सरकार को न तो खेल ढांचा खड़ा करना पड़ता है और न ही नया छात्रावास बनाना पड़ता है। केवल खेल विशेष का प्रशिक्षक और खिलाडियों के लिए खुराक व रहने का प्रबंध करना होता है जो आसानी से बहुत कम धन राशि खर्च करके हो सकता है। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर, धर्मशाला, बिलासपुर व सरस्वती नगर में एथलेटिक्स के विंग आसानी से चल सकते हैं क्योंकि यहां तीन जगह सिंथेटिक ट्रैक हैं और चौथी जगह सरस्वती नगर में बन रहा है। हमीरपुर व धर्मशाला में साई विभिन्न खेलों में एक्सीलेंस सैंटर चला रही है, मगर यहां पर राष्ट्रीय पदक विजेताओं को ही प्रवेश मिलेगा। अच्छा होगा हिमाचल सरकार अपने प्रदेश से राष्ट्रीय पदक विजेता तैयार कर इन सैंटरों में भेजे। भारतीय खेल प्राधिकरण के शिलारू केन्द्र में भी दो सौ मीटर का सिंथेटिक ट्रैक बिछ गया है। वहां के नजदीकी विद्यालयों में एथलेटिक्स की नर्सरियां स्थापित हो सकती हैं। ऊना तथा मंडी में तैराकी के लिए तरणताल उपलब्ध हैं। शिलारू व ऊना में हॉकी की एस्ट्रोटर्फ बिछी हुई है। हिमाचल प्रदेश में विभिन्न खेलों का स्तर राज्य में खेल छात्रावासों के खुलने के बाद काफी सुधरा है। विद्यालय स्तर पर खेल छात्रावासों को आज से तीन दशक पहले शुरू कर दिया गया था। पपरोला के बास्केटबॉल खेल छात्रावास ने एक समय तक अच्छे परिणाम दिए हैं। हॉकी में माजरा स्कूली खेल छात्रावास की लड़कियों ने पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय स्कूली खेलों में हिमाचल प्रदेश को पदक तालिका में स्थान दिलाया है। यदि इन लड़कियों को एस्ट्रोटर्फ मिलता है तो बात कुछ और हो सकती है। स्कूल स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का प्रदर्शन सम्मानजनक खेल छात्रावासों के कारण रहता है। हिमाचल प्रदेश में स्कूली स्तर पर पपरोला में लडक़ों के लिए बास्केटबॉल, सुंदरनगर व नादौन में लडक़ों की हाकी, माजरा में लड़कियां के लिए हाकी में खेल छात्रावास चल रहे हैं। वालीबाल में स्कूली स्तर पर प्रशिक्षण का प्रबंध है। मतियाणा व रोहडू में लडक़ों को तथा कोटखाई में लड़कियों के लिए खेल छात्रावासों को वर्षों पहले से शुरू किया गया है। रोहडू में फुटबॉल का भी खेल छात्रावास है। इन छात्रावासों में अच्छे प्रशिक्षकों के साथ साथ खेल सुविधाओं में काफी सुधार की जरूरत है। हिमाचल प्रदेश में भारतीय खेल प्राधिकरण ने तीस वर्ष पहले बिलासपुर व धर्मशाला में खेल छात्रावासों की शुरुआत की है। दो छात्रावास राज्य सरकार ने ऊना तथा बिलासपुर में चला रखे हैं। इन खेल छात्रावासों में अधिकांश बारह से चौदह वर्ष के खिलाड़ी बालक व बालिकाओं को ही प्रवेश मिलता है। स्कूल से निकल कर जब खिलाड़ी महाविद्यालय में प्रवेश ले रहा होता है तो उस समय उसकी उम्र अठारह वर्ष हो चुकी होती है। इसलिए इन खेल छात्रावासों में दाखिल होने के अवसर न के बराबर होते हैं। इसलिए हिमाचल में खिलाड़ी विद्यार्थी को स्कूल के बाद महाविद्यालय स्तर पर खेल विंग मिलना जरूरी हो जाता है। हिमाचल प्रदेश में महाविद्यालय स्तर पर कोई भी प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध न होने के कारण स्कूली स्तर पर सामने आई खेल प्रतिभाओं को या तो हिमाचल प्रदेश से पलायन कर पड़ोसी राज्यों के खेल विंगों की शरण लेनी पड़ती है या फिर असमय ही खेल को अलविदा कह कर गुमनामी के अंधेरे में खो जाना होता है। निजी स्तर पर नब्बे के दशक से सुंदरनगर में मुक्केबाजी तथा हमीरपुर में जूडो व एथलेटिक्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम जो शुरू हुआ था उसी से मुक्केबाजी में परशुराम अवार्ड से सम्मानित पहले शिव चौधरी व अब आशीष चौधरी के लिए आधार मिला। आज आशीष ओलंपिक खेल चुका है जो हिमाचल प्रदेश के लिए बहुत गौरव की बात है। हमीरपुर से जूडो में परशुराम अवार्डी नूतन, एथलेटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम से परशुराम अवार्डी पुष्पा ठाकुर ने तेज गति की दौड़ों में व संजो ठाकुर ने भाला प्रक्षेपण में राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश को पहचान दिलाई है। मोरसिंघी में चले हैंडबाल प्रशिक्षण कार्यक्रम से कई महिला खिलाडियों ने हिमाचल प्रदेश को कई बार पदकों से सजाते हुये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। पूरे संसार में खिलाडियों के लिए महाविद्यालय स्तर पर उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं क्योंकि यही उम्र होती है जहां से खिलाड़ी को स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की जरूरत होती है।

## देश दुनीया से

# छोटी फिल्मों के बड़े सरोकार

**हाल** ही में शिमला में सम्पन्न अन्तरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में स्क्रीन की गयीं अधिकांश फिल्में विषय विविधता, कहानी कहने की अनूठी कला, मानवीय रिश्तों में संवेदनहीनता की पराकाष्ठा, जेंडर समस्या व खुद के लिये जीने लायक स्पेस अर्जित करने की छटपटाहट के लिये याद की जाएंगी। कला, साहित्य व फिल्मों की सृजनात्मक विधाएं भौगोलिक सीमाओं को तोडक़र हर देश में लोगों को प्यार, मोहब्बत व संवेदना के स्तर पर 'वसुधैव कुटुम्बकम' की तरह जोड़ती हैं। फिल्म में अगर संवाद न भी हो तो उसकी 'विजुअल लैंग्वेज' यानी दृश्य भाषा स्वतः ही फिल्म की कहानी को बयान कर देती है। शिमला फिल्मोत्सव का यह नौवां संस्करण था। करीब एक दशक की यात्रा में शिमला के गेयटी थियेटर में हर साल उमडने वाले सिने प्रेमियों के सैलाब से स्पष्ट है कि दर्शकों के अन्तर्मन को झिंझोडने वाली फिल्में हर दौर में अपनी सार्थकता साबित कर ही लेती हैं। पुष्पराज व देवकथा के सांझे प्रयासों से इस बार दुनिया भर से 106 फिल्मों का चयन हुआ जिनमें से 38 फिल्में 20 देशों से पहुंची तो भारत के 24 राज्यों में से 63 फिल्मों के अलावा हिमाचल श्रेणी में 5 फिल्मों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज की। यह सही है कि शिमला का आकर्षण देश-विदेश के फिल्मकारों को अपनी नैसर्गिक छटा के बल पर खींचता है। सन 1889 में निर्मित गेयटी थियेटर में करीब 15 साल पहले सिनेमा स्क्रीनिंग के लिये एक प्रोफैशनल प्रेक्षागृह का निर्माण हुआ तो फिल्म रसिकों ने इसका भरपूर उपयोग किया। ऐसे समारोहों के आयोजन में प्रदेश सरकार के भाषा विभाग का सहयोग काबिले तारीफ है। इस फैस्टिवल को जिस बड़े पैमाने पर अनेक संस्थाएं 'स्पान्सर' कर रही हैं, उससे पता चलता है कि चन्द सालों में ही यह फिल्मोत्सव अनेक 'माइल स्टोन' हासिल करने में कामयाब रहा है। इस साल फिल्मोत्सव का एक और आकर्षक व शानदार पहलू था नाहन, कण्डा जेलों में कैदियों के लिये फिल्मों का प्रदर्शन। शिमला के करीब ढली में 'विशेष बच्चों' के लिये भी फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। सिनेमा जैसे सशक्त माध्यम को 'माल रोड कल्चर' से बाहर निकालकर दीगर संस्थानों में ले जाना वास्तव में सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध होने का परिचायक है। जिन देशों की फिल्मों का फिल्म फैस्टिवल में चयन हुआ उनमें अमेरिका, बेलजियम, इरान, कैनेडा, चीन, चेक रिपब्लिक, तुर्की, नेपाल, मिश्र, बांग्लादेश, इटली, पोलैण्ड, अर्जेन्टीना, स्वीडन, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस और दुबई शामिल हैं। लेकिन पुरस्कारों की बात करें तो फारसी ज़बान में निर्मित इरान की फिल्मों की धूम रही। 'नरेगेसी' और 'फार द सेक आफ आवा' और अफगानिस्तान की 'रोया', 'बांग्लादेश की नारी', 'चेक रिपब्लिक की' 'सेवन थाऊसेन्ड सोलस', को अन्तरराष्ट्रीय श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। गुवाहटी की फिल्म मेकर रूपम ज्योति मालांकर की फिल्म 'एकाकी' ने भी दर्शकों को ध्यान खींचा। 'नरेगेसी' में एक ऐसे व्यक्ति के संघर्ष को उकेरा गया है जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, मगर वो प्यार की तलाश में है ताकि शादी रचाकर 'खुशियां' बटोर सके। लेकिन स्वार्थी दुनिया में उसके जैसे लोगों के लिये कोई जगह नहीं है। लेकिन एक उपहार उसके जीवन को बदल देता है। 'फॉर द सेक ऑफ आवा' एक ऐसी लडक़ी 'आवा' की कहानी को बयां करती है जो दूसरे देश में एक समारोह में अपनी प्रस्तुति देने के लिये जाना चाहती है, लेकिन उसके पास न तो जन्म प्रमाण पत्र है, न ही पासपोर्ट। कारण, उसकी माता इरान से है और पिता अफगानी। 'रोया' अफगानी फिल्म है जो अपने विषय से दर्शकों को स्तब्ध कर देती है। इसे उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री को भी दिखाया गया। इस फिल्म ने दर्शकों को बांधे रखा। फिल्म में एक अफगान और उसकी पत्नी एक दल के साथ अफगानिस्तान की सीमा पार कर यूरोप में गैर कानूनी ढंग से दाखिल होने के लिये भय, आतंक के माहौल में मीलों का सफर पैदल तय करते हैं। बियावान और मरूस्थल में। उसकी गर्भवती पत्नी प्रसव पीड़ा के कारण रोने चिल्लाने लगती है।

कला, साहित्य व फिल्मों की सृजनात्मक विधाएं भौगोलिक सीमाओं को तोडक़र हर देश में लोगों को प्यार, मोहब्बत व संवेदना के स्तर पर 'वसुधैव कुटुम्बकम' की तरह जोड़ती हैं। फिल्म में अगर संवाद न भी हो तो उसकी 'विज़ुअल लैंग्वेज' यानी दृश्य भाषा स्वत: ही फिल्म की कहानी को बयान कर देती है। शिमला फिल्मोत्सव का यह नौवां संस्करण था। करीब एक दशक की यात्रा में शिमला के गेयटी थियेटर में हर साल उमडऩे वाले सिने प्रेमियों के सैलाब से स्पष्ट है कि दर्शकों के अन्तर्मन को झिंझोडऩे वाली फिल्में हर दौर में अपनी सार्थकता साबित कर ही लेती हैं। पुष्पराज व देवकथा के सांझे प्रयासों से इस बार दुनिया भर से 106 फिल्मों का चयन हुआ जिनमें से 38 फिल्में 20 देशों से पहुंची तो भारत के 24 राज्यों में से 63 फिल्मों के अलावा हिमाचल श्रेणी में 5 फिल्मों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज की। यह सही है कि शिमला का आकर्षण देश-विदेश के फिल्मकारों को अपनी नैसर्गिक छटा के बल पर खींचता है।

## दृष्टिकोण

# अंधी जमात के वारिस

**इतना** वक्त गुजर गया, उन्हें कुछ पता ही नहीं चला। कल तक जो अपने आपको नवांकुर कह कर उनके गमलों में रोपित हो जाना चाहते थे, आज वह अचानक बरगद बन कर उन्हें अपने साये से महरूम कर देना चाहते हैं। कल तक जो उन्हें क्रांतिकारी कह उन पर आलोक आरोपित कर उसकी विरासत का ध्वज जो जाना चाहते थे, आज उन्हें बीते जमाने की अंधेरी परछाई कह उससे यूं अलग हुए कि जैसे चिहुंक कर कहते हो, 'छाया मत छूना मन। हो जाएगा दुख दूना मन।' वे लाख उन्हें गलत कह दें, सच सच चिल्ला दें, बस्ता ढोने से कहीं बेहतर है अपना ग्रन्थ आप रचने का दावा करना। आजकल जल्दी समझ आ जाती है, किसी ज्योति स्तम्भ से आलोकित होने की बजाय, उसके समानान्तर अपना ज्योति स्तम्भ स्थापित कर देने का शुबहा पैदा कर देना। यह सच है जो आज उनके आंगन में झूठ था, वह हमारे आंगन में सच का श्रृंगार बनेगा, तभी तो हमारी मौलिकता, हमारे अलगाव की ताजपोशी होगी। ऐसा उन्होंने सबको बता दिया। इसीलिए तो आज सहज स्वीकार से अधिक सार्थक आक्रामक नकार हो गया है। हर बदलाव के आंदोलन का सामना करने का एक ही तरीका है, पहली जितनी देर हो सके, उसके सुगबुगाते हुए वजूद की अवहेलना कर दो, फिर अपनी मूर्तिभंजक भूमिका से किसी ऐसे दरकिनार कर दिये गये तर्क के ढांचे को शिरोधार्य कर वाचाल स्वर में उसका प्रतिस्थापन कर दो। बदलाव की पहली आवाज खुद ही शर्मिन्दा होकर गूंगी हो जाएगी। आपका विकल्प के रूप में उत्पन्न झूठा सच ही बदलाव की बयार बन जायेगा। पुरोधा को नकार कर ही भविष्य पुत्र पैदा होते हैं। समय हमेशा आने वाले कल को आशीर्वाद देता है, बीते कल के लिए तो आजकल कोई विदागान भी नहीं गाता। यह वक्तव्य अपनी दाड़ी खुजाते एक भविष्य जीवी नागरिक अपने समकक्ष दूसरे सत्य की पैरवी करते हुए समकालीन जुझारुओं के लिए कहा था, कि जिनकी समकालीनता छीन उन्हें पिटा हुआ बोसीदा सच कह उन्हें पटरी से उतार देने में ही जैसे अपना क्रांतिबोध मारक बना रहे थे। लीजिये एक क्रांति संभाषण से बड़ा बन कर दूसरा संभाषण उससे टकराया। टकरा कर ये सब संभाषण तो अपनी सफलता की मंजिलें तय करते चल गए, नीचे धरती तल पर रह गये वे करोड़ों लोग, जिन्हें अपने कंधों पर बैठाकर इन भाषणबाजों ने उड़ान भरनी थी। उड़ान तो उनकी जारी है, परन्तु इस उडऩखटोले पर सवार हैं उनके नाती-पोते, जो कभी उनके अपने आदमी थे, वही बन गये वंशज, जिनके पत्तों पर तकिया वही अब उन्हें हवा देता कह कर इधर-उधर बिखरा दिये गए। प्रगति के रास्ते पर सत्ता की दलाली के इतने टीले खड़े हो गये कि परिवर्तन की पुकार नासमझी लगने लगी है। और हर क्रांति की हुंकार बड़ी हवेलियों के द्वार से अपनी प्राण वायु के लिए कतार लगाती दिखने लगी है। निवेश के आकाशचारियों ने तरक्की के नये आसमान छू लिये, जो धनपति थे, और परिवर्तन के नाम पर मरते निवेश को जिंदगी दे देने का दावा कर रहे थे, वे तो दुगनी तरक्की कर गये और उनकी कतार से बहिष्कृत लोगों की रोजी-रोटी भी गई। उखड़े हुए लोगों के भाग्य में तो उखडऩा ही लिखा होता है। उनका बेकार युवा बल गांवों से उखड़ता है तो शहरों की ओर धंधा पाने का रुख करता है। कोरोना की मृत्युवाहिनी की ध्वनि ने उन्हें शहरों की गंदी बस्तियों से उखाड़ कर वापस गांवों की ओर फेंका कि जाओ एक नये कृषक भारत का निर्माण करो, लेकिन वहां तो वहीं ऊसर वीरानी थी और धनाढ्य साहूकार, दलालों और जमीदारों के पास बंधक पड़े बंटाईदार थे।

## एनडीपीएस एक्ट का फरार अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कांड संख्या 39/22 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज का फरार चल रहा अभियुक्त को थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में गिरफ्तार कर विकास कुमार पिता विनय दांगी गिद्धौर पंचायत गांव निवासी को रविवार को जेल भेज दिया है। बताया गया कि बीते रात्रि 8:30 बजे एस आई हिमांशु शेखर ने गिद्धौर मुख्य चौक से युवक को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के प्रति दर्ज 8जुलाई2022 धारा - 18,27,28,29 हृष्ठक्क्ष्ट्स में मामला दर्ज है। एवं पुर्व में भी अपराधिक इतिहास इटखोरी थाना कांड संख्या - 52/19 धारा - 414/34 द्ब. क्क ष्ट एंव 18(ष्ट)/21/22 एनडीपीएस एक्ट रामगढ़ थाना कांड संख्या - 410/17 धारा 17/18(क्क)/21 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज है।

## एनटीपीसी के सहयोगी कंपनी सिम्प्लेक्स के द्वारा लैगून टू का काम लिपापोती का मामला आया सामने

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला के टंडवा प्रखंड में स्थित एनटीपीसी पॉवर प्लांट प्रोजेक्ट में काम को अंजाम देने वाली सहयोगी कंपनी सिम्प्लेक्स के द्वारा लैगून टू की स्थिति बद से बद्तर है।, मौजूदा हालात के हिसाब से लैगून टू बनाने वाली कंपनी की काली करतूत की पोल खुल सकती है। लोगों ने कहा कि सिम्प्लेक्स में अफसर शाहों की मिलीभगत से चलती है पेटी कॉन्ट्रेक्ट। इतनी बड़ी कंपनियों में एसी काम करने वाली कंपनियों पर उंच स्तरीय जांच का विषय बन सकता है। इस वक्त मौजूदा समय में आंखों देखा हाल लैगून टू का स्थिति ही बयां कर सकता है। अभी देखा जा सकता है कि लैगून टू से पानी की बाव रिसने की तौर पर अधिक देखा गया। इसके वजह से खतरा बनकर मंडराता देख लोगों ने कहा कि कभी भी अगल-बगल जैसे गांवों को दुर्दशा बुरा हाल होगा। जैसे कि नईपारम, दुंदुवा, के अलावा बहुत सारे गाँव की संकट बन सकता है। अगर लैगून टू टूटता है तो हजारों घर बेघर होने की कगार पर आ सकता है। लेकिन एक अदना आदमी प्रत्येक दिन मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले बतायें तो किसको बताएं इससे पता चलता है कि इतने बड़ी बड़ी कंपनियां होते हुए भी लोग बेरोजगारी की मार झेलना पड़ रहा है। वजह यह है कि इन कंपनियों में अक्सर बाहरी लोग नज़र आते हैं। लेकिन इस बार सामाजिक संगठन दुर्गा सोरेन सेना के जिला महासचिव सह केंद्रीय उपाध्यक्ष संतोष नायक बताते हैं कि लैगून टू में पानी की स्टॉक ज्यादा होने से ये हाल बेहाल में तब्दील होने का डर सता रहा है अगल बगल के गांव के लोग भैय की माहौल में जी रहे हैं।

## नहाने के दौरान गुम हुई बच्ची का शव नदी से बरामद

**मनिका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के भटको के औरंगा नदी में दिन शनिवार की दोपहर लगभग 3:00 बजे नहाने के क्रम में नदी में 6 बच्ची डूब गई थी ग्रामीणों के प्रयास से चार बच्ची को सुरक्षित निकाल लिया गया था और दो बच्ची नदी में बह गई थी जिसमें एक बच्ची पूर्णिमा कुमारी का शव को ग्रामीणों ने तुरंत निकाल लिया वहीं दूसरी बच्ची चांदनी कुमारी का शव खोजने के लिए ग्रामीण रात भर नदी में प्रयास करते रहे इसके बाद दिन रविवार की सुबह भटको और उचवा बाल के बीच में औरंगा नदी के किनारे शव होने की सूचना लोगों को मिली जिसके बाद परिजन उक्त स्थान पर पहुंचकर शव का पहचान कर शव घर ले आए इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल छाया हुआ है मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पीड़ित परिवार को दिया गया सहायता राशि एवं राशन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत दोरहा टोला निवासी सुरेन्द्र कोरवा बुधवार को गारू सप्ताहिक बाजार से अपने घर आने के क्रम में कार्रवाई के कोयल नदी पार करने के दौरान बाढ़ के तेज बहाव में बह गया है, जिसका पता अभी तक नहीं चल सका है। यह मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनूज सोरेन एवं मुखिया के द्वारा सुखा राशन मुहैया कराया गया। वही उपप्रमुख सुनिल उरांव एवं मुखिया राजेश सिंह के द्वारा पिड़ित परीवार के घर जाकर सुखा राशन एवं सहायता राशि दिया गया। साथ ही उन्होने परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए एवं घर का हालात को देखते हुए मुखिया ने कहा कि पिड़ित परिवार को अम्बेदकर आवास एवं 8 वर्षिय पुजा कुमारी का नामांकन बेहतर स्कूल में कराने की बात कहा गया।

## मगध संघमित्रा सीसीएल के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र के सीएस आर मद के तहत रविवार से ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन देवलगडा गांव के बिरसा मैदान में आयोजित किया गया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रारंभ मगध संघमित्रा के महाप्रबंधक श्री नृपेंद्र नाथ के द्वारा फुटबॉल को किक मारकर किया गया। शुरुआती मैच नईपारम वर्सेस मासिलौंग के बीच खेला गया, जिसमें मासीलौग ने एक जीरो से जीत हासिल किया। यह फुटबॉल टूर्नामेंट का खेल आगामी 5 दिनों तक खेला जाएगा। इस मौके पर सराधू पंचायत कि मुखिया सीता देवी, यूनियन लीडर, मगध संघमित्रा के अधिकारी, कर्मचारी एवम देवलगड़ा गाव के फुटबॉल क्लब के आयोजक शामिल थे। पांच दिनों तक चलने वाली इस टूर्नामेंट मे कुल 32 टीम भाग ले रही है।

# नाबालिक युवती का अपहरण, कई घंटों बाद भी कोई सुराग नहीं मिला

### विरोध में चार बार सड़क जाम, लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप से शनिवार को 15 वर्षीय रेशमा प्रवीण नाबालिक युवती का अपहरण के 30 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिला ।जिससे युवती के परिजनों एवं उसके समर्थकों द्वारा बालूमाथ को चार बार सड़क जाम किया। जिससे पूरा बालूमाथ एवं आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ पुलिस शक के आधार पर लगभग दर्जनों लड़के को बालूमाथ थाना में लाकर पूछताछ कर रही है। लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है ।इधर लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने इस मामला के उद्भेदन को लेकर एक एसआईटी का गठन बालूमाथ के प्रभारी डीएसपी दिलु लोहरा के नेतृत्व में की है।परिजनों ने शनिवार पहला सड़क जाम को 3:30 से 4:30 तक रहा फिर दूसरा सड़क जाम 5:30 से 6:30 बजे तक तीसरा शनिवार की रात्रि 10:00 से 2:00 बजे रात तक रहा जबकि चौथा सड़क जाम रविवार को दोपहर 3:00 बजे से समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम था जिससे वाहनों की सड़क के दोनों ओर लंबी कतार लग गई। इधर जाम कर रहे लोगों में से मो0 फैसल ने कहा कि प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है 28 घंटा बीत जाने के बाद भी अभी तक लड़की को बरामद नहीं किया गया है ,इसलिए हमलोग सड़क जाम किया। वही मो0जुगनू ने कहा कि प्रशासन द्वारा कुछ संदिग्ध लोगों को लाकर पूछताछ कर रही है ।लेकिन हम लोगों को कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है इसलिए हम लोग सड़क जाम किया।

## यदुवंशी समाज का प्रखंड स्तरीय चुनाव संपन्न अध्यक्ष बने हेमन यादव, महासचिव बने रामदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत यदुवंशी समाज के लोगों ने प्रांतीय यादव महासभा की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को बारियातु पंचायत भवन परिषर में आयोजित किया गया।इसकी अध्यक्षता प्रमुख अनिता यादव ने किया। संचालन गंगा प्रसाद ने किया।बैठक में पर्यवेक्षक प्रतीक अंगार व अजय कुमार यादव की मौजूदगी में प्रखंड किमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।नई किमिटी में हेमन यादव को अध्यक्ष,शिवकुमार यादव को कार्यकारी अध्यक्ष व रामदेव यादव को प्रमुख महासचिव बनाया गया।इसके अलावे दुवारी मुखिया जगदीश यादव को कोषाध्यक्ष गंगा प्रसाद को मीडिया प्रभारी अर्जुन यादव को युवा प्रखंड अध्यक्ष शिक्षक रामकुमार यादव को शिक्षा प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष पूर्व प्रमुख प्यारी देवी को महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाया गया।इसके अलावे कोमल यादव मुख्य सलाहकार,मुनेश्वर यादव व संजय यादव को प्रखंड संरक्षक,प्रीतम यादव व नागेश्वर यादव को सचिव,उमेश यादव को राजनीतिक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष,अधिवक्ता संदीप कुमार यादव को नीति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद की जबाबदेही दी गई है।नवचयनित किमिटी के सदस्यों ने समाज हित मे बेहतर काम करने का संकल्प लिया है।साथ ही आगामी 5 नवंबर को चतरा में आयोजित प्रांतीय यादव महासभा के 100वें वर्षगांठ को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है।

## जतरा मेला का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बारियातू :** बारियातु प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टोंटी पंचायत के इटके व टुण्डाहुटु ग्राम में जिउतिया जतरा समिति की ओर से जतरा मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इटके स्थित जतरा मेला का शुभारंभ प्रमुख उर्मिला देवी,मुखिया शांति देवी,पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा,उप मुखिया जितेंद्र प्रसाद,मुख्य संचालक सह वार्ड सदस्य काशिनाथ उरांव,समाजसेवी मो सालिम, उमेश सिंह ने संयुक्त रूप फिता काट कर शुभारंभ किया।इसके पश्चात आए सभी अतिथियों ने जिउतिया पर्व व जतरा मेला पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए अपना अपना विचार रखा। इससे पुर्व आदिवासियों द्वारा अपने सांस्कृतिक रीति रिवाज के अनुसार नृत्य व गीत पेश कर मेला में आये सभी अतिथियों को स्वागत किया। मेले के दौरान आदिवासियों द्वारा भी जिउतिया पर्व पर प्रकाश डाला गया। जतरा मेला में आदिवासी महिलाएं व पुरूष टोली बनाकर मांदर की थाप पर नृत्य व गीत गाते हुए मेला में पहुंची। जिउतिया पर्व के जतरा मेला पर सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।इस दौरान पुलिस भी मेला का निगरानी करते नजर आये। वहीं मेला कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रदीप राम ने किया। जबकि मेला को सफल बनाने में जिउतिया जतरा समिति इटके के अध्यक्ष राजेश उरांव, नरेश उरांव, सचिव महेंद्र उरांव, मंतोष उरांव, कोषाध्यक्ष अनोज उरांव, रंजय राम, भिम उरांव, जयचंद उरांव, दिलिप उरांव, विनय उरांव, समेत कई लोगों का सराहनीय भुमिका रहा।

## वनाधिकार समिति का गठन करने हेतु की गई ग्राम सभा की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** लातेहार उपायुक्त के निर्देशानुसार बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी पंचायत अंतर्गत स?र?ईडीह में शनिवार को ग्राम प्रधान रामनाथ साहू की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बैठक में वन अधिकार कानून 2006 के बारे में विस्तृत जानकारी व विचार विमर्श के साथ वन अधिकार अधिनियम 2012 की धारा के अनुसार वनाधिकार समिति गठन करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें वनाधिकार अधिनियम के तहत अध्यक्ष और सचिव समेत सदस्यों के चयण करने का काम किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों के सर्व सहमति से अध्यक्ष हरेंद्र राम को और सचिव जासो देवी को मनोनीत किया गया तो वहीं सदस्य पद में जवाहिर सिंह, देवी, बबीता देवी, पार्वती देवी, उर्मिला देवी, प्रभावती देवी, गोखुल राम,सोमारू भुइयां, रामनाथ भुइयां, अरविंद मेहता, मिथुन गुप्ता, अनिल प्रसाद और मुखली देवी सदस्य बनाया गया है। वही कंचनपुर में भी ग्राम प्रधान अजय सिंह के अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें वनाधिकार समिति से जुड़े अध्यक्ष विकास चन्द्र कुमार सिंह,सचिव जिबोध सिंह समेत अन्य सदस्यों का नाम मनोनीत किया गया। सदस्यों की भी चयण की गई जिसमें काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता उपस्थित हुए।

## सिंदवारी कला व सिंदवारी खुर्द में वन समिति के पुनर्गठन को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के सिंदवारी कला एवं सिदवारी खुर्द में रविवार को वन समिति को लेकर पुनर्गठन करने के लिए दुर्गा मंडप में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि वसंत कुमार सिंह ने किया। जहां वंनरक्षी मृत्युंजय कुमार भी उपस्थित थे।सर्व समिति से सिंदवारी कला में अध्यक्ष के लिए रिशु कुमार उपाध्याय उपाध्यक्ष के लिए गीता देवी पति गोविंद यादव सहसचिव के लिए बृजेश कुमार सिंह को चयन किया गया। तो वहीं सिदवारी खुर्द में अध्यक्ष के लिए त्रिभुवन दांगी उपाध्यक्ष के लिए मासोमात ईशा देवी सहसचीव मोज़ इसराइफिल को चयन किया गया है। इन लोगों को जंगल सुरक्षा के लेकर देख करने का भार ग्रामीणों द्वारा सोपा गया है।

## कुआं से युवती का मिला शव, हत्या या आत्म हत्या, संशय जारी

### गुरूवार की सुबह निकली थी घर से, घर के सामने कुआं से मिला शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के डाड़ी गाँव के टोला बड़की बागी मानत रोड स्थित कुआं से एक 22 वर्षीय युवती का शव मिलने से गाँव में सनसनी फैल गयी है। वहीं पुरे गाँव मर्माहत है। मृतक 22 वर्षीय युवती का नाम बबिता कुमारी पिता खीरु महतो ग्राम डाड़ी है। परिजनों ने बताया कि गुरूवार की सुबह 9 बजे घर से बाहर निकली थी। इंतजार करते करते जब शाम हो गया तो चिंता बढ़ने लगी। आस पास गाँव टोला रिश्तेदारों के यहां खोज बिन करने लगे किंतु कहीं नहीं मिली ।यहां तक की आस पास के कुआं में भी झगर डाल कर देखे लेकिन कहीं अता पता नहीं चला अंत में थक हार गया। फिर भी खोजबीन का प्रयास जारी रहा। अचानक रविवार के सुबह ग्रामीणों द्वारा कुआं में शव होने की चर्चा होने लगी। वहां जाने के बाद देखने से मेरी पुत्री का शव पानी में तैर रहा था। जहां सिमरिया पुलिस को जानकारी दी गयी। सिमरिया पुलिस ने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को ग्रामीणों के मदद से कुआं से बाहर निकाला गया और मोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया गया है। इधर इस तरह घटना से गाँव में कई तरह का चर्चा है हत्या या आत्म हत्या। चुकी मृतक के मोबाइल बरामद किया जा चुका है जिसमें बहुत ऐसे ऑडियो मौजूद है जिससे बहुत इस मामले की गुत्थी सुलझ सकती है। वहीं गाँवों में इस तरह कुआं में शव मिलने से मर्माहत है साथ हीं शोक में डूबा हुआ है।

## सिंजो पंचायत सचिवालय में जमीन के मुआवजे को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मनिका :** प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत सचिवालय में दिन रविवार को भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के अध्यक्षता में एक बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से फोरलेन सड़क निर्माण हेतु एनएच 39 द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजा नोटिस आकलन माफी ओवरब्रिज निर्माण इत्यादि के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। वहीं भूमि अधिग्रहण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि मेरे यहां फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चालू किया जाना है और हम लोग आज इसी का चर्चा करने के लिए बैठे हुए हैं उन्होंने यह भी कहा कि जमीन का मुआवजा बहुत कम है। जैसे दूंदू में 1105, जमुना में 1158, नदबेलवा में 1205, लाली में 1268, ओराटांड में 2097, सिंजों में 24 373, मनिका में 30647 में 22989, नामुदाग में 6841 रू है। जो की बहुत कम मुआवजा है। सभी लोगो को संतोषजनक मिलना चाहिए। मौके पर सिंजो ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, हरिहर प्रसाद यादव, आनंद प्रजापति, संजय यादव,आदि थे।

## सेन्ट्रल बैंक शाखा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**लातेहार :** सदर प्रखंड के हेठपोचरा पंचायत सचिवालय में रविवार को सेंट्रल बैंक की हेठपोचरा शाखा के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस जागरुकता कार्यशाला में शाखा प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बैंक की कई योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि बैंक बचत करने का एक सशक्त माध्यम है। आपके जमा धन पर बैंक के द्वारा ब्याज दिया जाता है।इस दौरान सेंट्रल बैंक के द्वारा चलायी जा रही कई ऋष्ा एवं अन्य स्कीम की जानकारी भी दी गयी । पांडेय ने ग्रामीणों को फॉड से बचने की अपील की।उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड भोले-भाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाते हैं और उनके बैंक खाता से राशि उड़ा ले जाते हैं।उन्होंने कहा कि कभी भी किसी बैंक के द्वारा एटीएम का नंबर या पिन नंबर आदि नहीं मांगा जाता है।ग्रामीण अपने बैंक खाता, एटीएम व पिन की जानकारी किसी से साझा न करें।मौके पर मुखिया राम जी सिंह, ग्राम प्रधान रंजीत सिंह, बैंक कर्मी खरीदन राम, बैंक मित्र अभिषेक नाथ शाहदेव, अजय कुमार रंजन, अखिलेश्वर प्रजापति समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की बैठक की गयी, पंचायत कमिटी गठन का निर्णय लिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय के किसान भवन में रविवार को अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने की, जबकि संचालन तापेश्वर यादव ने किया। बैठक में पंचायत स्तरीय कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया और कहा गया कि 15 दिनों के अंदर पंचायत कमिटी का गठन हर हाल में कर लिया जाएगा।ताकि आगामी 05 नवंबर को चतरा में आयोजित शताब्दी वर्ष समापन समारोह को सफल बनाने में कोई कठिनाई ना हो। प्रखंड अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि 05 नवम्बर को चतरा में आयोजित शताब्दी वर्ष समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, रंजन यादव और नीलम देवी यादव उपस्थित होंगे। जिसके लिए तैयारी पूरी जोर शोर से की जा रही है। बैठक में पंचायत कमिटी गठन करने के लिए पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें चोपे, पीरी और इचाक पंचायत के लिए बीरेंद्र यादव, दामोदर गोप, राजेश यादव और बबन यादव को सौपा गया है। वहीं हुरनाली, बानासांड़ी और पुण्डरा के लिए नरेश यादव, गिरधारी यादव, शिबू यादव, रबीन्द्र यादव तथा एदला, डाड़ी, पगार के लिए विकाश यादव, परमेश्वर यादव, सूरज यादव, शम्भू यादव बनहें, सबानो, जांगी- जवाहर यादव, तापेश्वर यादव, आनंद यादव, धर्मेंद्र यादव हैं ,बगरा, सेरेनदाग के लिए महेंद्र यादव, रामजतन गोप, छोटू यादव हैं, जबड़ा, कसारी, जिरवाखुर्द गाँव के लिए विकाश यादव, कलिंदर यादव, प्रदीप यादव, विजय यादव और गोपाल यादव को जिम्मेवारी सौंपी गई है। सभी नवनियुक्त प्रभारियों को 15 अक्टूबर तक पंचायत कमिटी गठन करने का अनुरोध किया गया है। बैठक में बीरेंद्र यादव, कलिंदर यादव, दामोदर गोप, भीम यादव, गिरधारी यादव, प्रदीप यादव, विकाश यादव, विकाश यादव सहित यादव समाज के लोग मौजूद थे।

## चतरा जिला एआईएमआईएम कोर कमेटी की एक दिवसीय बैठक हुई सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** ऑल इंडिया मजलिस ए- इत्तहादुल मुस्लिमीन चतरा जिला कोर कमेटी की एक दिवसीय बैठक थाना रोड स्थित केशव पैलेस मे एआईएमआईएम के पुर्व जिला अध्यक्ष हाफिज मनव्वर हुसैन की अध्यक्षता में की गई।बैठक में चतरा नगर कमेटी का विस्तार किया गया और पूरे चतरा जिले मे एआईएमआईएम के परचम को लहराने एवं मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस बैठक में दूर दूर से आए सारे कार्यकर्ताओं को बारी बारी से बोलने का मौका दिया गया जिसमें प्रतापूर प्रखंड से आए जनाब शहंशाह अख्तर खान ने अपने भाषण मे कहा कि एआईएमआईएम सिर्फ मुसलमानों की पार्टी नहीं है ।पूरे भारत में दबे कुचले पिछड़े जातियों एवं असल सेकुलर कहने वाले हिंदुओं को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। खान ने कहा कि अगर किन्हीं को इस बात पर शक हो तो वह एक बार हैदराबाद के दारुल सलाम को चले जाएं और वहां जाकर अपनी आंखों से देख लें कि ये। एआईएमआईएम पार्टी कौन कौन से धर्म के मानने वालों का साथ देती है। दारुस सलाम के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। हर व्यक्ति के लिए,चाहे वह किसी भी धर्म का मानने वाले हों या किसी भी समाज से जुड़े हुए हों सबके हक के लिए लड़ाई लड़ी जाती है।इस मौके पर और भी लोगों को मौका दिया गया सभी ने आपसी भाईचारे को बरक़रार रखने एवं एआईएमआईएम को पूरे जिले मे मजबूत करने की बात कही। आज की मिटिंग को कामयाब बनाने मे चतरा जिला में एआईएमआईएम कोर कमेटी के सदस्य मुमताज़ अहमद, हाफिज शाहनवाज, मो0आदिल, अदनान अयूबी, मो0 शकील अहमद, हाफिज मनौवर ,मो0 अली हसन, मौलाना मकसूद,मो0तौकीर,कैफ सिद्दीकी, एवं मो0 तबरेज़ खान का पूरा योगदान रहा। मंच संचालन मो0 शकील अहमद ने किया।अंतिम मे नगर कमेटी में शामिल मो इमरान( मुन्ना )नूर मोजस्सम, हाफ़िज़ नौशाद, मो सुल्तान, इक़बाल खान, मो मुमताज़, मो शमशाद मो इमरान सिद्दकी, मो इरफान मो परवेज़ मिंटू,मो दानिश, इत्यादि को माला पहना कर स्वागत किया गया। प्रोग्राम में इटखोरी, मयूरहंड, कान्हाचट्टी, प्रतापपुर सिमरिया, चतरा सदर प्रखंड के सैंकड़ों कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रवाल युवा मंच के द्वारा रक्तदान शिविर के मेगा कैंप का आयोजन आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अग्रसेन भवन में अग्रवाल युवा मंच के द्वारा रक्तदान शिविर का विशाल मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है॥ जयंती संयोजक नीरज अग्रवाल एवं सुमन रामरायका ने बताया यह आयोजन मानव सेवा के लिए एवं थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए किया जा रहा है॥ अग्रवाल युवा मंच के द्वारा साल भर जरूरतमंद लोगों को रक्त की व्यवस्था कराई जाती है द्य सारे समाज के लोग और हजारीबाग के शहरवासियों से अपील है कि इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले द्य रक्तदान से आपका कुछ भी खर्च नहीं होगा, लेकिन आपका यही रक्तदान किसी के लिए जीवनदान साबित होगा द्य

### बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ता रांची धर्म सभा में हुऐ सम्मिलित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले से बजरंग दल के हजारों हजार कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल झारखंड प्रांत के द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित धर्म सभा में सम्मिलित हुए। बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ता हजारीबाग शहर के गांधी मैदान से एकत्रित होकर रांची के लिए रवाना हुए। जिसे पूर्व गांधी मैदान में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अरविंद मेहता ने किया वही बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा का नेतृत्व जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्ष अजमेरा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा रहे वही विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक जय प्रकाश पटेल, संघ के क्षेत्रीय सह शारीरिक प्रमुख त्रिवेणी साहू भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयंत सिन्हा ने कहा अयोध्या के तर्ज पर हजारीबाग में भी राम मंदिर का निर्माण कटकमदाग की धरती पर होगा। हजारीबाग में बजरंग दल का कार्य का प्रशंसा किया। वही बजरंग दल के युवाओं में जोश भरते हुए बजरंग दल के जिला संयोजक ने कहा यह सभी हिंदुत्व की है और आज इतिहास रचने का दिन है। हिंदुत्व का इस देश का पुरुषार्थ है बजरंग दल। इसीलिए देश का बल बजरंग दल है, अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री रामचंद्र जी का मंदिर महज मंदिर नहीं अपितु राष्ट्र की आत्मा का निर्माण हो रहा है।और आगे भी राष्ट्र धर्म के लिए जरुरत पड़ी तो बजरंग दल के कार्यकर्ता सदैव अपनी प्राण निछावर करने के तत्पर रहेंगे। शौर्य जागरण यात्रा में मुख्यरूप से उपस्थित रहे सांसद जयंत सिन्हा,मांडू विधायक जय प्रकाश पटेल, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, अरविंद मेहता,प्रशांत सिंह,नरेंद्र प्रजापति,अमरदीप यादव,जय सोनी,उमेश गुप्ता,गुरुदेव गुप्ता,मुकेश मालाकार,इत्यादि हजारों कार्यकर्ता।

### बड़कागांव पुलिस ने दो अलग अलग मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव थाना कांड संख्या 308/23 धारा 341, 323, 379, 354, 354 बी, 506, 34 भा.द.वि के प्राथमिक अभियुक्त अमित महतो पिता स्वर्गीय मगन महतो साकिन हरली थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग निवासी को छेड़छाड़ एवं मारपीट के आरोप में बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। साथ ही बड़कागांव थाना कांड संख्या 316/23 धारा 341, 323, 324, 325, 307, 379, 354, 506, 34 भा.द.वि के प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अरमान एवं मोहम्मद फरमान तीनों के पिता स्वर्गीय मोहम्मद अशरफ ग्राम सरम, टोला छवनिया, थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग निवासी को छेड़छाड़ एवं जान से मारने के नियत से गंभीर रूप से जख्मी करने के आरोप में बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग अल्पसंख्यक प्रकोष्ट की हुई बैठक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक मांडू प्रभारी दुष्यंत पटेल एवं प्रदेश अल्पसंख्यक अध्यक्ष अख्तर खान ने अपने संबोधन में एक स्वर से पार्टी को मजबूत बूथ अस्तर से मजबूत करने की बात कही और कहा कि पार्टी में सभी प्रकोष्ठों को मिलकर चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए तभी झारखंड सरकार में हमारी भागीदारी होगी । बैठक की अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साबिर खान ने किया , जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने संगठन प्रगति की रिपोर्ट पेश की । बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष एवरिल बिहारी लाल ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव रोमी सलूजा, राजू खंडेलवाल, प्रेमचंद राम ,महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खुशबू कुमारी, नजराना पिंकी देवी ,सुजाता सिंह, रीना देवी एवं वार्ड अध्यक्ष छोटन पासवान उपस्थित थे ।

### बरही डीएसपी ने बरही एवं चौपारण प्रखंड के 18 गतका खिलाड़ियों को किया दिल्ली के लिए रवाना

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 11वीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता आगामी 11 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया गया है। रविवार को बरही डीएसपी नाजिर अख्तर व सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने बरही एवं चौपारण प्रखंड के 18 गतका खिलाड़ियों को दिल्ली के लिए रवाना किया। बता दे की भारत के सबसे पुराने गतका एसोसिएशन नेशनल गतका से एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने यह प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के 18 राज्यों के करीबन 1500 बालक और बालिका गतका खिलाड़ी को शामिल किया गया है। ज्ञात हो कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बरही और चौपारण प्रखंड के 18 खिलाड़ियों को झारखण्ड टीम में चयन किया है । जिसमे ग्रिजली विद्यालय से प्राची केशरी, सौम्या केशरी, डीएवी पब्लिक स्कूल बरही से तन्नू कुमारी, स्वेता कुमारी, स्वाति भारती, पलक सिंह चौहान, आकाश केशरी, अंगत कुमार, संतोष कुमार, जिया कुमारी, आरोही केशरी, रॉयल ऑर्किड इंटरनेशल स्कूल से आदित्य, सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल चौपारण से नवनीत सिंह, सुमंत कुमार, अनिकेत सिंह, इशांक सिंह, निरंतर सिंह, श्री दास इंटरनेशनल स्कूल से उज्वल शामिल हैं। हजारीबाग गतका संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल बरही और सचिव अनूप कुमार प्राचार्य रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल ने बताया कि गतका भारत का विरासती मार्शल आर्ट है और ये खेल खास कर बालिकाओं के आत्म सुरक्षा के लिए कारगर हथियार साबित हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस खेल को बढ़ावा देते हुए खेलो इंडिया यूथ गेम, स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया, 37 नेशनल गेम्स में भी सामिल किया है।

## विष्णुगढ़ में भाजपा की बूथ सत्यापन बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज में रविवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कामकाजी बैठक में भाजपा पश्चिमी मंडल के बूथ अध्यक्ष,सचिव एवं शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल तथा संचालन महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद सिंह जिला प्रवासी के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर शक्ति केंद्र के संयोजक तथा अध्यक्ष का सत्यापन किया

गया। बैठक में मुख्य रूप से माण्डू विधानसभा साँसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय भूषण महतो, मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल, पूर्व महामंत्री शंकर प्रसाद बर्मन, संतोष कुमार महतो,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पिंकी देवी,मंत्री राजेश सोनी,मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, महादेव महतो,नन्हकू महतो, हेमलाल साव,सतीश पटेल, लालजी महतो,प्रकाश महतो, शशि लाहकार, मनोज यादव, चेतलाल महतो, हेमंत कुमार महतो, कमरुल अंसारी, निसार अंसारी,समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस आजीविका महिला ने किया समृद्धि दिवस का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड मुख्यालय के वर्किंग हॉल में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के संकल्प सप्ताह अंतर्गत जेएसएलपीएस के पालू आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा समृद्धि दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्रीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद शामिल हुए।इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के सखी मंडल के द्वारा निर्मित रेडीमेड कपड़े,साड़ी,सूट,हैंडवॉश, फिनाइल,ब्लीचिंग पाउडर,ग्लास क्लीनर,मोमबत्ती,पत्तल,दोना,मिट्टी घड़ा,सर्फ और साबुन आदि उत्पादों

का विभिन्न स्टॉल लगाये गए ।

साथ ही वित्तीय साक्षरता एवं आजीविका गतिविधि हेतु सखी मंडल के सदस्यों को जागरूक किया गया द्य इसके अलावे विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । तथा एफएल,बीसी सखी द्वारा बीसी पॉइंट में समूह और मेंबर को ट्रांजैक्शन करने के बारे में बताया गया।कार्यक्रम के संकल्प सप्ताह अंतर्गत यह कार्यक्रम 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतो में किया जा रहा है ।

## गुलमोहर पब्लिक स्कूल में क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शिक्षा के प्रति हर कोई जागरूक हो रहा है, शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र में हजारों विद्यालय बच्चों को शिक्षा देने के लिए अपनी अपनी कोशिश कर रहे हैं । इस कोशिश के बीच शहर के गुलमोहर पब्लिक स्कूल के द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से काफी कुछ सीखने का प्रयास किया जा रहा है ।इसी प्रयास के विद्यालय परिसर में क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुई। सभी ने अपनी कला के माध्यम से विभिन्न प्रकार का क्राफ्ट बनाया। जिसमें वॉल हैंगिंग ,फ्लावर, पेन होल्डर, कार्ड, ग्रीटिंग, कवर फाइल, सूरज, फ्लावर बौल, मोर, मछली सहित कई चीज शामिल थी, इस प्रतियोगिता की शिक्षिका नमिता सिन्हा थी।

## बेघरों को जल्द मुहैया हो प्रधानमंत्री आवास : मुन्नी देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में लगभग एक सप्ताह की भारी बारिश के गुजर जाने के बाद भी गरीबो के कमजोर जर्जर कच्चे मिट्टी के मकान का गिरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में विष्णुगढ़,चेडरा,करोंज मोड़ निवासी विधवा नन्हकी देवी पति स्व.नेपाल घटवार का मकान अचानक ढह गया। वहीँ करोंज मोड़ के निवासी प्रतिमा देवी,पति कैलाश सोनी का कच्चा मकान भी काफी क्षतिग्रस्त है,जो कभी भी ढह सकता

है। घटनास्थल पर चेडरा पंसस मुन्नी देवी ने टूटे घर का जायजा लिया। मुन्नी देवी ने घरवालों से जब पूछा कि आपका प्रधानमंत्री आवास अभी तक नही मिला,तो उन्होंने बताया कि मेरा नाम लिस्ट में है,परन्तु अभी तक हमे लाभ नही मिला है। इस पर मुन्नी देवी ने कहा कि अगर समय पर लिस्ट में नाम होने के बाद इनलोगो को प्रधानमंत्री आवास मिल जाता तो आज ये बेघर नही होते। स्थानीय प्रशासन इस संज्ञान ले और बेघरों को आवास की सुविधा मुहैया कराए,अगर बात जल्दी नही सुनी जाती है,तो मैं इसकी शिकायत उपायुक्त महोदया से करूँगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित हुआ अभिभावक सह आचार्य सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा में अभिभावक सह आचार्य सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार, स्थानीय विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप मां सरस्वती, ऊं, भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ ।कक्षा षष्ठ की बहन सेजल भारती एवं अन्य सहयोगी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आचार्य राज कुमार सिंह ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए उद्देश्य रखें उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य भैया बहन का शैक्षणिक विकास, शारीरिक, बौध्दिक, सर्वांगीण विकास हो इसके लिए अभिभावक एवं आचार्य में विचारों का आदान प्रदान हो इसी उद्देश्य के साथ यह सम्मेलन रखा गया है। मुख्यअतिथि प्रवीण कुमार ने कहा कि अंग्रेजी एवं विज्ञान तकनीक से पूर्ण रूप से विकसित होना चाहिए। सचिव श्री राम बहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समय समय पर भैया बहन का विकास हो इसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है अनुशासन बना रहे इसके लिए विद्यालय में सीसीटीवी लगाया गया है। प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने विद्या भारती की हमारा लक्ष्य , विभिन्न विधाओं पर विस्तार से जानकारी दिए।

## बेलकप्पी शिवमंदिर प्रांगण में जितिया पर्व के अवसर पर झूमर कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी शिवमंदिर प्रांगण में स्थानीय ग्रामीणो एवं नवयुवकोंके सोजन्य से जितिया त्योहार के मौके पर झुमर नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ समाजसेवी सह बरकट्ठा जिप प्रतिनिधि सी.के पाण्डेय,पूर्व उप मुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय,अनुज पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काट के किया।जिस आयोजन में मुख्य रूप से जिप सदस्य प्रतिनिधि सी.के

पाण्डेय,पूर्व उप मुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय,अनुज कुमार पाण्डेय,बिरेंद्र पाण्डेय,पुरूषोत्तम पाण्डेय,रिकूं पाण्डेय, अजीत पाण्डेय,रिकूं माली, कालेश्वर पाण्डेय,राजू पासवान, भीखन यादव,हीरालाल सोनी,संतोष नायक, मिंटू नायक, अर्जुन यादव,अभय पाण्डेय,बबलू पाण्डेय,कौशल पाण्डेय,मुबारक अंसारी, हुलास नायक,वकील प्रजापति,अर्जुन पाण्डेय,मधुसूदन पाण्डेय,के अलावे दर्जनो महिलाएं एवं पुरूष लोग उपस्थित थे।

## सिरमा पंचायत भवन में झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए संजीव बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सिरमा पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मो अहद एवं संचालन मोहम्मद एहरार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य सरकार परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं सफीउल्लाह अंसारी, विशेश्वर राम, संजय भुईयां के द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। श्री बेदिया ने कहा की हेमंत सरकार आदिवासी मूलनिवासी के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है। गरीब महिला पुरुष के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के योजनाएं चलाए जा रहे हैं ।

योजना में किसी प्रकार के कोई

सीमा नहीं है हर वक्त व योजना पर कार्य चलते रहता है। कल्याण विभाग में नौजवानो एवं गरीब महिला पुरुष के लिए 50 हजार से लेकर 20 लाख तक ऋण अनुदान पर दे रही है। जो जीस कैटेगरी में आता है उसे कैटेगरी के अनुसार अनुदान सरकार दे रही है। कई प्रकार की योजना चल रहा है जो सीधे तौर पर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है। नवनिर्वाचित प्राधिकारियों को श्री बेदिया जी के द्वारा झामुमों का पट्टा देखकर सम्मानित किया। संजय सिंह ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा एक आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है जो हमेशा जमीन स्तर पर कार्य करती है। लोकसभा और विधानसभा के लिए विशेष रूप से कार्य चल रहा है। सीरमा पंचायत कमेटी गठन किया गया जो इस प्रकार है ।अध्यक्ष मो हेसाम, उपाध्यक्ष समीर परवीन, मो मोहसिन, अहद रजा, सचिव मो तालीम, संयुक्त सचिव मो एकराम हुसैन, सहूद आलम, संगठन सचिव मो अकील, कोशाध्यक्ष करामत अली, कार्यकारिणी सदस्य मो अफसर इमाम, नज़रुल इस्लाम ,मोहम्मद हुसैन, मो अख्तर आलम, मुस्कान खान, मो वसीम ,अमानत अली, असर फल मियां, मो मुबारक ,मो समीर साहनी परवीन, मो,इमरान ,मो गुलाब , मो मोहिउद्दीन पिंटू कुमार ,सरफहीन अंसारी, मो अफसर, यूसुफ मियां, अब्दुल मोटलिज, समसुद्दीन खान, मोहम्मद हसन खान, आदि लोगों का बनाया गया। सफीउल्लाह अंसारी और विशेश्वर राम ने सभी कार्यकर्ताओं को झामुमो का पट्टा देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद मनोहर, हाजरा खातून, मेहनाज, समीना खातून, नसरीन जहां, मो मुख्तार, मोहम्मद कयूम, मो आशिक राजा, मो अमजद, मो तनवीर, सलामत मुस्कान, रानी खातून, मो गुलाम सहित सैंकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## बड़कागांव पुलिस ने अवैध बालू लदा 6 ट्रैक्टर किया जब्त, मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** 32 बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में अवैध बालू के खिलाफ बड़ी करवाई करते हुए रविवार को राजाबागी से अवैध बालू लदा 6 ट्रैक्टर जब्त किया। जब्त ट्रैक्टर को बड़कागांव थाना परिसर लाया गया। गाडियों के मालिक तथा चालकों के विरुद्ध मामला दर्ज करके खनन विभाग को आगे के कार्रवाई के लिए अग्रसर किया गया है। वहीं थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में एनजीटी लागू है। एनजीटी के दरम्यान नदी से बालू उठाव करना अवैध है। अगर बालू ढुलाई करना है तो चालान वाली बालू ही ढुलाई करें। करवाई में मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## आज नहीं जागे, तो सब कुछ लूट जाएगा : जयराम महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा चौपारण ब्लॉक मैदान में बदलाव संकल्प सभा का आयोजन किया गया। संजय मेहता के नेतृत्व में आयोजित इस सभा में 50 हज़ार से ज्यादा संख्या में लोग जुटे। सभी ने झारखंडी हक अधिकारों की आवाज बुलंद की। पिछले 45 दिनों से सभा की तैयारी कर रहे संजय मेहता एवं उनकी टीम का प्रयास रंग लाया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि झारखंड एक मुश्किल दौर में है। दो दशकों के बाद भी झारखंड में झारखंडियों के लिए नीतियाँ नहीं बन पायी है। आज तक स्थानीय नीति खतियान आधारित नहीं बन पायी है। नियोजन नीति भी अब तक नहीं बन पायी है। झारखंड की जमीनों को लूटा जा रहा है। 60- 40 नियोजन नीति झारखंडी जनमानस

को स्वीकार्य नहीं है। पुनर्वास की भी नीति नहीं बन पायी है। जमीनों की लूट अत्यंत चरम पर है। ऐसे में सभी झारखंड वासियों को एकजुट होकर यह लड़ाई लड़नी होगी। नहीं तो सबकुछ लूट जाएगा। हमारे ऊपर चारो तरफ से हमला है। आज नहीं जागे तो हमारी पीढ़ियाँ बर्बाद हो जाएगी। हमारे बाल - बच्चे बेघर हो जाएंगे। अगली पीढ़ी बहुत मुश्किल में चली जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को एक साजिश के तहत बर्बाद किया जा रहा है। यहाँ अफसर नेता सब मिलकर झारखंड को लूट रहे हैं। हमारे जमीन, रोजगार सब कुछ को लूट लिया गया है। हमारे लोग अपने ही जमीन पर किरायेदार बन गए हैं। सभी नियुक्ति की प्रक्रिया में पेंच फँस जाता है। नेता भी चुप हैं। जनप्रतिनिधि ही हमारे शोषक बन गए हैं। जो नेता हमारी माटी से नहीं हैं उन्हें मिट्टी से दर्द नहीं है। जो माटी के नेता हैं वे व्यापारी बन गए हैं। झारखंड की जनता नेतृत्वविहीन हो गयी है। आज अगर नहीं जागे तो झारखंड का सब कुछ लूट जाएगा। एक एक झारखंडी को जगाना होगा। यह इंकलाब का दौर है।

## कीचड़ में तब्दील हुआ मासीपीढ़ी का मुख्य मार्ग राहगीरों को आवागमन में हो रही है परेशानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कपका के ग्राम मसीपीढी गांव का मुख्य मार्ग बीते दिन बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गया जिससे राहगीरों को रास्ते पर चलना नरकीय स्थिति हो गई है।राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मार्ग में जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे में जल जमाव होने से पूरा सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है.

जिससे इस दलदल कीचड़ नुमा सड़क में लोगों को पैदल चलना भी दुर्लभ हो गई है।सड़क की बदहाली स्थिति को देखते हुए स्थानीय ग्रामीण सुजल कुमार राम,प्रवीण मंडल व संजय प्रसाद ने बताया कि मासीपीढ़ी का यह मुख्य मार्ग बरकट्ठा,बरवां से होते हुए तुईयो,बेडोकला केंदुआ,तुर्कबाद

लोकिया,जैसे दर्जनों गांवों को जोड़ती है,और यह सड़क इतनी जर्जर और कीचड़ में तब्दील हो गया है कि लोगों को पैदल चलने में भी काफी मशक्कत झेलनी पड़ती है।आगे उन्होंने बताया कि अधिकारी ,पदाधिकारी भी बड़े-बड़े गाड़ियों से इसी मार्ग से आवागमन करते हैं बावजूद किन्ही अधिकारी पदाधिकारी का नजर इस जर्जर और कीचड़ में तब्दील सड़क पर नहीं पड़ती है। उन्होंने बताया कि सामने सरकारी विद्यालय है जिससे कीचड़ में पनप रहे मच्छर व दुर्गंध से राहगीरों व स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

झारखण्ड/रामगढ़

रांची, सोमवार, 09 अक्टूबर 2023| पेज 9

## सांसद ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया सड़क का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** रविवार को हजारीबाग सांसद विभिन्न कार्यक्रमों के तहत पतरातू प्रखंड पहुंचे । जंहा उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किये। वहीं हजारीबाग सांसद ने स्व्हेमा कुमारी (लबगा मुखिया) के शोकाकुल परिवार से मुलाकात किए । जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम लबगा से जयनगर होते हुए सौंदा बस्ती तक सड़क निर्माण का शिलान्यास किये । जिसकी लम्बाई 7.80 किलोमीटर , लागत लगभग 4 करोड़ 60 लाख है। साथ ही साथ पीटीपीएस रशियन हॉस्टल से लेकर शाहीटॉड होते हुए मध्य विद्यालय टेरपा तक पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया ढ्ढ जिसकी लम्बाई 5.70 किलोमीटर और लागत 4 करोड़ 93 लाख रुपये बताई जा रहीं है । मौके पर क्षेत्रीय विधायक अंबा प्रसाद, सांसद प्रतिनिधी महेंद्र कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधी कृष्णा सिंह, योगेन्द्र सिंह खरवार, किशोर कुमार महतो सहित सेंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुई रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी, परिजनों से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखण्ड के दोहाकातु पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव बुढाखुखरा महादेव टोला निवासी स्व बालदेव महतो के श्राद्ध कर्म में शामिल हुई रामगढ़ विधायक सुनीता और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की उनके पुत्र बाबूलाल महतो महेन्द्र महतो एवम उनके परीवार से मिल कर स्व बालदेव महतो की आत्मा की शान्ति के लिए प्रभु से कामना किए विधायक सुनिता चौधरी अपने परिवार के सदस्यों से कहा कि सुख-दुख में हम आपके साथ हमेशा रहते आए हैं और सदैव सहयोग करते रहेंगे इस मौके पर रामगढ़ जिला जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष व कुंदरु कलां मुखिया किसुन राम मुंडा मुख्य रूप से शामिल थे इस मौके सोमनाथ महतो, विश्वनाथ महतो सुखदेव महतो सहित शोकाकुल परिवार उपस्थित थे।

## हजारीबाग सांसद व रामगढ़ विधायक गोला व दुलमी प्रखंड में करेंगे कई सड़कों का शिलान्यास आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला एवं दुलमी प्रखंड में सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा एवं रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास किया जायेगा। इस शिलान्यास कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।कार्यक्रम में 12 बजे से हुप्पू दसरथ चौक होते हुए बंदा रोड का शिलान्यास 1 बजे से कुसटेगढ़ा से होते हुए सुतरी रोड का शिलान्यास ,2 बजे जोभीया वाया खैराजरा,हेसपोड़ा होते हुए रजरप्पा मंदिर तक पथ कालीकरण का शिलान्यास ,3 बजे से पुत्रिडीह बयांग भाया कारो उरबा, में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। मुरपा में सांसद जयंत सिन्हा का ग्रामीणों के साथ जन संवाद का कार्यक्रम किया जायेगा।

## जियोमार्ट के जियोउत्सव-सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया सेल के लिए हो जाइए तैयार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्योहारों का समय अपने परिवार के साथ मिलजुल कर उत्सव मनाने, साथ भोजन करने और अपनों के साथ खुशियों के पल बिताने का मौका होता है, और जियोमार्ट यही सुनिश्चित करता है कि इस बार त्योहारों के मौसम में सबसे बेहतरीन डील्स के साथ आपका हर पल खुशियों से भरा हो। भारत के सबसे बड़े ई-मार्केटप्लेस में से एक, जियोमार्ट ने हर साल आयोजित होने वाले अपने फेस्टिवल सेल जियोउत्सवङ्क सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया की घोषणा की, जिसकी शुरुआत 8 अक्टूबर, 2023 से होगी। ग्राहक अब जियोमार्ट पर सभी केटेगरी में 50त्न से 80त्न तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।ग्राहक 8 अक्टूबर से जियोउत्सवङ्क सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया सेल के तहत बेमिसाल डील्स का फायदा उठा सकेंगे। जियोमार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एंड किचन, फैशन एंड लाइफस्टाइल, ब्यूटी, स्वास्थ्य, किराना और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सहित सभी केटेगरी में सलेक्शन की एक बड़ी रेंज की पेशकश करता है, जिस पर हर घंटे फ्लैश डील और अतिरिक्त फेस्टिवल डिस्काउंट का फायदा भी दिया जा रहा है।

## वन संरक्षण के उद्देश्य से दुधमटिया वृक्ष रक्षाबंधन एवं पर्यावरण मेले का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन और वन्य जीवन के संरक्षण के उद्देश्य से 7 अक्टूबर को हज़ारीबाग के ताती झरिया के पास स्थित दुधमटिया वन क्षेत्र में वृक्ष रक्षाबंधन एवं पर्यावरण मेला आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 1995 से हर साल इस दिन मेला आयोजित किया जाता है। इस साल भी, इस महान पहल को शुरू करने वाले स्थानीय लोगों के साथ, हजारीबाग पूर्वी वन विभाग ने दूधमटिया वृक्ष रक्षाबंधन - पर्यावरण मेले का आयोजन किया। समारोह पेड़ों की पूजा के साथ शुरू हुआ और फिर पेड़ों के चारों ओर रक्षा-सूत्र बांधकर जंगल के संरक्षण का वादा किया गया। इस अवसर पर, पहल को शुरू करने वाले मुख्य व्यक्ति महादेव महतो; स्थानीय खोरठा और नागपुरी कथा-व्यंजना के साथ वन और उसके संरक्षण पर कविताओं और लोक गीतों के रचयिता तथा आंदोलन में योगदान देने वाले एक विशेष व्यक्ति सुरेंद्र सिंह ; समिति के अध्यक्ष परमेश्वर यादव, अपने दम पर सैकड़ों पेड़ लगाने के लिए मशहूर व्यक्ति मनोज कुमार सिंह, आईएफएस अधिकारी और हजारीबाग पूर्वी के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) सौरभ चंद्रा उपस्थित थे।

## झारखंड अधिविध परिषद पाठ्यक्रम के अनुसार प्रकाशित आठवीं कक्षा के पुस्तक विमोचन समारोह संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के प्रधान कार्यालय ओहदार भवन पटेल चौक रामगढ़ में झारखंड अधिविध परिषद के पाठ्यक्रम के अनुरूप खोरठा विषय में आठवीं कक्षा के पुस्तक विमोचन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया । आयोजक खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद,रामगढ़ द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी ने कहा की ÷नई शिक्षा नीति के अनुसार मातृभाषा की पढ़ाई से संबंधित जितनी भी समस्याएं हैं,उसका समाधान हमारी जूरिडिक्शन में किया जाएगा, मतलब जिले में खोरठा भाषा के शिक्षकों को खोरठा परिषद के साथ मिलकर के ओरिएंट किया जाएगा, और इस भाषा और साहित्य के विकास में जो बन पाएगा वह किया जाएगा।स्वागत एवं विषय प्रवेश परिषद के अध्यक्ष डॉ बी एन ओहदार ने किया,पुस्तक कर संबंध में कहा की यह पुस्तक 114 प्रिंसटन कहा जिसमें खोरठा के नाम चिन हा लेखक साहित्यकार विद्वानों के संपादन मंडल द्वारा संपादित किया गया है कल 37 लेखक और कवियों के रचना को सम्मिलित किया गया है।संचालन विक्की कुमार ने किया।विशिष्ट अतिथि रूप शिक्षाविद बलराम सिंह वासुदेव महतो, पन्नालाल राम ,दिनेश कुमार दिनमणि, परिषद के अध्यक्ष डॉ बी एन ओहदर, खोरठा के विद्वान लुआठी के संपादक गिरधारी गोस्वामी अकाशखुट्टी ,श्याम सुंदर महतो श्याम, सुकुमार ,श्याम सुंदर केवट, कवित्री गुलाचो कुमारी, खोरठा के शिक्षक प्रोफेसर, राधा गोविंद विश्वविद्यालय जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभाग अध्यक्ष अवतार अजनबी, भोला महतो, मुंशी महतो, रामगढ़ कॉलेज के प्राध्यापक बीरबल महतो, रामगढ़ महिला कॉलेज के प्राध्यापक प्रोफेसर पूर्णकांत कुमार, चितरपुर कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक नागेश्वर महतो, विनय ओहदार, राधेश्याम साहू, सुनील कुमार महतो, मोइन जी, घनश्याम महतो, प्रीतीश ओहदार, सिद्धांत, डॉ कृष्ण गोप कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर पूर्णकांत कुमार नें किया।

## रामगढ़ पार्टी कार्यालय में ऐक्टू की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ पार्टी कार्यालय में ऐक्टू की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक अमल घोषाल तथा संचालन सीएमडब्लुयु के नेता महादेव मांझी ने किया। इस बैठक मुख्य रूप ऐक्टू के राज्य महासचिव कामरेड शुभेंदु सेंन उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह एक आपातकालीन परिस्थिति है। श्रमिकों को बढ़ती बेरोजगारी, नौकरी छूटने और सभी आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के पक्ष में जो 44 श्रम कानूनों को खत्म कर मोदी सरकार 4 श्रम कोड को लागू कर उनके अधिकारों को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। यह श्रमिक कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए मजदूरों को संगठित होकर लड़ने की जरूरत है। आगे उन्होंने कहा कि जन पक्षिये सवालों को उठाने वाले पत्रकारों के घरों में भी छापेमारी कर उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है यह घोर निंदनीय घटना है। उन्होंने कहा कि आगामी 6-7 नवंबर को बोकारो में राज्य सम्मेलन तय किया गया है पिछले दिनों राज्य ऐक्टू के बैठक में जिसके तैयारी में लग जाने की जरूरत है। आगामी 26 से 28 नवंबर 2023 को रांची राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महा धरना में राज्य भर के सैकड़ों मजदूर -किसानो की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।ऐक्टू के जिला संयोजक अमल घोषाल ने कहा कि राज्य सम्मेलन से पूर्व 28 अक्टूबर को रामगढ़ में ऐक्टू जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से ऐक्टू के राज्य महासचिव कामरेड शुभेंदु सेंन, भाकपा-माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, अमल घोषाल, महादेव मांझी, सरयू बेदिया, बिजेंद्र प्रसाद,शिव शंकर,सुखराम उरांव,बृज नारायण मुंडा, लाल मोहन मुंडा,छोटन मुंडा, चंद्रिका राम, तथा कामेश्वर महतो शामिल हुए।

## छोटकीटोंगी मोड़ पर बाईक पेड़ से टकराई, दो घायल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा जीएम आफिस- नईसराय मुख्य सड़क के गांव छोटकीटोंगी मोड़ के पास रविवार अपराहन 3ः13 बजे अनियंत्रित होण्डा साईन बाईक जेएच 24एफ 3202 सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। जिसमें मोटरसाईकिल सवार इस्तेखार अंसारी(चपरी) व किशुन नायक (हरीजन कांलोनी कंजगी) घायल हो गए। घटना को देख राहगीर सुरक्षा प्रभारी सिरका गंगा राम एंबुलेंस को फोन किया। जबकि सूचना पर दुर्गा सोरेन सेना जिलाध्यक्ष हसीबुल अंसारी, कबीर खान, पुलिस गिददी एएसआई भज्जू एक्का, आसीन अंसारी व अन्यो के मदद से घायल को एबुलेंस द्वारा सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया।

## पतंजलि योग समिति के द्वारा सात दिवसीय योग शिविर प्रारंभ हुआ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिला मैदान एमटी ग्राउंड में पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में सप्त दिवसीय योग शिविर प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि का अजीत जायसवाल रहे मुख्य रूप से जिला प्रभारी प्रमोद लाल एवं युवा प्रभारी ठाकुर प्रसाद उपस्थित रहे, युवा प्रभारी ने प्रतिभागियों को प्राणायाम एवं आसान का सूक्ष्म ज्ञान दिया और रोग अनुसार योग की शिक्षा दी । यह योग शिवर 15 अक्टूबर तक चलेगी जिले वासियों से आग्रह है कि आए और योग शिविर का लाभ उठाएं। समय प्रातः 5ः00 बजे से 7ः00 बजे तक प्रतिदिन योग होगी। उपस्थित सदस्य गन रामचरित्र वर्मा डॉक्टर रणधीर अजीत मनोज सुरेंद्र आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुये।

## मोदी के कार्यकाल 9 साल बेमिसाल के तहत भाजपा ने अंग वस्त्र वितरण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** भारतीय जनता पार्टी दुलमी मंडल के द्वारा एक समारोह आयोजित कर अंगवस्त्र का वितरण किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने की ग्राम - चटाक अनुसूचित जाति,टोला में प्रधानमंत्री आवास सह प्रधानमंत्री उज्जवल योजना,के लाभार्थियों बीच एक सादा समारोह का आयोजन कर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इनमें से लाभार्थी - तुलसी रविदास, मदन नायक, फोचवा देवी ,नान्हो देवी, नाम, संजय नायक, अमरनाथ रविदास, उमेश रविदास, मदन नायक, मिन्टु नायक, चतुर नायक, तुलसी रविदास, रंजीत नायक, लम्बोदर नायक, पूरन रविदास, सुगन रविदास, बजरंग नायक, हुकुमनाथ रविदास, चंदर रविदास, अनिल रजक श्रवण रजक, लखन रविदास, कुंवर रविदास, मुकेश रविदास और पन्नु रजक उपस्थित थे साथ ही भाजपा मंडल पदाधिकारी - बालेश्वर पांडेय, अजय जायसवाल, बलराम महतो, मुरली महतो , राजेन्द्र प्रजापति, ज्ञानद प्रजापति, बाल्मीकि पहान, द्वारिका करमाली सह मिडिया प्रभारी - कुन्दन कुमार , इत्यादि उपस्थित थे।

## पेंशन पुनरीक्षण पर चर्चा को लेकर पेंशनर कल्याण समाज की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की बैठक एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला परिसर में प्रखंड अध्यक्ष दुःख हरण चंद्र पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों ने पेंशन पुनरीक्षण का कार्य सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इण्डिया गोला शाखा में किए जाने पर सेंट्रल बैंक के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि कई पेंशनरों का पुनरीक्षण का कार्य बाकी है। अगले बैठक में सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया गोला शाखा के मैनेजर पेंशनरों के साथ मौजूद होंगे और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। इस कारण समाज के सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। बैठक में रामस्वरूप लाल खन्ना, नरेश चंद्र पोद्दार, बाल गोविंद राम करमाली, यूसुफ मियां, पारस नाथ बेदिया, भगतु नाया, रामचंद्र राम, मनोहर उपाध्याय, श्रीकांत महतो, नेली सोरेन, चंद्रमोहन बेदिया, विभूतिनाथ मौजूद थे।

## झारखंड की संस्कृति ही झारखंडियों की पहचान : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रांची अल्बर्ट एक्का चौक में सरना सदान मूलवासी मंच द्वारा आयोजित प्रकृतिक परब करम मिलन समारोह में शामिल हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि करम समृद्धिशाली सांस्कृतिक परब है।इस सांस्कृतिक विरासत को बचाने, उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हम-सब को मिलकर करना होगा। झारखंड के मूलवासी हो या आदिवासी सभी प्रकृतिपूजक रहे है और अपनी सांस्कृतिक उत्सवों के साथ पारंपरिक जीवन शैली के साथ की अनूठी पहचान को समेटे हुए है। इस संस्कृति में आखड़ा की परिपाटी रही है कि झारखंड के लोग ढोल, नगाड़ों और मांदर की थाप पर थिरककर अपनी मां माटी मानुष और मातृभाषा के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं। झारखंड का सांस्कृतिक परब करम जावा भाई-बहनों के अटूट प्रेम को दर्शाता है। सावन के महीने में रिमझिम बारिश की फुहारों में खेतों में खेती करकेलहलहाते फसलों को देखकर खुश होती है और बहनें अपने भाइयों की सलामती, लंबी उम्र की कामना करते हुए करम परब मनाती है।

## भुरकुंडा में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे एक चोर को दुकानदार एवं पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी के बाद बीते रात हॉस्पिटल कॉलोनी में एक चोर को चोरी के दौरान दुकानदार असगर के सहयोग से पुलिस ने चोर को धर-दबोचा। बताते चलें कि भुरकुंडा बाजार में प्रतिदिन एक एक कर चोरों द्वारा दुकान को निशाना बनाते हुए लगातार दुकान के प्रोफिट सींटा हटाकर चोरी की घटनाक्रम को अंजाम देते हुए दुकानदार और पुलिस के नाम में दम कर रखा था। लेकिन कल बीते रात हॉस्पिटल कॉलोनी में असगर के दुकान में चोरी के संदेह होने पर दुकानदार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और इस दौरान एक चोर पकड़ में आ गया है। जबकि उसके दो साथी भागने में कामयाब रहे जिसकी खोजबीन जारी है। वहीं पुलिस के अनुसार बाकी अन्य साथियों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## हृदय रोग से बचने के लिए के तैलीय खानों से परहेज करें : डॉ. महेश कुशवाहा

### भारत विकास परिषद का यह सामाजिक पहल आगे भी जारी रहेगा अमित साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन चितरपुर के सोढ स्थित व अजय ग्रीन गणेशा कंपलेक्स के परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर महेश कुशवाहा एवं भारत विकास परिषद के वरीये पदाधिकारीयों ने दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता और स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर रामगढ़ के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉक्टर आलोक रतन चौधरी के द्वारा भी स्वास्थ्य शिविर में सार्थक एवं सकारात्मक योगदान रहा। स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग एक सौ ज्यादा मरीजों को निशुल्क जांच किया गया। सभी मरीजों का निशुल्क बीपी एवं शुगर जांच किया गया। पचास से अधिक मरीज का निशुल्क ईसीजी जांच किया गया। इस अवसर पर रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश कुशवाहा ने मरीज को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हृदय रोग से बचाना है तो जंक फूड से परहेज करना पड़ेगा एवं तैलीये खाने से बचना पड़ेगा। इस अवसर पर रामगढ़ के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा कि दातों का नियमित साफ-सफाई रखने से ही दांत के रोगों से छुटकारा मिल सकता है। भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा डॉक्टर महेश कुशवाहा एवं डॉक्टर आलोक रतन चौधरी का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के कार्यक्रम संयोजक निलेश गुप्ता भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा,आदि थे ।

## सांसद ने हजारों रामभक्तों पर पुष्पवर्षा कर धर्मसभा के लिए किया विदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शौर्य जागरण यात्रा के संपन्न होने और 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे श्रीराम जी के प्राणप्रतिष्ठा के निमित्त बजरंगदल के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर रांची में आयोजित विशाल धर्मसभा हेतु रामगढ़ जिले से हिस्सा लेने जा रहे हजारों की संख्या में पहुंचे रामभक्तों एवं माता बहनों को पटेल चौक सैनी होटल के सामने हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने पुष्पवर्षा कर विदा किया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जिले के सभी क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में बस,चारपहिया वाहन एवं मोटरसाइकल से श्रद्धालु पटेल चौक पर पूर्वाहन 11 बजे तक एकत्रित होना शुरू हुए जिसका नेतृत्व विश्वहिंदू परिषद् बजरंगदल के जिला मंत्री छोटू वर्मा कर रहे थे। विदाई स्थल पर सांसद के उपस्थित होने पर सभी रामभक्तों ने जय श्री राम के गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया साथ हीं उपस्थित महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर जयंत सिन्हा का अभिवादन किया। इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित कारसेवकों एवं रामभक्त माताओं बहनों को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी को धार्मिक सभा हेतु विदा करते हुए मुझे आपार हर्ष हो रहा है साथ हीं आपकी एकजुटता और प्रण के कारण आज हम भव्य राममंदिर बनते देख पा रहे हैं। वहीं जिला मंत्री छोटू वर्मा ने इस अवसर पर सांसद का आभार जताते हुए कहा की धर्मसभा हेतु प्रस्थान कर रहे श्रद्धालुओं का स्वागत और पुष्पवर्षा कर उनका विदा करना हम सभी के मनोबल को बढ़ाता है साथ हीं हमें सनातन धर्म के कार्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

## बरकाकाना रेलवे स्टेशन में चला स्वच्छता अभियान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्र सरकार द्वारा निर्देशित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बरकाकाना स्टेशन में रविवार को ईसीआरकेयू के बैनर तले समस्त इंजीनियरिंग एवं लोको रनिंग स्टाफ द्वारा साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई परमानंद प्रसाद एईएन बरका एवं महेंद्र प्रसाद महतो शाखा सचिव ईसीआरकेयू बरकाकाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बरकाकाना यार्ड की सफाई करना तथा प्लास्टिक मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करना था इसके तहत समस्त बरकाकाना यार्ड में जंगली पेड़ पौधों की सफाई के साथ-साथ प्लास्टिक की सफाई भी की गई।कार्यक्रम का संचालन कर रहे परमानंद प्रसाद ने कहा कि बरकाकाना यार्ड रामगढ़ के प्रमुख स्टेशनों में से एक है अतः इसका सुंदर और स्वच्छ रखना हमारी मौलिक जिम्मेदारी है। वहीं श्री महेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा शुरू से ही सामुहिक जिम्मेदारी के विभिन्न कार्यों को श्रमदान द्वारा करता रहा है । उसी नैतिक चेतना के भावना के तहत हम सभी ने बरकाकाना यार्ड की साफ सफाई रेल कर्मचारियों द्वारा किया गया है।

## मुखिया के बेटे का माइनिंग सरदार में चयन, लोगों ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल उत्तरी पंचायत की मुखिया आशा देवी एवं पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव के पुत्र मिंटू कुमार (बैजू) ने एक कहावत को चरितार्थ कर दिया है कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती वही बैजू का चयन कोल इंडिया की महारत्न कंपनी एन सी0एल के सिंगरौली निगाही एरिया में माइनिंग सरदार की के पद पर हो गई है। मिंटू कुमार(बैजू) अपनी अथक मेहनत एवं परिश्रम से कोल इंडिया में माइनिंग सरदार की नौकरी पाई मिंटू कुमार(बैजू) शुरूआत से ही पढ़ने लिखने में काफी आगे रहे हैं और वह मेधावी छात्र भी रहा है इन्होंने मैट्रिक ऑक्सफोर्ड स्कूल रांची झारखंड से प्रथम डिवीजन एवं आई एस सी सिंहा कॉलेज औरंगाबाद बिहार से प्रथम डिवीजन से पास करते हुए अपनी माइनिंग डिप्लोमा की पढ़ाई श्रीधर यूनिवर्सिटी कोटा राजस्थान से कर यह मुकाम पाने में सफलता पाई है।

## बिहार क्लब में भगवा सेना की बैठक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कचहरी रोड स्थिति दुर्गा पूजा महानगर कार्यालय बिहार क्लब में भगवा सेना की एक बैठक भगवा सेना के संस्थापक मुकेश वर्मा एवं सेना प्रमुख अमित सोनी के संयुक्त अध्यक्षता में की गई ,जिसमें मुख्य अतिथि महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अजीत सहाय तथा विशिष्ट अतिथि संस्था के संरक्षक नीरज कुमार, संतोष कु0 सोनी , गौतम रीत राज , मंटू सिंह मंजीत सिंह उपस्थित थे । इस शुभ अवसर पर सभी ने सर्वसम्मति से भगवा सेना का विस्तार करते हुए ज़िला कमिटी एवं महानगर कमिटी का गठन किया जिसमें ज़िला अध्यक्ष के दायित्व पर जितेंद्र सिंह एवं महानगर अध्यक्ष अंकित वर्मा को निर्विरोध चुना गया ,जिसका सबने फूल माला तथा बुके देकर स्वागत किया । इस अवसर पर नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा की भगवा सेना शहर की प्रतिष्ठित संस्था है जो समय समय पर ब्लड डोनेट कैंप ,सड़क किनारे रह रहें ज़रूरत मंद को कंबल तथा कपड़ों का बितरन जैसे सामाजिक कार्यों को करते हुए एक अलग पहचान बनाई है ।भगवा सेना द्वारा जो जिमेदारी दी गई है ,उसे पूरी निष्ठा से निभाऊँगा एवं संस्था के हित के लिए सदैव तत्पर रहूँगा।

## उरीमारी के पसेरिया में जितिया मेले का आयोजन विधायक हुई शामिल

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के पसेरिया में रविवार को दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक चलने वाले एक दिवसीय जितिया मेले? का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न टोलों से आए लोगों ने मेले में जमकर आनंद उठाया। वही बताते चलें कि हर साल यहा पर मेले का आयोजन किया जाता है वहीं इस मेले में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पोंटगा पंचायत मुखिया चरका करमाली,जिला पार्षद प्रतिनिधि दीपक करमाली,जिला पार्षद सदस्य गीता देवी, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस विशेश्वर नाथ चौबे, हेमंत भुइंया, सुरेश महतो, शमशेर आलम इत्यादि लोग मौजूद थे।वही मेले में आर्केस्ट्रा का आयोजन भी किया गया था जिसमें एक से बढ़कर एक नागपुरी,खोरठा गीत एवं नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम रांची से आए कलाकारों ने प्रस्तुत किया। वहीं इस मेले में लगभग तीन से चार हजार लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। और इस मेले में बच्चों के लिए अनेक दुकाने सजाई गई थी।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, सोमवार, 09 अक्टूबर 2023 | पेज 10

## शंकर गयाली की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि

### स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट के सदस्यो ने दिया श्रद्धांजलि

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सेनिडीह में राष्ट्रीय छात्र शिक्षा एवं समाजसेवी संस्था स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट ने स्व0 शंकर गयाली कि चौथी पुण्यतिथि मनाई , ज्ञात हो कि शंकर गयाली बहुत सरल व सिद्धे- साधे व्यक्तित्व वाले युवा थे जिनकी सर्पदंश से आज ही के दिन मृत्यु हो गई थी, संस्था ने उनके परिजनों के सहयोग से उनकी सुपुत्री संजना कुमारी के हांथो टुण्डू साइडिंग, क्वाटर, सिनीडीह आदि स्थानों में जाकर करीब दो सौ जरूरतमंदों के बिच खाना का पैकट वितरण किया एवं मौजूद संस्था के सभी सदस्यों ने उनके प्रतिमा पर फूल माला अर्पण किया और श्रद्धांजलि दी गई,। मौके पर शाखा प्रभारी नवीन चौहान, सर्वे टिम प्रभारी रितिक गयाली, अजीत पासवान, राकेश गयाली, गौरव चौहान, आकाश कुमार, सेमंत गयाली, अनीश कुमार, अमित कुमार, राजेश गयाली, अजीत कुमार, अभिषेक गयाली, नीरज कुमार आदि लोगो ने श्रद्धांजलि दी ।

## डीएवी मॉडल स्कूल में दो दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल सी.एफ.आर.आई में डीएवी सीएई के तत्वावधान में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में विविध महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई। विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कार्यशाला में विविध विद्यालयों से आए शिक्षकों और विषय विशेषज्ञों का मार्ग दर्शन किया। साथ ही यह उम्मीद जताई कि बच्चों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में यह कार्यशाला काफ़ी लाभान्वित होगी। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी झारखंड जोन ई की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी प्रज्ञा सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। श्रीमती प्रज्ञा सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं विषय विशेषज्ञों का उत्साहवर्धन किया और मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि हमारी शिक्षण प्रक्रिया गतविधियों एवं क्रियाकलाप पर आधारित हो। उन्होंने यह उम्मीद जताई कि प्रतिभागी इस कार्यशाला में साझा किए गए अनुभवों से सीख कर अपने कक्षा शिक्षण में प्रयोग कर बच्चों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे। इस कार्यशाला में विविध विषयों के विशेषज्ञ के रूप में राजमणि पटेल, आलोक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार महतो, स्वाति तिवारी, ममता शर्मा, राखी महतो, अनीता दास गुप्ता, सोमा पालित, पापिया चटर्जी, नर्गिस जेबा, सुहेल चौधरी, आमोद कुमार झा आदि उपस्थित रहे।

## 5 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गौशाला प्रांगण में एकल अभियान के द्वारा संचालित ÷श्री हरी गौ ग्राम योजना÷ के तहत 5 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।प्रशिक्षण प्राप्त परिवार को गौशाला के सहयोग से एक गौवंश दिया जाएगा तथा साथ में एक वर्ष की गौ पालन पोषण की राशि भी दी जाएगी। गौवंश के गोबर को लाभुक के द्वारा सुखाकर रखा जाएगा जिसे संस्था के द्वारा वापस ख़रीद किया जाता है। संस्था के द्वारा ख़रीद किए गए गोबर में कुछ आवश्यक सामग्री मिलाकर एक रेडीमेड प्रिमिक्स को वापस लाभुक को दिया जाता है। उपरोक्त प्रिमिक्स से लाभुक परिवार के सदस्यों के द्वारा दिया वग़ैरह बनाया जाता है जिसे एकल संस्था के द्वारा ख़रीद कर बहुत ही सुंदर तरीक़े से पैकिंग कर महानगरों में बेचा जा रहा है। अनुपयोगी गोवंश को बचाने के लिए किया जा रहा यह कार्य वाक़ई आने वाले भविष्य में एक मिसाल क़ायम होगी।

## पटना-बरौनी-पटना पैसेंजर ट्रेन स्पेशल का आंशिक समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** रेलवे ट्रैक के रख-रखाव हेतु बीसीएम ब्लॉक के कारण दनांक 11.10.2023 तक गाड़ी सं. 03284 पटना-बरौनी पैसेंजर स्पेषल का आंषिक समापन विद्यापति धाम स्टेषन पर किया जायेगा तथा यहीं से यह 03283 पैसेंजर स्पेषल बन कर पटना के लिए खुलेगी ।

अर्थात दिनांक 11.10.2023 तक यह पैसेंजर स्पेषल विद्यापतिधाम और बरौनी के बीच रद्द रहेगी ।

## जिले के सभी ब्लॉक में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# डालसा प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है : न्यायाधीश

### तीन करोड़ 34 लाख 74 हजार 730 रूपए की परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में किया गया। गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट कैंप में लोगों को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाई जा सके जो इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी एस एस तिर्की ने कहा कि दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनता त्वरित न्याय कैसे प्राप्त करें इस पर लोगों को जागरूक करने के लिए डालसा इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम करता रहा है।

शिविर में सैकड़ों लोगों को सरकारी योजना का लाभ मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीडीओ संतोष कुमार, बीपीएम रमेश कुमार मंडल, डालसा के पैनल अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा, संदीप कुमार, जयराम मिश्रा, पंचानन सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, डालसा की टीम अरुण कुमार, सौरभ सरकार, विधिक स्वयंसेवक राजेश सिंह, हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, श्री लाल सोरेन, ओम प्रकाश दास, पंकज वर्मा, सौरभ जयसवाल, लक्ष्मी कुमारी, लक्ष्मी देवी, निमाई प्रमाणिक, शैलेंद्र दास, जय किशोर शर्मा, चंदन कुमार, अजीत दास, अबुल कलाम, उत्तम मंडल, प्राणनाथ, गीता कुमारी, पवन, मानिक दूबे एवं जिले के समस्त प्रखंडों के कर्मचारी गण एवं दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों से आए ग्रामीण जनता का योगदान रहा।

## दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न स्थानों में पंडाल निर्माण कार्य जोरों पर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुर्गा पूजा को लेकर इन दिनों गिरिडीह शहर के विभिन्न स्थानों में पंडाल निर्माण कार्य जोरों पर है। दुर्गा पूजा शुरू होने में अभी कुछ दिन ही शेष बचे है। पूजा समितियों द्वारा तेजी से पंडाल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। गिरिडीह शहरी क्षेत्र में 32 स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जाती है। इनमें से कुछ जगहों पर भव्य पंडाल बनाये जाते हैं। दुर्गा पूजा के दौरान महासप्तमी से लेकर विजयादशमी तक सबसे ज्यादा भक्तों की भीड़ गिरिडीह रेलवे स्टेशन के निकट स्थित एकेडमी स्कूल परिसर में लगती है। यहां सुरो सुंदरी इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। बंगाली रीति रिवाजों द्वारा सभी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा पपरवाताड़, बनियाडीह, अलकापुरी , पचम्बा, सिहोडीह, शास्त्रीनगर, आरगाघाट, हुटटी बाजार, बरमसिया, बोड़ो में भी दुर्गा पूजा को लेकर पंडाल निर्माण कार्य जोरों पर है।

# बीसीसीएल ने स्वच्छता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा विशेष अभियान 3.0 स्पेशल कैंपेनिंग कर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे कोयला भवन परिसर के अंदर सी जी एम पी विद्युत शाह के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया ताकि लोगों तक यह संदेश पहुंचा जा सके की स्वछता हमारे जीवन के लिए कितना जरूरी है। जीएमपी विद्युत शाह ने कहा कि अभी मलेरिया डेंगू और इस तरह के कई बीमारियां बारिश में पनपते रहते है। हमें चाहिए कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और साफ रखें ताकि इन बीमारियों से बचाव हो सके। जैसा कि देखा जा रहा है कि अभी डेंगू का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ा है। डायरेक्टर पर्सनल के नेतृत्व में पूरे बीसीसीएल में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, चीफ जनरल मैनेजर विद्युत शाह, सीनियर पर्सनल मैनेजर एस.पी. राय, डॉयरेक्टर पर्सनल के पी. एस. दीपक कुमार सिंह, सरोज, नीरज, विनय रंजन, प्रमोद, अभिषेक, सुजाता, ओ. पी. सिंह, शोभा जैतून कुजूर, कुश इन्मोसा के महामंत्री, आर. कनौजिया आदि इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# जिला स्तरीय ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** रविवार को धनबाद जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता टुण्डी उच्च विद्यालय मैदान में सम्पन्न हुई। टुंडी +2 उच्च विद्यालय टुंडी पहुंचकर मुख्य अतिथि विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो ने समस्त प्रतिभागियों को मार्गदर्शन के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। तत्पश्चात सभी प्रकार के खेल की शुभारम्भ से पूर्व विधायक श्री महतो ने विधिवत तौर पर उद्घाटन किया। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अंतर्गत ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का समापन +2 उच्च विद्यालय, टुंडी में हुआ। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी ही इस खेलकूद के प्रतिभागी रहेंगे। इस प्रतियोगिता में 300 ग्रामीण बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनकी आयु सीमा 14 वर्ष से 40 वर्ष के बीच थी। मौके पर मुख्य रूप से टुंडी के विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो, जिला खेलकूद पदाधिकारी दिलीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि फूलचंद किस्कू, +2 उच्च विद्यालय के जय कुमार, जिला सचिव तीरंदाजी संघ जुबैर आलम, उपाध्यक्ष सह मलखम्भ जिला महासचिव तारक नाथ दास, विधायक अनुज बसंत महतो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जातारखुंटी के दो शिक्षक रमसू मुर्मू एवं बरूण कुमार सिंह, जिला कोच नमीता टुडू इत्यादि के अलावे उच्च विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### आल इंडिया चन्द्रवंशी युवा एसोसिएशन की बैठक में जरासंध महोत्सव आयोजन समिति का गठन

# जिले के चंद्रवंशी समाज के लोग, एकजुट रहने का आह्वान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को आल इंडिया चन्द्रवंशी युवा एसोसिएशन की बैठक बरमसिया स्थित चन्द्रवंशी धर्मशाला में हुई। अध्यक्षता संजय चन्द्रवंशी ने की एवं संचालन बीरेंद्र चंद्रवंशी ने किया । बैठक में आगमी 26 नवंबर को जरासंध जयंती मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एकजुट होकर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके लिए जरासंध महोत्सव आयोजन समिति का गठन किया गया।

**संचालन समिति :-** संजु देवी, भीम रवानी, अजीत कुमार पप्पू,संजय चन्द्रवंशी, प्रदोष चन्द्रवंशी,अशोक राम पार्षद।

**कोर कमिटी :-** चन्द्रकान्ता चन्द्रवंशी, दिपक चन्द्रवंशी, भीखारी चन्द्रवंशी, सतीश चन्द्रवंशी, रुपेश वेदान्ता, नेमचंद्र, राजीव रंजन, विन्देश्वरी राम, गगन रवानी, रंधीर चन्द्रवंशी, प्रमोद चन्द्रवंशी, राहुल, नकुल राम, बबलु रवानी। संगठन को आगे बढ़ाते हुए प्रदोष चन्द्रवंशी को जिला उपाध्यक्ष,बेबी देवी को जिला महासचिव एवं अंजलि कुमारी को मिडिया प्रभारी (महिला विंग) बनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि जयंती मनाना ही एक मात्रा समाज का लक्ष्य नहीं है, पूजा के साथ- साथ समाज को एक सूत्र में बांधकर शिक्षित समाज का निर्माण करना चन्द्रवंशी एकता की विचारधारा है। जिसमें क्षेत्र के सभी चंद्रवंशी बुद्धिजीवियों, समाजसेवी और युवाओं का सहयोग अपेक्षित है। कहा कि चक्रवती सम्राट महाराज जरासंध जयंती चंद्रवंशी समाज के लिए एकता का प्रतीक है। समाज के युवाओं को आपसी मतभेदों को भूलाकर बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। बैठक में प्रदेश संयोजक भीम रवानी, राष्ट्रीय सचिव संजू देवी, वार्ड पार्षद गुड़िया देवी, वार्ड पार्षद अशोक राम, अजित कुमार पप्पु, प्रदोष कुमार, शिवा चन्द्रवंशी, दीपक चन्द्रवंशी, गगन चन्द्रवंशी, बबलू चन्द्रवंशी, रूपेश चन्द्रवंशी, सुरेश, शिवसागार, राजेश, बनवारी राम, आदि जिला व प्रखंडो से आए समाज के सैकड़ा लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता शेफाली सेनगुप्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को बलियापुर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत भवन करमाटांड़ में साक्षरता अभियान व भारत ज्ञान विज्ञान समिति के प्रारंभिक काल के साथी सह मुख्य प्रेरक, सामाजिक कार्यकर्ता स्व. शेफाली सेनगुप्ता का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ऑल इंडिया साक्षरता प्रेरक संघ धनबाद, प्रखंड साक्षरता वाहिनी बलियापुर व ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद द्वारा किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा का संचालन प्रेरक संघ के जिला अध्यक्ष मो. हकीमुद्दीन अंसारी के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से मंचासिन में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मो. कुर्बान अंसारी, ऑल इंडिया साक्षरता प्रेरक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीत कुमार भंडारी, सचिव भोला नाथ राम, मधेश्वर नाथ, उप मुखिया किशोर रवानी उपस्थित थे।

### साहित्य पितामह भागवत ने लिखी 25 पुस्तकें

# 25 साहित्य पुस्तक लिख कर भागवत ने झारखंड का नाम रौशन किया : सुरेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष धनबाद बिराजपुर निवासी भागवत प्रसाद वशिष्ठ जाने माने हिंदी साहित्य के समालोचक, व्यंग्यकार, कवि, लेखक और काल चिंतक हैं। इन्होने डेढ़ साल के दौरान हिंदी साहित्य के लिए 25 अनमोल पुस्तके लिखा है। लेखन के क्षेत्र में इनके चिंतन की चिंगारी के शब्द, ज्वाला बनकर मानवता को आलोकित करते हुए इनकी कृतिया मार्गदर्शक बन रही हैं। श्री वशिष्ठ को बधाई देते हुए हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी ने कहा 25 पुस्तके लिखकर इन्होने झारखण्ड राज्य का नाम रौशन किया है। हमें इनपर गर्व हैं। दुर्जटी दूबे, हरेंद्र तिवारी, किशोर पाण्डेय, बॉबी पाण्डेय, भवानी शंकर बंदोपध्याय, एच के मिश्रा, राधेश्याम गोस्वामी, राज लक्ष्मी देवी, अनुपमा तिवारी, शक्ति प्रसाद पाठक, कंचन पाठक, अनीश अंसारी, डॉ. आर के मिश्रा, जितेंद्र पाठक, डॉ. अनुराधा, गोपाल पांडे आदि गणमान्य व्यक्तियों ने भी इनकी साहित्यिक उड़ान पर बधाई दी।

# कोयला कर्मियों का वेतन व बोनस का भुगतान जल्द हो : ब्रजेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय इंटक के सचिव और झारखंड इंटक के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि देश के इतिहास में यह पहली बार देखने को मिल रहा है की एक बार वेतन समझौता पर कोल इंडिया के शीर्ष पदाधिकारी और शीर्ष मजदूर नेताओं के बीच जब फैसला हो चुका हो और मजदूरों के बीच में वेतन भुगतान भी हो गया हो उसके बाद आज जिस तरह से कोयला मजदूरों का भुगतान पर रोक लगा दिया गया है यह बहुत ही आश्चर्यजनक है। मजदूर जो काम किए हैं महीना बीत गया उसी का तो मजदूरी मांग रहे हैं। फिर कोल इंडिया के द्वारा मजदूरों को भुगतान नहीं किया जाना यह कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। बोनस पर भी अविलंब फैसला हो जाना चाहिए क्योंकि दुर्गा पूजा कुछ ही दिनों में आने वाला है और मजदूरो की निगाहें बोनस पर टिकी हुई है। अगर कोल इंडिया से थोड़ी सी भी चुक होगी तो 12 तारीख से कोयला कर्मियों के द्वारा पूरा चक्का जाम कर दिया जाएगा। हमारे मजदूर और उनके नेताओं के द्वारा रोजाना 12 तारीख से हड़ताल की तैयारी चल रही है और अगर समझौता नहीं की तो कौन इंडिया में हड़ताल होना निश्चित है। कोयला मंत्री को इस पर हस्तक्षेप कर अविलंब विवादों को पटाछेप कराना चाहिए।

# आर्ट ऑफ सक्सेस सेमिनार में विद्यार्थियों की उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से रविवार को न्यू टाउन हॉल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर व चाणक्य आईएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन सक्सेस गुरू मिश्रा के आर्ट ऑफ सक्सेस सेमिनार में जीवन में सफल होने के मंत्रों को बड़ी संख्या में सेमिनार में पहुंचे छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध होकर घंटों सुनते रहे। मौके पर हजारों की तादाद में पहुंचे विद्यार्थियों को सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने अपने प्रेरणादाई शब्दों से संबोधित करते हुए कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि झारखंड के छात्र-छात्राएं काफी प्रतिभावान हैं। केवल उचित मार्गदर्शन, बेहतर सलाह और सही दिशा दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन और उचित मार्गदर्शन सफलता को निर्धारित करते हैं। अगर किसी व्यक्ति या विद्यार्थी में ये साधन उपलब्ध हैं तो कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं हो सकता और अगर इन साधनों का सही उपयोग किया गया तो इस ब्रह्मांड में कोई भी लक्ष्य को हासिल करना असंभव नहीं है। क्योंकि मनुष्य के दिमाग से बड़ी अखिल ब्रह्मांड में कोई चीज़ नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों में अद्भुत प्रतिभा होती है और हर छात्र एक दूसरे छात्र से अलग होता है। हर छात्र अपने इसी क्षमता को निखार कर अपने जीवन में विशेषज्ञता हासिल कर सकता है। इस बीच सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के मन उठने वाले हर सवालों का भी जवाब दिया।

# गली में भरा पानी, आवागमन में हो रही परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के तेतरिया सलैडीह पंचायत के ग्राम हरिहरपुर के गलियों में बरसात का पानी हो जाने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता कच्चा होने के कारण बने गड्ढे में पानी जमा हो जाने से मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई है, जिसके वजह से कीचड़ में चलना दुभर हो गया है। इस बीच ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड में बच्चों का स्कूल आना-जाना होता है, कीचड़ के कारण बच्चों का कपड़ा खराब हो जाता हैं । साथ हीं ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता तेतरिया सलैडीह चौक से झूठाहाआम चौक को जोड़ती है। एक बार विधायक विनोद कुमार सिंह द्वारा इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया था लेकिन राजनीतिक खींचातानी के बीच आज तक विवाद को सलटाया नहीं जा सका है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियां होती है। इसकी सूचना जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सलीम अंसारी को मिली तो उन्होंने भरोसा दिया की बहुत हीं जल्द इस रास्ते की मरम्मत कर लोगों की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करूंगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे गोडाउन श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा सुविधा : डॉ. परिमल कांति मंडल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा आज दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को सदर प्रखंड कैमो केन्द टोली लोहरदगा में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन का श्रम पाठशाला शुभारंभ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित डॉक्टर परिमल कांति मंडल,राष्ट्रीय अध्यक्ष- भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन सह उत्तरी जोन रेलवे 'ऋष्ट्ष्ट मेंबर्स ने श्रमिकों छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा-ब्रिटिश काल से शोषित भारतीय रेलवे गोडाउन वर्क्स के लिए लगातार आंदोलन का का परिणाम है। श्रमिकों का फिक्स न्यूनतम सैलरी %रेलवे गोडाउन श्रमिकों को गुड सेट में विश्राम भवन,पेंशन श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा व्यवस्था इत्यादि का सुविधा,पूरे भारतवर्ष में हों रही है। साथ में उपस्थित श्री इंदु शेखर चक्रवर्ती -राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह सियालदह रेलवे डिवीजन ष्ठऋष्ट्ष्ट मेंबर्स ने कहा श्रमिकों का उज्जवल भविष्य को देखते हुए श्रमिकों का बच्चों के लिए श्रम पाठशाला शुभारंभ करने की बात भारतीय रेलवे मिनिस्टर से यूनियन प्रतिनिधियों का हुई वार्तालाप,जल्द शुभारंभ होने की मिला स्वीकृति। इसके बाद पूरे भारतवर्ष में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन की पहल से आरंभ होगी पाठशाला। यूनियन केंद्रीय कमेटी सदस्य डॉक्टर जाकिर हुसैन श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा आप लोगों का भविष्य के साथ साथ आपके बच्चों का भी उज्जवल भविष्य के लिए भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन संघर्ष कर रही है आप लोगों को यूनियन के साथ बने रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में श्रम पाठशाला के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से माहौल गूंज उठी अतिथियों भी झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन फूलचंद उरांव यूनियन लीडर शाह आदिवासी छात्र संघ जिला महासचिव लोहरदगा ने किए। श्रम पाठशाला शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष बौवरी,केंद्रीय कमेटी सदस्य,आरूप कईवार्ता, स्टेट कमिटी मेंबर्स,सुश्री मांनकी मिंज स्टेट कमेटी सदस्य,महेश कुमार स्टेट कमेटी सदस्य, घनश्याम उरांव,दुर्गा भगत,फूलचंद उरांव प्रमोद कुमार,नेसार अहमद,श्याम देवी,शिशिर उरांव,सूरज भगत,नवल किशोर राय,रोहित भगत,सचिन कुमार नाग,रंजीत कई वार्ता रंजीत कश्यप बलराम उरांव,अंजू मुंडा,रानी देवी,बिनेश्वर उरांव,कमलेश उरांव सेट कमिटी मेंबर्स, बुधराम उरांव,रंजीत उरांव भौक उरांव,बुधवा उरांव,योगेश कुमार,इत्यादि सैकड़ो की तादाद में श्रमिक यूनियन के सदस्य एवं प्रशासन व्यवस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 48 लोग अपना स्वास्थ्य जांच कराकर हुए लाभान्वित

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 69 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7ः30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 48 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग यहाँ आकर अपने स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं,जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य है। डॉ कुमुद ने कहा की काफी लोग यहां अपना स्वास्थ का चेकअप करवा कर ठीक हो रहें हैं इससे हमें काफी संतोष है,जरूरतमंदों की हर क्षेत्र में सेवा करनी हीं चाहिए,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह व सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,और साथ ही यह भी कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7ः30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार ही चलेंगे। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,जयप्रकाश शर्मा,अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह,सुबोध महतो,उमेश कास्यंकार,अतुल सर्राफ,हजारी साव,गजेंद्र प्रसाद,अंजलि सर्राफ,प्रदीप साहू,सुनील अग्रवाल,भीम प्रसाद,केशव महतो,गायत्री देवी,गोपाल महतो,विमेश कास्यंकार,केश्वर अग्रवाल,बालेश्वर साहू,अरविंद तमेड़ा,रघु महतो,मीना देवी,नंदलाल कास्यंकार,सोनिया पोद्दार,तुलसी उरांव,प्रदीप तमेड़ा,अर्पित उरांव,कृष्ण प्रसाद,आस्था उरांव, शिमला देवी,रमेश शर्मा,अंजू देवी,उदय कास्यंकार,रामचंद्र गिरी,मुकेश कुमार,विकास अग्रवाल आदि थे।

### निजी विद्यालयों के साथ छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष ने की बैठक

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतगावां प्रखंड के रामडीह स्थित झारखंड सेंट्रल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार के द्वारा निजी विद्यालयों के साथ बैठक किया।बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के निजी विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र ,छात्राओं का अपेक्षित विकास नही होना।अध्यक्षता कर रहे अखिलेश कुमार ने निजी विद्यालयों के सचिव से अपील किया की प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अविभावक बहुत आशान्वित हैं जो अपने बच्चों को आपके पास अच्छे संस्कार और गुणवत् शिक्षा को लेकर सौंपे है जिनका अपेक्षित विकास होना चाहिए।विद्यालय में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है वहीं उन्होंने सभी से अपील किया की प्रखंड में अध्ययनरत बच्चे को नैतिक शिक्षा मिलना चाहिए जिससे उसमे संस्कार समाहित हो।

## जतरा हमारे पुरखों की धरोहर है : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नीनी गाँव में करम जीतिया जतरा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह लोहरदगा संसदीय लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा की जतरा हमारे पुरखों की सांस्कृतिक विरासत और धरोहर है। जिसके माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा और सहभागिता बनी रहती है। आदिवासी संस्कृति बहुत ही समृद्ध है और पुरखे प्रकृति के ज्ञानी। नशापन से दूर रहने और शिक्षा पर बल दिया विशेष कर बच्चियों की शिक्षा पर। इस जतरा में 27 खोड़ा नृत्य मंडली अगल बगल गाँव से शामिल हुए। इसके पूर्व सुखदेव भगत एवं अतिथि गणों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों संग मांदर एवं नगाड़े बजा कर जम कर थिरके। खोड़हा दलों को सुखदेव भगत द्वारा उपयोगी सामग्री पारितोष में दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता,मुखिया मीना कुमारी,पवन गौतम,अनिल कुमार,वीरेंद्र यादव, रवि रोशन बेक,शाहिद अहमद,कुदूस,तबारक, आयोजन समिति के शनिचरवा उरांव, जतरा उरांव,लक्ष्मण उरांव,दया उरांव, आशीष कुजुर, प्रधान श्यामलाल उरांव आदि काफी संख्या में ग्रामीण एवं खोड़हा दल उपस्थित थे।

## सुड़ी जाति की जनसंख्या का आंकड़ा जारी करें बिहार सरकार : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला सुड़ी समाज के पूर्व जिला महासचिव आलोक कुमार साहू ने कहा कि बिहार सरकार ने जाति जनगणना की आंकड़ा जो जारी किया है उसमें सुड़ी जाति की जनगणना की संख्या को नहीं दिखलाया गया है बल्कि सरकार ने कई जातियों के समूह बनाकर बनिया जाति जिसका कोड 122 बना है उसमें सुड़ी जाति को शामिल कर सुड़ी जाति के साथ छलावा किया है। श्री साहू ने बताया कि पूरे बिहार में सुड़ी जाति की संख्या लगभग 30 लाख है। बिहार सरकार अनेक जातियों को एक समूह में शामिल कर उनके जातियों के नाम पर आंकड़ों को छुपाने का काम कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। श्री साहू ने बिहार सरकार से सुड़ी जाति सहित सभी जातियों की जनगणना स्पष्ट रूप से बताने की मांग की ताकि जनसंख्या के आधार पर सुड़ी एवं अन्य जाति को बिहार उनका हक मिल सके।

## अधिवक्ता संघ ने अब्दुल रब के साथ हुई घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधि मंडल कल न्यायालय परिसर में अब्दुल रब के साथ हुई घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय से मिल घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिवक्ताओं ने निन्दा एंव रोष व्यक्त करते हुए कड़ी कार्रवाई करने हेतु कहा। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि यह अधिवक्ताओं के सुरक्षा और मान-सम्मान का प्रश्न है इसलिए इस पर किसी भी प्रकार का कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। संघ भवन क्षेत्र और न्यायालय परिसर में सुरक्षा वयवस्था और कड़ी की जाएगी जिससे भविष्य में इस प्रकार का घटना न हों। अधिवक्ताओं के सुरक्षा एवं न्यायालय की गरिमा बनाये रखने हेतु विस्तार से चर्चा की गई।

## आंकाक्षी प्रखण्ड किस्को में संकल्प सप्ताह के तहत समृद्धी दिवस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आंकाक्षी प्रखण्ड किस्को में संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएँ सबका विकास) के तहत आज रविवार को किस्को प्रखंड के नवाडीह पंचायत में समृद्धी दिवस के रूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस, जिला उद्योग केंद्र, जिला सूचना एवं विज्ञान और कृषि विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना, वित्तीय साक्षरता के संबंध में, डिजिटल मार्केटिंग,ई-कॉमर्स, समेत अन्य योजनाओं की जानकारी उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दी गई। डीपीएम जेएसएलपीएस द्वारा छूटे हुए परिवार को सखी मंडल से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने प्रत्येक परिवार को 3-4 आजीविका गतिविधि से जुड़ने तथा उसके साथ पूंजी की व्यस्था की जानकारी दी। युवक-युवती को DDU-GKY, R-SETI के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ने हेतु प्रशिक्षण की व्यस्था के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में पलाश उत्पाद प्रदर्शनी भी लगायी गयी जिसका सभी मे काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में योजनाओं के स्टॉल भी विभागों द्वारा लगाये गये थे। कार्यक्रम जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुवर सिंह,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह,डीपीएम जेसलपीएस अनिता केरकेट्टा,मुखिया मीणा कुमारी,सभी संबंधित विभागों के कर्मी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला कोडरमा की बैठक झुमरी तिलैया के गांधी हाई स्कूल के प्रांगण में केंद्रीय सचिव सत्यदेव राय की अध्यक्षता में की गई.बैठक का संचालन झारखंड आंदोलनकारी नागेश्वर प्रसाद ने किया. विशिष्ट अतिथि में झारखंड आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारी रविंद्र शांडिल ने भाग लिया.बैठक में महावीर वर्मा मनोज कुमार,अनिल कुमार सिंह, मुरली मनोहर पांडे, ईश्वर दास, अरुण पांडे, किशोरी तिवारी, अजय पांडे, बच्चू घानंद पांडे, तिवारी दिनेश्वर गिरी, रतन लाल पांडे,राजकुमार राव, सुनैना देवी, निर्मला तिवारी, मंकी देवी, द्वारका ठाकुर, देवंती देवी,चंपा देवी,मुनिया देवी,कलावती देवी, शारदा देवी, दिलीप सिंह इत्यादि लोग शामिल थे. बैठक का मुख्य उद्देश्य 12 अक्टूबर को आयोजित झारखंड के 24 जिलों के सभी चिन्हित आंदोलनकारी के शिरकत करेंगे और झारखंड सरकार से यह मांग करेंगे की जेल की बाध्यता समाप्त की जाए व पेंशनधारी आंदोलनकारी को?50000 रुपए प्रति महीना पेंशन लागू किया जाए. बैठक में कहा गया कि 12 अक्टूबर को होने वाले झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य एवं गोमिया विधायक लंबोदर महतो, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह विधायक गण शिरकत करेंगे.

## गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ जिला ईकाई सिमडेगा का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** रविवार को डाक बंगला में चुनाव पर्यवेक्षक विपिन पंकज मिंज की अध्यक्षता में गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ जिला ईकाई सिमडेगा का चुनाव के माध्यम से गठन किया गया । प्रदेश कमेटी की उपस्थिति के साथ जिला अध्यक्ष सुनील टेटे जिला सचिव सुरेश कुमार मांझी, उपाध्यक्ष अजय होरो, कार्यकारी अध्यक्ष देवनारायण दास, कोषाध्यक्ष बंधु कांसी संगठन सचिव संजय सुनानी कार्यालय सचिव विक्टोर खेस महिला जिला अध्यक्ष संगीता कुमारी जिला सचिव रीता देवी उपाध्यक्ष रोशनी कुमारी संगठन सचिव सोनी कुमारी एवं अन्य पदों पर मुख्यतः प्रदेश अध्यक्ष अमर तिरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष हरेराम सिंह, प्रदेश प्रदेश संगठन सचिव दिनेश कुमार यादव, एवं जुनास खेस, प्रदेश सचिव शिवा बड़ाईक,,उपसचिव सत्यनारायण बिरवा, एवं बिरसा भेंगरा, एवं भारी संख्या में महिला पुरुष जवानों एवं सुरक्षा बल पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## पतंजलि द्वारा सात दिवसीय विशेष योग शिविर का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के तत्वाधान में सात दिवसीय निशुल्क विशेष योग सत्र का आयोजन का शुभारंभ किया गया। सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन प्रखंड परिसर स्थित सहकारिता भवन परिसर में आयोजित की गई है। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरिष्ठ योग शिक्षक संजय मधुर एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने संयुक्त रूप से योग अभ्यास के क्रियाओं का अभ्यास कराया। शिविर में दंड बैठक,सूर्य नमस्कार के 12 क्रियाएं, पेट एवं पीठ के बल एवं बैठकर किए जाने वाले रोग निवारण हेतु प्रमुख आसनों का अभ्यास भी लाभ के साथ प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया। जिनमें मंडूकासन,सर्वांग आसन, पाद हस्तासन,ब्रिज आसन,साथ ही साथ सूक्ष्म व्यायाम के बारीकियों से भी अवगत कराया गया। मौके पर संजय मधुर ने कहा कि मौजूदा समय में स्वस्थ शरीर के लिए प्रतिदिन प्रातः कालीन योग सत्र में भाग लेकर योग एवं आयुर्वेद को जाने एवं अपने दैनिक दिनचर्या में भी से शामिल करें। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने बताया कि शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए जाने हेतु योग की महिमा अपरंपार है। छोटे बच्चों से बड़ों तक सबों को उनके कार्य शैली,जीवन यापन एवं अध्ययन अध्यापन में तनाव से गुजरना पड़ रहा है। अतः योग ही सबों को दूर करने के लिए एकमात्र विकल्प है। पतंजलि योग समिति द्वारा जिला मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय में भी साथ दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आप शामिल होकर स्वस्थ जीवन प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में शंभू शर्मा,नवीन झा,उपेंद्र साहू,प्रमोद साहू, प्रदीप साहू,राजेंद्र प्रसाद,श्याम सिंह,सुमंत महतो,मनोज चौधरी,उपेंद्र कुमार,अरूप महतो समेत कई प्रशिक्षणार्थी योग के बारीकियों से अवगत हुए।

## कैरो एतिहासिक जितिया जतरा में 12 खोड़हा दल को आयोजन समिति ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 अक्टूबर रविवार को कैरो मुख्यालय मे एतेहासिक जितिया जतरा शांति पुर्वक सम्पन्न हो गया। उक्त जतरा मे प्रखंड के विराजपुर, नयाटोली, खन्डा, जामुन टोली, बक्सी, नरौली, कैरो, महूवरी, उतका, गजनी,कुडु प्रखंड के सुकुरहुट्ट, इत्यादि 12 खोड़हा दल पारंपरिक वेश भुषा के साथ वाद्ययंत्र मान्दर,नागाड़ा,लेकर जतरा मे झारखण्डी गीत के साथ नृत्य प्रस्तूत किया। सभी 12 खोड़हा दल को आयोजन समिति एवं अतिथि प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी,थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव,20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव,सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी,मुखिया वीरेंद्र महली, इत्यादि अतिथियों ने सभी खोड़हा दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैरो थाना की और से मेला स्थल पर शांति व्यवस्था के निमित पुलिस बल की तैनाती की गई थी।मौके पर आयोजन समिति मे कैरो के पहांन वीरेंद्र उराँव,विष्णु उराँव,अम्रेण्द्र पन्ना,बाबुलाल उराँव,विकाश उराँव,किसुन उराँव,सुमन उराँव,जयराम उराँव,नागो भगत इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## झारखंड पार्टी को लोग विकल्प के रूप में देखकर बता रहे हैं समस्या : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का रविवार को क्षेत्रीय समस्याओं का हाल-चाल जानने के लिए जलडेगा प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी सभी प्रकार की छोटी बड़ी समस्याओं को जाना। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि आज भी यहां पर आवागमन की काफी परेशानी है कच्ची सड़क होने की वजह से यहां पर बारिश के दिनों में जलमग्न हो जाती है और लोगों को बहुत दिक्कत होता है। बिजली की भारी समस्या है और कई गांव में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है। इसके अलावा कई लोगों का डबल मीटर का बिल आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आज भी लोग प्रधानमंत्री आवास की बाट जोह रहे हैं। सभी समस्याओं को सुनने के साथ ही पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं को अपनी समस्या मानते हुए दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस समय में झारखंड पार्टी को सभी ग्रामीण लोग विकल्प के रूप में देख रही है ।क्योंकि जो राष्ट्रीय पार्टी है ,वह सिर्फ विकास के नाम पर लोगों को लड़ने की काम करती है इसलिए इस चुनाव में झारखंड पार्टी का आप सहयोग करें झारखंड पार्टी आपके लिए हमेशा खड़ी है। इस मौके पर मुख्य रूप से ललित संमद ,बाबूराम लकड़ा ,अनिल बरला अमन खेस, चिराग बाड़ा आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : श्रद्धानन्द बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठाईटांगर मंडल के बखरी टोली ग्राम में अनुसूचित जाति एस.सी समुदायों के बीच , मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान की अध्यक्षता में भाजपा नेता मंडल प्रवासी श्रद्धानंद बेसरा की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री बेसरा ने केन्द्र सरकार की योजनाओं को स्थानीय भाषा में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गांवों के एवं शहरों के विकास के लिए अनेक योजनाएं बनाई, ग्रामीण माताओं के लिए उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए , स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालय बनाए गए, प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन और जल नल योजना के तहत घर-घर नल जल दिए गए, गांव को प्रधानमंत्री ग्रामीण विद्युतीकरण उजाला योजना के तहत गांवों को बिजली दी गई , प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत गरीबों को मुफ्त राशन दी गई, प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत गरीबों के लिए जीरो बैलेंस में खाता खोले गए, प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत सलाना रजिस्टर किसानों को 6000 तक की राशि दी गई, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को पांच लाख तक का मेडिकल सहयोग दिए जा रहे हैं और 17 सितम्बर विश्वकर्मा पूजा के दिन प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत बेरोजगारों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन 500 रू. एवं प्रशिक्षण उपरांत 15000 का समान खरीदने के लिए सहयोग दिया जाएगा। बैंक से कम ब्याज दर पर दो लाख रुपए तक लोन का भी प्रावधान है। इसके साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विदेशों में देश का सम्मान बढ़ाने का काम किया। आज विश्व भर में हमारे प्रधानमंत्री जी ने देश को समृद्ध और शक्तिशाली देश के रूप में पहचान दिलाई हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### पीड़ित परिवार को दिया गया सहायता राशि एवं राशन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत दोरहा टोला निवासी सुरेन्द्र कोरवा बुधवार को गारू सप्ताहिक बाजार से अपने घर आने के क्रम में कार्रवाई के कोयल नदी पार करने के दौरान बाढ़ के तेज बहाव में बह गया है, जिसका पता अभी तक नहीं चल सका है। यह मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनूज सोरेन एवं मुखिया के द्वारा सुखा राशन मुहैया कराया गया। वही उपप्रमुख सुनिल उरांव एवं मुखिया राजेश सिंह के द्वारा पिड़ति परीवार के घर जाकर सुखा राशन एवं सहायता राशि दिया गया। साथ ही उन्होने परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए एवं घर का हालात को देखते हुए मुखिया ने कहा कि पिड़ति परिवार को अम्बेदकर आवास एवं 8 वर्षिय पुजा कुमारी का नामांकन बेहतर स्कूल में कराने की बात कहा गया।

### मुख्य सचिव चार साल से लंबित कांडों की करेंगे समीक्षा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 10 अक्टूबर को चार साल से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। इसको लेकर मुख्य सचिव कार्यालय ने गृह सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव चार साल और इससे अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी,सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इससे पहले बीते पांच अक्टूबर को एडीजी अभियान ने जिले के एसएसपी और एसपी के साथ चार से लंबित कांडों की समीक्षा की थी। लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर और उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है। जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य है। पुराने लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में तेजी आयी है।

### वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति कर रहा काल्पनिक मंदिर का निर्माण

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोरहाबादी के चिरौंदी स्थित वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राठौर ने रविवार को बताया कि इस बार काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसमें स्थानीय कलाकृतियों की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 30 फीट और मां की प्रतिमा 10 फीट ऊंची होगी। पंडाल निर्माण में लगभग 18 लाख रुपए खर्च होंगे। पंडाल के अंदर विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। बाहर भी एक किमी से ज्यादा लाइटिंग से पूरा चिरौंदी - बोड़ेया रोड रौशन होगा। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष लाइटिंग लगाई जा रही है। बंगाल के 20 कारीगर पंडाल निर्माण के कार्य में जोर-शोर से लगे हैं।

# अपने आप में विशिष्ट होते हैं शिक्षक : मनोज सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : रविवार को स्थानीय ऐतिहासिक जिला स्कूल के प्रांगण में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय स्वागत सह सांगठनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षकों से जुड़े समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सह वरीय समाजसेवी मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मनोज सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने आप में विशिष्ट होतें है। जिनके सानिध्य में प्रलय तथा निर्माण पलते हैं। इसलिए अब सरकारी शिक्षकों पर ये महत्ती जिम्मेवारी है कि समाज में सरकारी शिक्षा के प्रति लोगों मे व्यास धारणा को बदलें। इस सम्मेलन में संघ के अध्यक्ष सतीश दुबे, उपाध्यक्ष साकेत शुक्ला, सचिव आलोक तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष भीम कुमार सहित सैकड़ों के संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। सामाजिक कार्यकर्ता सिंटू सिंह, संतोष शुक्ला,उतम सिंह रजनीश सिंह राहुल मिश्रा अनुभव इत्यादि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस कमिटी युवा कांग्रेस का मिलन सम्मेलन में बनी रणनीति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस कमिटी के द्वारा युवा कांग्रेस मिलन सम्मेलन का आयोजन गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, टैगोर हिल रोड, चिरौंदी, मोराबादी में किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम जी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख , बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, महागमा विधायक दीपिका पांडे सिंह, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा,कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी तथा झारखंड युवा कांग्रेस के सभी पूर्व प्रदेश अध्यक्षों की गरिमामई उपस्थिति रही। अपने अपने संबोधन में नेताओं ने कांग्रेस संगठन में युवा कांग्रेस की भूमिका तथा युवा कांग्रेस में कार्य के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र राजनैतिक दल है जहां युवाओं को आगे रखा जाता है, जिस का उदाहरण वर्तमान के कांग्रेस विधायक दल, मंत्रिमंडल, तथा बोर्ड -निगम के वर्तमान अध्यक्षगणों में युवाओं की आधी से अधिक भागीदारी है। अविनाश पांडे ने कहा कि यह कार्यक्रम का उद्देश्य जो लेकर चला गया था वह सब प्रतिशत पूर्ण हुआ 2000 से लेकर के अब तक के पूर्व पदाधिकारी को एकत्रित करके आने वाले समय में 2024 के इलेक्शन के लिए पार्टी को मजबूत करने का सफल प्रयास था उन्होंने कहा कि इसी तरह का कार्यक्रम 14 लोकसभा में करने की जरूरत है।

## इजराइल में फंसी बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा को भारतीय दूतावास ने सकुशल निकाला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा इजराइल में जारी युद्ध के बीच फंस गई थीं. भारतीय दूतावास की मदद से उन्हें सुरक्षित भारत लाया जा रहा है. फिलहाल एक्ट्रेस भारत आने के रास्ते में हैं. बता दें कि इजराइल पर हमास ने हमला कर दिया है. इजराइल की सेना को कई फ्रंट पर हमास लड़ाकों का सामना करना पड़ रहा है. इजराइल में इस समय लगभग 18 हजार भारतीय मौजूद हैं.

इजराइल में मौजूदा स्थिति को ठीक नहीं है, यहां युद्ध जैसे हालात हैं. ऐसे में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने के लिए कहा है. इजराइल के स्थानीय अधिकारियों ने सलाह दी है कि कृपया सावधानी बरतें, गैरजरूरी आवाजाही से बचें और सुरक्षा आश्रयों के करीब रहें. साथ ही भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों तक पहुंचने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर और एक ईमेल जारी किया है. नुसरत भरुचा की पब्लिसिस्ट संचिता त्रिवेदी ने बताया कि भारतीय दूतावास की मदद से नुसरत को सुरक्षित घर वापस लाया जा रहा है. हमें सीधी फ्लाइट नहीं मिली इसलिए वह कनेक्टिंग फ्लाइट से घर जा रही है. उसकी आगे की सुरक्षा के लिए, अधिक जानकारी शेयर नहीं की जा सकती. हम राहत महसूस कर रहे हैं और भगवान का शुक्रिया अदा करते हैं कि वह सुरक्षित हैं और भारत आ रही हैं.

## कंगना रनौत की तेजस का ट्रेलर हुआ रिलीज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** बीते कई दिनों से कंगना रनौत की दो फिल्म चंद्रमुखी 2 और तेजस की चर्चा जोरों पर थी, जिसमें चंद्रमुखी तो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती हुई नजर नहीं आई. लेकिन तेजस का ट्रेलर देखने के बाद फैंस कह रहे हैं कि क्वीन कंगना की वापसी हो गई है. दरअसल, बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत स्टारर तेजस का ट्रेलर बड़े पर्दे पर आने वाले रोमांचक एक्शन और रोमांच की झलक दिखाता है, जिसने पूरे देश में मौजूद दर्शकों के उत्साह को बढ़ा दिया है.8 अक्टूबर को वायु सेना दिवस के अवसर पर कंगना रनौत की तेजस का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. इसमें क्वीन को प्रखर, जोश से भरे और शक्तिशाली वायु सेना पायलट तेजस गिल के रूप में दिखाया गया है. हाई लेवल के हवाई सीन्स के साथ शुरुआत और दिल को जीतने वाले डॉयलो की विशेषता वाले ट्रेलर ने तुरंत ध्यान खींचा है.एक अच्छी तरह से बनाए हुए साउंडट्रैक और प्रभावशाली विजुअल इफेक्ट्स के साथ, ट्रेलर एक विजुअल स्पेक्टिकल है, जो दमदार डायलॉग्स के साथ देशभक्ति की भावना पैदा करता है. ट्रेलर में गंभीर और बहादुर किरदार को चित्रित करते हुए, एक्ट्रेस कंगना रनौत फिल्म के लिए सफलतापूर्वक एक्साइटमेंट पैदा करती हैं, जो 27 अक्टूबर 2023 को रिलीज होने वाली है. इसके ट्रेलर को देखते ही फैंस एक्ट्रेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. जबकि कुछ लोग कह रहे हैं कि इस फिल्म के लिए कंगना रनौत को नेशनल अवॉर्ड मिलना पक्का है. आरएसवीपी द्वारा निर्मित, तेजस में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं. सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित तेजस 27 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

# झारखंड संगीत अकादमी नियमावली पर कलाकारों ने रखे अपने विचार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य संगीत नाटक अकादमी, झारखंड राज्य ललित कला अकादमी, झारखंड राज्य साहित्य अकादमी के प्रस्तावित नियमावली प्रारूप पर विचार विमर्श की बैठक होटवार स्थित राज्य संग्रहालय में बीते 4 अक्टूबर 2023 को की गई थी। इस बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों से कलाकार पहुंचे हुए थे । अपनी अपनी बातों से बैठक में प्रस्ताव स्वरूप रखा और अपने अपने विचार एवं सुझाव भी दिए। दरअसल झारखंड गठन के बाद पहली बार झारखंड राज्य संगीत नाटक अकादमी, झारखंड राज्य ललित कला अकादमी और झारखंड राज्य साहित्य अकादमी का गठन किया जा रहा है।

इसके लिए नियमावली भी बनाया जाना है। किस तरह से नियमावली हो कि आगे भविष्य में किसी तरह की कोई दिक्कतें न हो, इन सब पर विचार विमर्श किया गया । मुख्य रूप से झारखंड सरकार सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेल को एवं युवा कार्य विभाग निदेशक धर्मेंद्र दीक्षित , उपनिदेशक जितेंद्र बहादुर सिंह, शाखा पदाधिकारी विवेक, सौरभ ,अर्जुन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**मुख्य बातें:** वहीं विचार विमर्श में विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने अपनी सुझावों और सुधारों की बातें बैठक में सभी को अवगत कराया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से अकादमी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव कौन हो सकते हैं इस पर विचार विमर्श किया गया । जिसमें कहा गया कि आईएएस रैंक के सेवानिवृत अधिकारी हो , वहीं विभिन्न जिलों में कलाकारों के मापदंड तय किया जाए और आपराधिक प्रवृत्ति के कलाकारों को प्राथमिकता ना दिया जाए। इसके अलावे भी और कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

**अपने-अपने विचार रखने वालों में से:** इस बैठक में विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने विचार और सुझाव दिए मुख्य रूप से झारखंड के पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख , अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार एवं संगीत नाटक अकादमी के सदस्य नंदलाल नायक, वरिष्ठ रंगकर्मी राजकुमार नागवंशी, संजय लाल, निजाम, परवेज कुरैशी, शंकर पाठक, सीमा देवी, ऋषि , पीएम अहमद, जीत राय हंसदा, प्रियंका प्रसाद , विनोद कुमार महतो सहित विभिन्न राज्यों से आए कई कलाकारों ने सुझाव दिए।

## किसान आंदोलन को बदनाम कर रही है सरकार:किसान मोर्चा

**नई दिल्ली:** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा कि मोदी सरकार किसान आंदोलन को नये सिरे बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जिसका किसान संगठन विरोध करते हैं। एसकेएम ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि हम एफआईआर में स्पष्ट रूप से झूठे और द्वेषपूर्ण आरोपों को खारिज करता है कि, किसान आंदोलन अवैध विदेशी फंडिंग के माध्यम से देश में जीवन के लिए आवश्यक आपूर्ति और सेवाओं को बाधित करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नष्ट करने, भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और आंतरिक कानून और व्यवस्था की समस्याएं पैदा करने के लिए था। एसकेएम ने कहा कि न्यूज़क्लिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर मोदी सरकार की ओर से किसान आंदोलन पर नए सिरे से हमला किया गया है।

## राजस्थान में जातिगत सर्वे का आदेश जारी

**एजेंसी**

**जयपुर.** बिहार में हुई जातिगत जनगणना के बाद इस पर हो रही देशव्यापी बहस के बीच राजस्थान में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले सीएम गहलोत ने एक और मास्टर स्ट्रोक लगा दिया है. गहलोत सरकार ने सूबे में जातिगत सर्वे कराने के आदेश जारी कर दिए हैं. पहले जहां इस मुद्दे को कांग्रेस के घोषणा में शामिल किए जाने की चर्चा चल रही थी. वहीं गहलोत सरकार ने अब इसके लिए अपना पासा फेंक दिया है. शनिवार देर रात को सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग ने जातिगत सर्वे के आदेश जारी कर दिए. उसके बाद रविवार को दोपहर में सीएम अशोक गहलोत ने भी ट्वीट कर इसकी जानकारी साझा की. गहलोत ने इसे सामाजिक न्याय के लिए नया अध्याय बताते हुए लिखा कि वंचितों की विरोधी केंद्र सरकार लगातार जातिगत जनगणना से किनारा कर रही है जिससे सामाजिक न्याय की अवधारणा अवरुद्ध हो रही है. इसलिए प्रदेश सरकार ने हर जरुरतमंद तक उनके हक का लाभ पहुंचाने के लिए अपने संसाधनों से जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है. इसके आंकड़ों के आधार पर विभिन्न वर्गों की आवश्यकता अनुरूप योजनाएं बनाई जा सकेंगी. गहलोत ने अपने ट्वीट में आगे लिखा कि रायपुर अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी ने संकल्प पारित किया था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दशकीय जनगणना के साथ-साथ एक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना करने के लिए प्रतिबद्ध है. राहुल गांधी की सामाजिक न्याय की सोच को लागू करने के लिए पिछड़े वर्गों की स्थिति का आंकलन बेहद आवश्यक है. यह ऐतिहासिक कदम सामाजिक न्याय में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा.सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी वर्गों के सर्वांगिण विकास के लिए राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित सर्वेक्षण करवाएगी. इस सर्वे के माध्यम से सूबे के सभी वर्गों के सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक आंकड़े एकत्र किए जाएंगे. उसके बाद इनका विस्तृत अध्ययन कर पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए विशेष कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाएगी. सरकार का मानना है कि इससे सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार आएगा.

# कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला वासियों ने रिसलदार बाबा के दर पर दी हाजरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 216 वां सालाना पांच दिवसीय उर्स के मौके पर रविवार को अपनी पुरानी परंपरा को निर्वहन करते हुए जमीयतुल कुरैशी पंचायत द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से रिसालदार बाबा के दर पर चादरपोशी के लिए कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला से चादर निकाली गई। वहीं नौजवान हुसैन कमेटी के द्वारा भी धूमधाम से चादरपोशी के लिए चादर निकाली गई। इस मौके पर जमीयतुल कुरैश पंचायत और नौजवान हुसैन कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से चादरपोशी के पूर्व बाद मगरीब नमाज कांटा टोली क्षेत्र के जिसमें कुरैशी मुहल्ला, इदरीश कॉलोनी, रजा कॉलोनी , गढ़ा टोली , पुरुलिया रोड और इसके आस पास के गणमान्य लोगों को रश्मे ए पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर झारखंड जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, जमीयतुल कुरैश पंचायत के सदर गुलाम गौस पप्पू कुरैशी, महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज कुरैशी, पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महताब आलम,अफताब कुरैशी, तजमुल कुरैशी, फरहाद कुरैशी, गफ्फार कुरैशी, जाबीर कुरैशी,गुलाम मुस्तफा कुरैशी,शाबीर बब्लू कुरैशी, आजाद कुरैशी, समीउल्ला कुरैशी, शहनशाह कुरैशी,समीम कुरैशी, सोनू कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, दानिश कुरैशी, अशब कुरैशी, जुबेर, राजू, महमूद कुरैशी, वासिफ कुरैशी , दानिश कुरैशी, शोएब कुरैशी , हाजी अजीम कुरैशी, नायब मोअज्जीन महबूब , इमरान कुरेशी , शाहनवाज कुरैशी , मुनाज कुरेशी , कैफी कुरैशी, अरमान कुरेशी, शोएब अहमद , शरद कुरैशी , फैजान कुरैशी, निहाल कुरेशी, राजा ,आमिल कुरेशी , मुर्शिद कुरेशी,टीपू, शगीर, मोहसिन , खुर्शीद कुरेशी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## जमीयतुल कुरैश और नौजवान हुसैन कमेटी ने संयुक्त रूप से निकाली चादर

## लव जिहाद और धर्मांतरण झारखंड सहित पूरे देश में बड़ी समस्या : अशोक तिवारी

**रांची:** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में लव जिहाद और धर्मांतरण बड़ी समस्या है। लव जिहाद के कारण कई बेटियां मारी जा रही हैं। इसपर अब बजरंग दल के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभायें। अपने क्षेत्र में टोला बनाकर ऐसे राष्ट्र विरोधी दुराचारी ताकतों पर पैनी नजरें रखें और इनकी लिस्ट तैयार करें।

तिवारी रविवार को विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान में आयोजित शौर्य जागरण यात्रा और धर्म सभा में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भोले-भाले आदिवासियों को जिस तरह से धर्मांतरित कर दबाव में धर्म परिवर्तन करने का काम हो रहा है, यह गलत है। इसपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# केदारनाथ व बदरीनाथ में नए भारत की तस्वीर झलकती है : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**बदरीनाथ-केदारनाथ** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ में आस्था के उमड़ते सैलाब में पर्यटन-तीर्थाटन सहित नये भारत की तस्वीर साफ झलकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प, प्रेरणा, दूरदृष्टि और मार्गदर्शन से नयी केदारपुरी का पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। बाबा केदारनाथ में दर्शन पूजन के बाद योगी आदित्यनाथ जौलीग्रांट एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बदरीनाथ धाम दर्शन के पश्चात केदारनाथ धाम पहुंचे। केदारनाथ धाम में पूजा-दर्शन के पश्चात योगी आदित्य नाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देवभूमि आकर आनंद की अनुभूति हो रही है। उन्हें भगवान बदरीविशाल और भगवान केदारनाथ के दर्शन का सौभाग्य मिला।उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव है कि देश के चारों दिशाओं से श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक केदारनाथ और बदरीनाथ धाम पहुंच रहे हैं। दोनों धामों में परस्पर सहयोग से पुनर्निर्माण/ मास्टर प्लान कार्य प्रगति पर है। आज नयी आभा से नये भारत की नींव रखी जा रही है। आस्था के संकल्प के साथ लाखों श्रद्धालु धामों में आ रहे हैं। इसमें राष्ट्रीय एकता और एकात्मकता के दर्शन परिलक्षित हो रहे हैं। केदारनाथ और बदरीनाथ का आशीर्वाद सदा सबके लिए बना रहे।उन्होंने आपदा वर्ष 2013 का जिक्र करते हुए स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से नयी केदारपुरी का पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनकी टीम और बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति, पुरोहितों- तीर्थपुरोहितों के योगदान की सराहना की और सभी को धन्यवाद दिया।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान बदरीविशाल के दर्शन के बाद रविवार पूर्वाह्न केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। वहां हेलीपेड पर बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उनकी अगुवानी की और पुष्प गुच्छ भेंट किया।शनिवार 7 अक्टूबर अपराह्न को वह बदरीनाथ धाम पहुंचे थे। माणा बार्डर घसतोली में सैनिकों से मिले। शायंकाल को प्रस्तावित यूपी भवन की भूमि का निरीक्षण किया, उसके बाद भगवान बदरीविशाल की शयन आरती में शामिल हुए। इस दौरान बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद अंगवस्त्र भेंट किया। इस दौरान बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी से भी मौजूद रहे। रविवार सुबह उन्होंने भगवान बदरीविशाल के दर्शन किये और ब्रह्म कपाल में तर्पण किया।